*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 55

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

भोपाल में भाजपा कार्यकर्ता का हाथ काटने वाले के घर पर चला बुलडोजर, ऐक्शन मोड में सीएम मोहन यादव






## न्यूज रील्स

### छत्तीसगढ़ में आइइडी ब्लास्ट, बीएसएफ हेड कांस्टेबल शहीद

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में गुरुवार को नक्सलियों के किये आइइडी ब्लास्ट में बीएसएफ का एक जवान शहीद हो गया। दो दिन में जवानों पर इस तरह से ये दूसरा हमला है, जिसमें जवान की शहादत हुई है। एसपी दिव्यांग पटेल ने घटना की पुष्टि की है। मामला परतापुर थाना क्षेत्र का है। सुरक्षा टीम गश्त पर निकली थी।

### आगरा से मथुरा और दिल्ली के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में पर्यटन नगरी से धार्मिक नगरी मथुरा और राजधानी दिल्ली तक हेलिकॉप्टर सेवा 25 दिसंबर से शुरू हो सकती है। इससे पहले इनर रिंग रोड स्थित हेलिपैड सेवा प्रदाता को हैंडओवर होगा। मेसर्स राजस एयर स्पोर्ट एंड एडवेंचर को समय पर एनओसी मिल गयी तो पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हेलिकॉप्टर सेवा का उद्घाटन कर सकते हैं।

### उत्तर प्रदेश की महिला जज ने सीजेआइ से मांगी इच्छा मृत्यु

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में तैनात महिला जज ने इच्छा मृत्यु मांगी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) को पत्र लिखा है। इसमें कहा कि भरी अदालत में मेरा शारीरिक शोषण हुआ। मैं दूसरों को न्याय देती हूं, लेकिन खुद अन्याय का शिकार हुई। जब मैंने जज होते हुए इंसाफ की गुहार लगायी, तो 8 सेकेंड में सुनवाई करके पूरा मामला अनसुना कर दिया गया। मैं लोगों के साथ न्याय करूंगी, यह सोचकर सिविल सेवा जॉइन की थी। मगर मेरे साथ ही अन्याय हो रहा है। अब मेरे पास सुसाइड के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं बचा है। इसलिए मुझे इच्छा मृत्यु की इजाजत दी जाये।


सुरक्षा चूक मामला

# संसद में जम कर हंगामा 15 सदस्य सदन से सस्पेंड

- 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े हैं आरोपी, कोर्ट में किया पेश
- संसद की सुरक्षा बढ़ी, आठ सुरक्षा कर्मी बर्खास्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन गुरुवार की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने संसद सुरक्षा चूक के मामले में जमकर हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी की। दिन में कई बार सदन को स्थगित करना पड़ा। इसके बाद लोकसभा से विपक्षी पार्टियों के 14 और राज्यसभा से एक सांसद को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया। उधर, 13 दिसंबर को संसद में घुसपैठ करने वाले दो आरोपियों और उनके दो सहयोगियों को गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सुरक्षा में चूक के चलते संसद सचिवालय ने गुरुवार को आठ सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। गौरतलब है कि लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो शख्स नीचे सदन में कूद गये। सांसदों ने दोनों शख्स को घेर लिया। लोकसभा की सुरक्षा में लगे मार्शल भी तुरंत दौड़कर आये और दोनों को पकड़ लिया। इससे कुछ देर पहले दो लोग संसद के बाहर प्रदर्शन करते दिखे। इनमें से एक महिला भी थी।



### कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा

सदन की कार्यवाही गुरुवार को 11 बजे शुरू हुई। जैसे ही स्पीकर ओम बिड़ला लोकसभा पहुंचे तो विपक्षी सांसदों ने संसद की सुरक्षा को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। ओम बिड़ला ने सभी को शांति बनाये रखने को कहा। उन्होंने कहा कि बुधवार को हुई घटना से सभी चिंतित हैं। ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। इस पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते सबकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी है। विपक्ष का हंगामा जारी रहा। कांग्रेस के नौ, सीपीआइ (एम) और डीएमके के दो-दो और सीपीआइ के एक नेता को सस्पेंड किया गया है। वहीं, राज्यसभा से टीएमसी के एक सांसद को सस्पेंड किया गया।

### राजनाथ ने घटना की निंदा की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि सभी ने घटना की निंदा की है। स्पीकर ने मामले का संज्ञान ले लिया है। हमें सतर्क रहना होगा कि हम संसद में दाखिल होने के लिए किसे पास मुहैया करते इसका ध्यान रखना होगा। भविष्य में सारी सावधानी बरती जायेगी।

### राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे विपक्षी

संसद में हुई सुरक्षा चूक को लेकर आइएनडीआइए गठबंधन के नेता राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में बैठक हुई। विपक्षी दल राष्ट्रपति से मुलाकात का समय मांगेंगे। विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे पर दोनों सदनों में अमित शाह के बयान की मांग भी कर रही हैं।

### संसद की सुरक्षा बढ़ायी गयी

घटना के बाद संसद के अंदर और बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गयी। गुरुवार को संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर जांच की गयी। उधर, सुरक्षा में चूक के चलते संसद सचिवालय ने गुरुवार को आठ सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया।

### 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े हैं आरोपी

आरोपियों ने पहले ही संसद के बाहर की रेकी कर ली थी। सभी आरोपी एक सोशल मीडिया पेज 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े थे। लगभग डेढ़ साल पहले सभी आरोपी मैसूर में मिले थे। सभी 10 दिसंबर दिल्ली पहुंचे थे। सभी आरोपी इंडिया गेट के पास मिले थे। शुरुआती जांच के अनुसार घटना का मुख्य साजिशकर्ता कोई और है।

### यूएपीए के तहत केस दर्ज

दिल्ली पुलिस ने एंटी टेरर और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत केस दर्ज कर लिया। लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर, गृह मंत्रालय ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनायी गयी है। इसमें अन्य सुरक्षा एजेंसियों और एक्सपर्ट शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कुल छह आरोपी हैं। दो अंदर घुसे थे, जबकि दो बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। पूछताछ में दो लोगों का और नाम सामने आया। फिलहाल पांच गिरफ्त में है और एक फरार है। इन पांच किरदारों के अलावा एक और नाम सामने आया है। वो है ललित, जो हरियाणा का रहने वाला है। इसके बारे में इससे ज्यादा जानकारी अभी बाहर नहीं आयी है। वह फरार है।

### आतंकी पन्नू ने 10 लाख देने का एलान किया

संसद में घुसपैठ मामले के चारों आरोपियों को खालिस्तानी आतंकी समूह सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने लीगल एड देने की पेशकश की है। उसने इस मामले में संदेश जारी करते हुए कहा कि वह आरोपियों को 10 लाख की कानूनी सहायता देगा। हालांकि, पूरे प्रकरण में उसकी संलिप्तता है, इस पर पन्नू ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

# विधानसभा का आज से शीतकालीन सत्र

- संसद मामले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी गयी
- विपक्ष ने सरकार को घेरने तो सत्ता पक्ष सरकार के साथ देने की तैयारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा। इसे लेकर गुरुवार को विधानसभा स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, आजसू विधायक लंबोदर महतो, भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, निर्दलीय विधायक सरूय आदि शामिल हुए। वहीं, इस बैठक के बाद स्पीकर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें सत्र की तैयारियों और इसके सफल संचालन के साथ सत्र के दौरान होने वाली सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई।

नेता प्रतिपक्ष के कमरे में संभाला दायित्व : बैठक शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को नेता प्रतिपक्ष के चैंबर में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन, विधायक लंबोदर महतो और विनोद सिंह ले गये। गारतलब है कि अक्टूबर में अमर बाउरी को भाजपा की ओर से नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। इससे पहले भाजपा प्पदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को प्रतिपक्ष का नेता बनाया गया था, लेकिन उनपर दलबदल मामला चल रहा है, इसलिए उन्हें मान्यता नहीं मिली थी। इस तरह से वर्तमान सरकार में विधानसभा में पहली बार नेता प्रतिपक्ष का कमरा गुलजार हुआ है। अब सदन में वैधानिक तौर पर नेता प्रतिपक्ष के साथ पहली बार भाजपा विधायक नजर आयेंगे।



### विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं: आलमगीर

शीतकालीन सत्र को लेकर तैयारियां पूरी हो गयी हैं। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम के मुताबिक राज्य सरकार विपक्ष के हर सवाल का सामना करने को तैयार है। भाजपा के पास मुद्दा नहीं है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि विपक्ष सत्र के दौरान प्रदेश की जनताओं के वाजिब मुद्दों को लेकर सकारात्मक भूमिका निभाये। हालांकि मुख्य विपक्षी दल भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी शीत सत्र में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले सैकड़ों करोड़ों रुपये की बरामदगी के मामले को लेकर जोरदार आवाज उठाने और सरकार से जवाब मांगने के लिए कमर कस कर बैठी है।

### भाजपा के पास मुद्दों की कमी नहीं: बाउरी

नेता प्रतिपक्ष आमर कुमार बाउरी ने सत्र के दौरान भाजपा की तैयारियों को लेकर कहा कि भाजपा के पास सरकार को घेरने के लिए इस बार मुद्दों की कोई कमी नहीं है। युवाओं की बेरोजगारी से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं के टलने, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिये जाने का मुद्दा अहम है। उन्होंने कहा कि धीरज साहू प्रकरण को लेकर भी सरकार को घेरने का काम किया जायेगा।

**पक्ष-विपक्ष ने तैयार की रणनीति** : शीत सत्र को लेकर सत्ता पक्ष के विधायक सीएम हाउस में गुरुवार शाम को बैठक हुई। इसमें सदन में विपक्ष की रणनीतियों, सवाल-जवाब का सामना करने पर विचार किया गया। वहीं देर शाम भाजपा विधायकों की भी बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और पार्टी के सभी विधायक और वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इसमें सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय की गयी।

**सुरक्षा व्यवस्था में 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात** : विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। बुधवार को संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मद्देनजर विधानसभा की सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता तैयारी की गयी है। सत्र के दौरान पांच आइपीएस समेत एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा सुरक्षा में जैप, रैप, आइआरबी के जवान की तैनाती की गयी है। विधानसभा में आनेवाले दर्शकों की भी गहनता से जांच की जायेगी।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम: एसएसपी** : एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा है कि विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये है। सभी पुलिसकमीर्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

# केंद्र के साथ गठबंधन नहीं किया इसलिए इडी के निशाने पर: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने इडी को लिखे पत्र में लगाये गंभीर आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के छठे समन के जवाब में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो पत्र लिखा है, उसमें उन्होंने गंभीर आरोप लगाये हैं। हेमंत सोरेन ने कहा है कि पिछले कुछ समय से इडी उन्हें टारगेट कर रही है। समन भेज कर उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। राज्य की मौजूदा सरकार को अस्थिर कर रही है। क्योंकि उन्होंने केंद्र सरकार के साथ गठबंधन नहीं किया। बताते चलें कि इडी ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री को छठा समन भेजा था। मुख्यमंत्री के विशेष दूत सूरज कुमार



ने एक पत्र इडी कार्यालय को पहुंचाया। पत्र में मुख्यमंत्री ने इडी के समन को लेकर कई बातें कहीं हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उन्होंने अपने और अपने परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति की पूरी जानकारी पिछले साल ही दे दी थी। एक साल बीतने के बाद भी एजेंसी (इडी) ने संपत्ति के ब्योरे को लेकर किसी तरह का स्पष्टीकरण नहीं मांगा है। जिस मामले में उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है, उसमें उनकी क्या भूमिका है, इसकी जानकारी समन में स्पष्ट नहीं है। उनके पास जो भी संपत्ति है, उसकी जानकारी वह आयकर विभाग को देते हैं। इन सबके बाद भी उन्हें बार-बार समन किया जा रहा है, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। करीब एक साल से चल रही जांच में अब तक यह पता नहीं चला है कि मैंने (मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) ऐसी एक भी ऐसी संपत्ति अर्जित की है, जिसमें मनी लांड्रिंग के जरिये कमाये गये पैसों को लगाया हो। पत्र के अंत में उन्होंने साफ लिखा है कि उन्हें टारगेट किया जा रहा है।

धीरज साहू प्रकरण

### नौवें दिन भी आइटी टीम कर रही छापेमारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची के रेडियम रोड स्थित आवास पर नौवें दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। आइटी की टीम साहू के घर की जमीन खोदने की तैयारी कर रही है। इस पर अधिकारी विचार कर रहे हैं। गुरुवार को अधिकारियों ने परिसर का काफी बारीकी से जायजा लिया। इससे पहले बुधवार को लोहरदगा, रांची और ओड़िशा स्थित घर पर आइटी की टीम ने जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन के जरिये जमीन की तलाशी ली थी। गौरतलब है कि धीरज साहू के ओड़िशा, प. बंगाल और झारखंड के एक दर्जन ठिकानों पर 6 दिसंबर को आयकर विभाग ने छापेमारी शुरू की थी। उनके ठिकानों से 354 करोड़ रुपये नकद बरमाद हुआ था। इसके अलावा लॉकर से जेवर, सोना, हीरा और निवेश के दस्तावेज मिले थे। अधिकारी इन जगहों से मिले दस्तावेजों की जांच करने में जुटे हैं। उधर, इस मामले पर झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी। यह याचिका दानिएल दानिश ने दायर की है। उन्होंने मामले की जांच इडी और सीबीआइ से कराने की मांग की है। इसके साथ ही चुनाव में पैसों के इस्तेमाल के संदेह का जिक्र भी किया गया है। याचिका में कहा गया है कि यह एक बड़ा आर्थिक अपराध है। यह पैसा कहां से आया और इस पैसे में किसका-किसका हिस्सा है, यह जांच का विषय है। याचिका में कहा गया कि मामले की जांच सीबीआइ और इडी से करायी जानी चाहिए।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही इदगाह परिसर का सर्वे होगा

- हाइकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका स्वीकार की
- 13.37 एकड़ जमीन का सर्वे करेंगे कोर्ट कमिश्नर


आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा/प्रयागराज।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही इदगाह विवादित परिसर का सर्वे कराया जायेगा। गुरुवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने यह फैसला दिया है। हिंदू पक्ष की याचिका स्वीकार करते हुए कोर्ट ने सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष यानी वक्फ बोर्ड की उन दलीलों को



खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने याचिका को सुनने योग्य नहीं होने का दावा किया था। हाइकोर्ट के जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। 16 नवंबर को इस अर्जी पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस दिन विवादित परिसर की 18 याचिकाओं में से 17 पर सुनवाई हुई थी। ये सभी याचिकाएं मथुरा जिला अदालत से इलाहाबाद हाइकोर्ट में सुनवाई के लिए शिफ्ट हुईं थीं। शाही इदगाह मस्जिद और यूपी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के वकील ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज करायी थी। मुस्लिम पक्षकारों का कहना था कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, इसको खारिज किया जाये, जिसे कोर्ट ने नहीं माना।

हाइकोर्ट के फैसले के बाद अब श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह के 13.37 एकड़ विवादित जमीन का कोर्ट कमिश्नर सर्वे करेंगे। यह सर्वे वाराणसी की ज्ञानवापी में मई 2021 में हुए कमिश्नर सर्वे की तरह होगा। इसमें कोर्ट कमिश्नर की टीम वहां जाकर साक्ष्य एकत्रित करके कोर्ट को रिपोर्ट देगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,100 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# चिंता का विषय है संसद में घुसपैठ, इस पर उचित नहीं है सियासत

## ■ देश की सबसे बड़ी पंचायत में ऐसी घटना के खिलाफ सख्त कदम उठाना जरूरी

## ■ जरूरत है समस्या के समाधान की, आरोप-प्रत्यारोप से कुछ हासिल नहीं होगा

**13 दिसंबर का दिन भारत के इतिहास में एक बार फिर सुरक्षा में बड़ी चूक की वजह से दर्ज हो गया। संसद पर हुए हमले के ठीक 22 साल के बाद एक बार फिर संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई और नयी संसद की इमारत में लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो शख्स सदन में कूद पड़े। सिर्फ इतना ही नहीं, इन लोगों ने 'स्मोक बम' छोड़ा और नारेबाजी भी की। आजाद भारत में अपनी तरह की इस पहली घटना ने पूरे देश में चिंता की लहर पैदा कर दी है। देश की सबसे बड़ी पंचायत में घुसपैठ की हिमाकत करनेवाले सभी लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है और भविष्य में इस घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तमाम प्रशासनिक उपाय किये जा रहे हैं, लेकिन इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देना कहीं से भी उचित नहीं है। इस घटना के बाद जिस तरह संसद के दोनों सदनों में हंगामा हुआ है और इसके कारण 15 सांसदों को बाकी सत्र के लिए निलंबित किया गया है, उससे यह मामला हल होने की बजाय उलझ गया है। संसद की दर्शक दीर्घा से सदन के भीतर कूदने की यह घटना राजनीतिक नहीं, प्रशासनिक है और इसका समाधान भी प्रशासनिक तरीके से ही करना होगा। सरकार ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिये हैं और लोकसभा सचिवालय के आठ कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा संसद में आम लोगों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगा दी गयी है और दूसरे सुरक्षा उपाय भी किये जा रहे हैं, लेकिन विपक्ष की तरफ से इसे सरकार की नाकामी बता कर राजनीति की जा रही है। यह दुखद है और इससे समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। क्या है संसद की सुरक्षा में चूक का पूरा मामला और कौन हैं घुसपैठिये, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

आजाद भारत के संसदीय इतिहास में 13 दिसंबर को एक दुर्भाग्यपूर्ण तारीख के रूप में दर्ज किया जायेगा, क्योंकि 22 साल पहले 2001 में इसी दिन संसद भवन पर आतंकी हमला हुआ था और फिर 2023 में इसी तारीख को लोकसभा में दर्शक दीर्घा से दो लोग कूद गये और सांसदों की सीटों के बीच उतर कर पीले रंग का धुआं छोड़ा, नारेबाजी भी की। यह घटनाक्रम 13 दिसंबर की दोपहर करीब एक बजे शुरू हुआ। इस वक्त लोकसभा में शून्यकाल चल रहा था। घटना में शामिल दोनों आरोपियों, सागर शर्मा और डी मनोरंजन विजिटर पास लेकर दर्शक दीर्घा पहुंचे थे। सांसदों के बैठने की कतार के बीच रंगीन धुआं छोड़कर उन्होंने लोकसभा स्पीकर की कुर्सी की ओर भागने की कोशिश की, लेकिन सांसदों और सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया। घटना से जुड़े फुटेज में कुछ सांसद मिलकर आरोपी की पिटाई करते भी नजर आये।

### सुरक्षा में घुसपैठ करने वाले कौन हैं

एक ओर जहां लोकसभा के भीतर यह घटना हो रही थी, वहीं संसद भवन के बाहर भी दो लोगों ने लाल और पीले रंग के कनस्तर फोड़े। इनमें एक का नाम नीलम आजाद है। वह हरियाणा के हिसार की रहने वाली है। नीलम के साथ जिस दूसरे आरोपी को संसद भवन परिसर के नजदीक गिरफ्तार किया गया, उसका नाम अमोल शिंदे है और वह महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है।

सागर शर्मा और डी मनोरंजन को भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के कार्यालय से जारी पास पर संसद में प्रवेश मिला था। प्रताप सिम्हा कर्नाटक के मैसूर से भाजपा के सांसद हैं। आरोपी मनोरंजन भी मैसूर का रहने वाला है और दूसरा आरोपी सागर शर्मा लखनऊ का रहने वाला है। पूरे घटनाक्रम में पुलिस ने अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है। संसद के अंदर और बाहर प्रदर्शन करने वाले सागर, मनोरंजन, नीलम और अमोल शिंदे दिल्ली जाने से पहले गुरुग्राम में रुके थे। इनके साथ ललित झा नाम का एक शख्स भी था। ये सभी गुरुग्राम के सेक्टर 7 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले विक्की शर्मा के घर पर रुके थे। विक्की शर्मा मूल रूप से हरियाणा के हिसार का रहने वाला है। विक्की और उसकी पत्नी, दोनों को हिरासत में लिया गया है। अभी तक ललित की यह भूमिका सामने आयी है कि उसने संसद के बाहर प्रदर्शन करते वक्त नीलम और अमोल का वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। हालांकि वह घटनास्थल से फरार होने में कामयाब हो गया। ललित ने बंगाल में एनजीओ चलाने वाले एक व्यक्ति को भी वीडियो भेजा था।



### क्या है हंगामे की वजह

अभी तक की जांच में यह सामने आया है कि पकड़े गये सभी लोग ऑनलाइन एक-दूसरे के संपर्क में आये। सभी आरोपी सोशल मीडिया के एक पेज 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े थे। गिरफ्तार आरोपियों ने कहा कि वे किसी संगठन से नहीं हैं और केवल बेरोजगारी, महंगाई और मणिपुर में हिंसा जैसे मुद्दों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने संसद आये थे। आरोपियों का दावा है कि वे सुनिश्चित करना चाहते थे कि इन मुद्दों पर संसद में चर्चा हो, हालांकि पुलिस ने कहा कि मुख्य साजिशकर्ता कोई और था।

### कौन हैं इस घटना के आरोपी

सभी आरोपियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि अलग है। वे समाज के विभिन्न वर्गों और देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं। उनकी उम्र 20 से लेकर 42 के बीच है। रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नीलम और अमोल नौकरी की तलाश में थे और उन्हें नौकरी नहीं मिल रही थी। वहीं लोकसभा में दर्शक दीर्घा से छलांग लगाने वाला 27 साल का सागर इ-रिक्शा चलाता है। वह घर में बताकर निकला था कि दिल्ली में एक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने जा रहा है। 34 साल के मनोरंजन के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री है। उसी ने लोकसभा में दाखिल होने के लिए पास का इंतजाम किया था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी पकड़ी या नहीं। नीलम के बारे में बताया जा रहा है कि वह एम फिल कर चुकी है और राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा भी पास कर चुकी है। यह परीक्षा शिक्षक की नौकरी के लिए जरूरी होती है। साथ ही वह हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा की भी तैयारी कर रही थी। नीलम के भाई ने बताया कि उसकी बहन अब निरस्त कर दिये गये कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन और महिला पहलवानों के विरोध का भी हिस्सा थी।

### संसद में विपक्ष ने किया जोरदार हंगामा

इस घटनाक्रम को लेकर विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया है। उसका कहना है कि सदन में दाखिल होने के लिए पांच स्तर की सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ता है और दर्शक दीर्घा तक जाने के लिए सांसद के कार्यालय से हस्ताक्षर जरूरी है। उसने आरोपियों को पास देने वाले सांसद से पूछताछ करने की मांग की है। विपक्ष के कई सांसदों ने इस घटना को बेरोजगारी से जोड़ा है। उन्होंने कहा है कि देश के नौजवानों की हालत खराब है। संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करनेवालों के पास कोई काम नहीं था। ये बेरोजगार लोग हैं। इनका जीवन हताशा में गुजर रहा है। यूएपीए लगाने की बात बिल्कुल ही बकवास है। ये कोई देशद्रोही लोग नहीं हैं। यह एक तरह का विरोध है। ये कोई देश विरोधी नहीं हैं और ऐसा नहीं है कि इन लोगों ने देश को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसा काम किया है। संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों ने हंगामा किया। सदन का अनुशासन तोड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को बाकी सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद लोकसभा में भी 14 सांसदों को हंगामा करने की वजह से निलंबित किया गया है। लोकसभा में विपक्षी सांसदों के हंगामे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में कहा, संसद में कल जो घटना घटी है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी ने उसकी निंदा की है। भविष्य में सारे सांसदों को सावधानी बरतने की जरूर है। जिनको भी हम पास देते हैं, वे ऐसे लोग हों, जो ऐसी अराजक स्थिति पैदा न कर दें।

### प्रशासनिक उपाय भी किये गये

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी और जरूरी सुधार भी किये जायेंगे। लोकसभा सचिवालय ने सुरक्षा में चूक के लिए आठ कर्मियों को निलंबित कर दिया है। संसद के भीतर और बाहर हुए हंगामे की जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंपी गयी है। दिल्ली पुलिस की एंटी टेरर यूनिट अब इस मामले की जांच करेगी। पुलिस की कई टीमें दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर रही है। संसद परिसर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गयी है। दर्शकों का प्रवेश अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### उचित नहीं है राजनीति

इस घटना को लेकर जिस तरह से राजनीति की जा रही है, वह उचित नहीं है। संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए, राजनीति का नहीं। यह कहीं से भी सरकार या किसी दल विशेष की नाकामी या बदनीयती का नतीजा नहीं है। इस मुद्दे पर जितनी राजनीति होगी, मामला उतना ही उलझेगा। इसलिए बेहतर होगा कि इस प्रशासनिक मामले को प्रशासनिक तरीके से ही सुलझने दिया जाये, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

---

## राजनीतिक हलचल

# शिवराज सिंह चौहान ने बदला अपना बायो

**भोपाल।** शिवराज सिंह चौहान अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं रहे। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद मोहन यादव को नया सीएम बनाया है। 11 दिसंबर को 'मामा' का साढ़े सोलह साल का 'राज' खत्म हो गया। जब नये सीएम के नाम का एलान हुआ, तो कई भावुक तस्वीरें भी सामने आयीं। एक वीडियो में दो महिलाएं शिवराज को गले लगा कर रो रही थीं। वो बार-बार कह रही थीं कि 'भैया हम लोगों ने आपको वोट दिया था।' लेकिन शिवराज सिंह चौहान ने खुद को भाजपा का कार्यकर्ता बताया और 'मिशन-29' में जुट गये हैं। ऐसे में अब शिवराज ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपना बायो बदल दिया है। 'मामा' के नये बायो के कई मायने निकाले जा रहे हैं।




### शिवराज ने बदला बायो

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मध्य प्रदेश में भाजपा की शानदार जीत के पीछे शिवराज की योजनाओं की अहम भूमिका है। खास तौर पर 'लाडली बहना योजना' से भाजपा महिला वोटरों को साधने में कामयाब रही। एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को 'मामा' कह कर बुलाया जाता है। चुनाव से कुछ दिनों पहले शिवराज ने एक बार मंच से कहा था कि 'मैं जब चला जाऊंगा, तब बहुत याद आऊंगा...' ऐसे में शिवराज अब केवल बुधनी सीट से विधायक हैं। सीएम की कुर्सी जाने के बाद शिवराज ने अपने 'एक्स' बाये में 'मामा और भाई... मध्य प्रदेश का पूर्व मुख्यमंत्री' लिखा है।

### मिशन-29 का आगाज

**विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से ही शिवराज ऐक्शन मोड में हैं। सीएम पद को लेकर भी जब उनसे सवाल पूछा जा रहा था, तब वो इसमें कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे। बीते दिनों छिंदवाड़ा में शिवराज ने 'मिशन-29' का आगाज किया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटों पर भाजपा की जीत होने वाली है।**

### 'मामा' के बायो के मायने

शिवराज सिंह चौहान ने अपने बायो में पूर्व मुख्यमंत्री लिखने से पहले खुद को मामा और भाई बताया है। ऐसा माना जा रहा है कि इससे वो एक बड़ा मैसेज देना चाहते हैं। शिवराज यह बताना चाहते हैं कि उनके लिए मुख्यमंत्री पद से ज्यादा महत्वपूर्ण मामा और भाई होना है। यह भी माना जा रहा है कि वो खुद को पूर्व मुख्यमंत्री कहे जाने से पहले मामा कहना ज्यादा पसंद करेंगे।

# सीएम नीतीश नहीं जायेंगे उत्तरप्रदेश, मोदी के संसदीय क्षेत्र में 24 को होने वाली रैली टली

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब उत्तरप्रदेश नहीं जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 24 दिसंबर को होने जा रही रैली को रद्द कर दिया गया है। जदयू ने इसकी वजह भी बतायी है।

जानकारी के अनुसार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 29 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होनी है। इसके अलावा प्रदेश में कुछ कार्यक्रम होने की वजह से मुख्यमंत्री व्यस्त रहेंगे। ऐसे में उनकी वाराणसी रैली को फिलहाल के लिए टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब सीएम नीतीश कुमार जनवरी में यह रैली करेंगे।



### बैठक में बनेगी रणनीति

बता दें कि जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में 29 दिसंबर को होनी है। इसमें लोकसभा चुनावों को लेकर विपक्षी दलों के महागठबंधन आइएनडीआइए के साथ रहते हुए जदयू की आगे की रणनीति पर मंथन होना है। इसे लेकर भी सियासी हलचल अभी से तेज हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह का कहना है कि यह बैठक काफी अहम है। इसे लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की व्यस्तता अधिक रहने वाली है। इसी वजह से वाराणसी रैली को फिलहाल के लिए टाला गया है।

### सियासी अटकलें तेज

बता दें कि नीतीश कुमार की इस रैली को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता पहले से ही हमलावर मोड में थे। अब इस रैली को टाले जाने से कई तरह की सियासी अटकलें तेज हो गयी हैं। बता दें कि सीएम नीतीश के दो जगह से चुनाव लड़ने का मुद्दा पहले भी प्रदेश की राजनीति को गर्म कर चुका है। ऐसे में वाराणसी रैली को इसी से जोड़कर देखा जा रहा था।

# गद्दाम प्रसाद चुने गये विधानसभा स्पीकर भाजपा विधायकों को दिलायी शपथ

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक गद्दाम प्रसाद कुमार तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर चुने गये हैं। गद्दाम प्रसाद कुमार का चुनाव निर्विरोध हुआ। गुरुवार को प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने गद्दाम प्रसाद कुमार के नाम का एलान किया। ओवैसी ने कहा कि गद्दाम प्रसाद कुमार निर्विरोध सदन के स्पीकर चुने गये हैं। प्रोटेम स्पीकर के एलान के बाद सीएम रेवंत रेड्डी, डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्का और बीआरएस विधायक केटी रामाराव गद्दम प्रसाद कुमार को स्पीकर के आसन तक लेकर गये।



**भाजपा को छोड़ कर सभी पार्टियों ने किया समर्थन :** विधानसभा के सभी सदस्यों ने आसन पर जाकर गद्दाम प्रसाद कुमार को स्पीकर बनने की बधाई दी। इसके बाद सीएम रेवंत रेड्डी ने गद्दम प्रसाद की उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए सभी पार्टियों को धन्यवाद दिया। इस दौरान भाजपा को छोड़ कर अन्य सभी पार्टियों बीआरएस, एआइएमआइएम और सीपीआइ ने गद्दम प्रसाद को अपना समर्थन दिया। बता दें कि अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाये जाने के विरोध में भाजपा सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 22.6 °c | 09.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |



# एकजुटता तोड़ने के प्रयास में लगे हैं विपक्षी दलः हेमंत

## कार्यकर्ताओं के साथ सीएम ने किया संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार द्वारा 26 दिसंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके तहत पंचायत स्तर तक शिविर लगा कर लोगों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले वैसे लोग जो प्रखंड कार्यालय या जिला कार्यालय के विषय में ठीक से जानते तक नहीं हैं, उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचायें। संवाद कार्यक्रम में खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, रांची, सिमडेगा और लोहरदगा से कार्यकर्ता आये थे।

**कार्यकर्ता जिम्मेदारी का निर्वहन तत्परता साथ करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ होते हैं। 2024 में अगर हम बीच के दो-चार महीने छोड़ दें, तो पूर्ण रूप से आचार संहिता वाला वर्ष होगा। चुनावी वर्ष में राज्य विरोधी लोग हमारी अखंडता और एकजुटता को तोड़ने का प्रयास करेंगे। ऐसे राज्य विरोधी लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। यहां के सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को विपक्षी दलों द्वारा झामुमो के प्रति भड़काया जा रहा है। राज्य में जब से झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब से विरोधी पार्टी के लोग सरकार को गिराने में लगे हुए हैं।

### हक-अधिकार की लड़ाई आगे भी लड़ेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता संकल्प के साथ वापस गांव जायें कि योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचायेंगे। हम संविधान की मर्यादा में रहते हुए आगे बढ़ेंगे। झारखंड ऐसा राज्य है, जो अपने पैरों में खड़ा होने की ताकत रखता है।

### इनकी रही मौजूदगी

केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, महुआ माजी, विधायक भूषण तिर्की उपस्थित थे।

# भाजपा परिवार की नहीं, पारिवारिक सोच की पार्टीः महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी

## तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने के लिए जनता संकल्पितः बाबूलाल

सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस लें : बाउरी

समरेश सिंह की पुत्रवधु ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें पूर्व मंत्री स्व समरेश सिंह की पुत्रवधु डॉ परिंदा सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा एक परिवार की पार्टी नहीं, बल्कि पारिवारिक सोच की पार्टी है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जो लौट के आने वाले को वही सम्मान देती है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत बन रहा, जिसे रोकने के लिए दुनिया की ताकतें लगी हैं। मोदी के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की भविष्यवाणी साकार हो रही है।




प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए देश की जनता तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। भाजपा 2024 में झारखंड की 14 लोकसभा सीट और विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगी। मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि स्व समरेश सिंह के प्रति पूरा झारखंड कृतज्ञ है। अलग झारखंड राज्य के निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि परिंदा सिंह के अनुभव और क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा।

### इनकी रही मौजूदगी

प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, निक्की राय, शिवपूजन पाठक, प्रवीण सिंह, हेमंत दास, योगेंद्र प्रताप सिंह, जयदेव राय, अंबिका खवास, पंचानन महतो, पंकज शेखर, राजीव चौबे समेत अन्य उपस्थित थे।

# सऊदी अरब में फंसे 45 मजदूरों की नहीं हुई वापसी, लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** सऊदी अरब में झारखंड के गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग के 45 मजदूर फंसे हुए हैं। एक सप्ताह पहले मजदूर सोशल मीडिया के माध्यम से वतन वापसी की गुहार सरकार से लगायी थी, लेकिन एक सप्ताह गुजर जाने के बाद दिन भी मजदूरों की वतन वापसी नहीं हुई। एक बार फिर मजदूरों ने वीडियो बनाकर राज्य और केंद्र सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है। उन्होंने कहा है कि वे वहां एंबेसी में जाकर मिले, लेकिन वहां से कोई राहत नहीं मिली। अब उनके पास खाने-पीने की भी दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा है कि पिछले



11 मई 2023 को मोबाइल टावर खड़ी करनेवाली कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी पल्स नामक कंपनी में काम करने के लिए वे सभी सऊदी अरब गये थे। भारत से सऊदी अरब ले जाते समय उनके साथ एग्रीमेंट किया गया था कि लाइनमैन को 1500 रियाल, ओवरटाइम का 700 रियाल मिलेंगे। लेकिन सात महीने काम करने के बाद सिर्फ दो महीने का वेतन दिया गया। उन्हें बकाया भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है। जब वे बकाये मजदूरी की मांग करते हैं, तो उन्हें धमकी दी जाती है। जबरन काम कराया जाता है। इसके कारण मजदूर दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इधर मजदूरों के परिजन परेशान हैं। प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले समाजसेवी मजदूरों की आवाज उठाने वाले सिकंदर अली का कहना है कि सरकार कंपनी पर दबाव बनाकर मजदूरों को बकाया मजदूरी और वतन वापसी का टिकट दिलाये। मजदूर के परिजन यहां चिंतित हैं।

# मुख्यमंत्री के काफिले के सामने आया बाइक सवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के काफिला के सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया। यह घटना गुरुवार की दोपहर डोरंडा थाना क्षेत्र के हरमू बाइपास रोड स्थित डीपीएस चौक के पास हुई। जहां विधानसभा से सीएम अपने कांके रोड स्थित आवास जा रहे थे। इसी दौरान सेल टाउनशिप से निकले सीएम के काफिले के सामने अचानक से बाइक सवार आ गया और वह सीएम के काफिले के पायलट वाहन से टकरा गया। इसके बाद वह गिर गया। युवक को मामूली चोट भी आयी। सीएम के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा।

कुछ दिन पहले ही शहर के अति व्यस्ततम सड़क किशोरगंज चौक से ठीक पहले मुख्यमंत्री के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा। दरअसल बीते नौ दिसंबर को सीएम हेमंत सोरेन देवघर से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लैंड करने के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही उनका काफिला हरमू मुक्तिधाम से आगे बढ़ा, तो सड़क जाम था। ट्रैफिक बाधित रहने के कारण सीएम के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा था। वहीं सीएम की सुरक्षा में तैनात अधिकारी दौड़ पड़े। इसके बाद किशोरगंज ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक के जवान भी हरकत में आये। इसके बाद जाम हटवाया गया और काफिले को गंतव्य के लिए रवाना किया गया था।

# सुरंग में फंसे मजदूरों के नाम पर गंदी राजनीति कर रहे हैं सीएम : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के एक सुरंग से बाहर निकाले गये झारखंड के श्रमिकों के नाम पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपनी बात भी रखी है। इसमें उन्होंने कहा है कि याद करिये, वो दिन, जब हेमंत सोरेन ने सुरंग में फंसे मजदूरों के नाम पर गंदी राजनीति कर सुर्खियां बटोरने का कुत्सित प्रयास किया था।



हेमंत सोरेन ने मजदूरों की सहायता के लिए मीडिया में बड़े-बड़े दावे किए थे। मजदूरों के गांव जाने तक की घोषणा कर दी थी। बाबूलाल के मुताबिक आज बेचारे मजदूर रोजगार की उम्मीद लगाये बैठे हैं। लेकिन हेमंत सरकार के पास उनकी सुध लेने तक का समय नहीं है। मीडिया में चर्चित होने के प्रयास में हेमंत की दुर्गति भले हो जाये, लेकिन वह जनता को झांसा देना नहीं छोड़ेंगे।

# चाइबासा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चाइबासा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड हार्डकोर भाकपा माओवादी नक्सली संजय गोंझू उर्फ संजय की मौत हो गयी। संजय की रिम्स में इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गयी। वहां मूल रूप से लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बेसरा गांव का रहने वाला था। रांची जेल में बंद रहने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गयी थी। इसके बाद उसे बीते छह दिसंबर को रिम्स में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गयी।

**नौ साल पहले मुठभेड़ के दौरान हुआ था गिरफ्तार :** चाइबासा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड हार्डकोर माओवादी संजय गोंझू को पुलिस ने बीते 11 दिसंबर 2014 को सिमडेगा के देवसार जंगल में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उसके दोनों पैरों में गोलियां लगी थीं। संजय गोंझू पर राज्य सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। वहीं विशेष शाखा ने इस पर 25 लाख रुपये का इनाम रखने का प्रस्ताव राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजा था।

### संजय को बम बनाने में हासिल थी महारत

संजय गोंझू को बम बनाने में इतनी महारत हासिल थी कि इसे संगठन में संजय टेक्निकल के नाम से जाना जाता था। वह माओवादियों के खराब हथियारों की मरम्मत भी करता था। इसमें कई लोगों को उसने ट्रेंड भी किया था। वर्तमान में पुलिस को चमन और मोछू की भी तलाश है, जिसे संजय गोंझू ने टेक्निकल एक्सपर्ट बनाया है।

# अवर निरीक्षक उत्पाद संदीप नाग खूंटी में प्रतिनियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। सहायक आयुक्त उत्पाद ऑफिस धनबाद में पदस्थापित अवर निरीक्षक उत्पाद संदीप नाग को अधीक्षक उत्पाद ऑफिस खूंटी में प्रतिनियुक्त किया गया। जारी आदेश में कहा गया है कि नाग राजस्व संवर्द्धन, छापेमारी कार्य और अन्य प्रशासनिक कार्यों में अधीक्षक उत्पाद खूंटी को सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

# 16 को खाटू नरेश का तिलक शृंगार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को खाटू नरेश का भव्य केसर चंदन तिलक का शृंगार किया जायेगा। साथ ही 91वां श्री श्याम भंडारा शाम पांच बजे से होगा। मंदिर के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने गुरुवार को बताया कि खाटू नरेश की पूजा के बाद भोग लगाया जायेगा।

# गोल चैलेंजर की प्रवेश परीक्षा 20 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोल चैलेंजर की प्रवेश परीक्षा 20 दिसंबर को होगी। गोल इंस्टीट्यूट बिहार-झारखंड में मेडिकल की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था है। इंस्टीट्यूट द्वारा नीट-एम्स परीक्षाओं की तैयारी कराया जाता है। इसके लिए प्रत्येक वर्ष प्रवेश परीक्षा के आधार पर चैलेंजर ग्रुप तैयार किया जाता है। पिछले वर्षों के रिजल्ट में झारखंड के ज्यादातर टॉपर्स इसी ग्रुप के छात्र रहे हैं। इस वर्ष यह परीक्षा 20 दिसंबर को होगी। बिहार-झारखंड के मेधावी छात्रों के लिए यह बहुप्रतिक्षित परीक्षा है। छात्र इसकी तैयारी में छात्र पूरे साल लगे रहते हैं।



**सफल छात्रों को दी जाती है छात्रवृत्ति :** चैलेंजर ग्रुप की जानकारी देते हुए संस्थान के फाउंडर-मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह ने बताया कि इस ग्रुप को बनाने के पीछे एक मकसद है। इसके तहत मेधावी छात्रों को ऐसा माहौल और प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है, जहां छात्रों की प्रतिभा में अधिक से अधिक निखार आ सके। बताया कि छात्रों को संस्थान में उच्च श्रेणी की लाइब्रेरी, समय-समय पर स्ट्रेट्जीकल मीटिंग, पर्सनल काउंसलिंग, टॉपर्स बनने के टिप्स आदि उपलब्ध कराये जाते हैं। बताया कि टॉपर्स बनने वाले छात्रों के साथ का लाभ दूसरे छात्र लेते हैं। कहा कि चयनित छात्रों को गोल एजुकेशन विलेज में रहकर पढ़ने का मौका मिलेगा। सफल छात्रों को कायाकल्प वेल्फेयर सोसाइटी, सारथी और चैलेंजर फाइटर द्वारा छात्रवृत्ति दी जायेगी। परीक्षा में गोल के छात्रों के अलावा 12वीं और 12वीं पास बाहर के छात्र भी बैठ सकते हैं।

### छात्र इस तरह कर सकते हैं आवेदन

परीक्षा का फार्म गोल के पटना स्थित बुद्धा कॉलोनी, कंकडबाग या गोला रोड तथा रांची के लालपुर, हिनू, धनबाद और छत्तीसगढ़ में भिलाई और रायपुर शाखा से लेकर भरा जा सकता है। गोल के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा एनटीए के नीट सिलेबस पर आधारित होगी। अंकों के आधार पर छात्रों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। साक्षात्कार के बाद अंतिम रूप से चयन होगा। वहीं, गोल के आरडी हेड आनंद वत्स ने बताया कि छात्र 18 दिसंबर तक परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। बताया कि पिछले वर्ष 95 प्रतिशत छात्र इस ग्रुप से सफल हुए। बिहार एवं झारखंड के अधिकतर टॉपर्स इसी संस्थान के थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** – स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा, उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** – वृष-नया परिचय क्षेत्र मिलेगा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** – मिथुन-स्वजन-कुटुम्बीजन से मनमाफिक व्यवहार मिल सकता है, सुख-सौहार्द्र की वृद्धि।

**कर्क** – अज्ञात भय का निवारण, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** – सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** – पारिवारिक उत्तर दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा, जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

**तुला** – कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता,नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आपके धैर्य, गम्भीरता एवं सहनशीलता की परीक्षा कदम-कदम पर होगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** – सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** – नौकरी व व्यापार में परिश्रम से ही सफलता मिलेगी, छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा।

**कुंभ** – रोजी-रोजगार की स्थितियों में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** – कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सम - सामयिक प्रयास सफल होंगे।

# भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी दो करोड़ के पार

## यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों के शामिल होने से मात्र 7 दिन में संख्या दोगुनी हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति असाधारण जन समर्थन देखने को मिल रहा है। एक महीने से भी कम समय में दो करोड़ से अधिक प्रतिभागियों के साथ अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। सहभागिता में यह अभूतपूर्व वृद्धि इस यात्रा के गहन प्रभाव और विकास की सामूहिक खोज में लाखों लोगों को एकजुट करने की इसकी अविश्वसनीय क्षमता को उजागर करती है। यात्रा की बढ़ती ऊर्जा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां 22 दिनों में एक करोड़ का आंकड़ा छू गया था।

यात्रा लगभग 60 हजार ग्राम पंचायतों तक पहुंची है। छोटे से समय में ही यात्रा ने 1.6 करोड़ से अधिक नागरिकों के साथ 2047 तक एक विकसित भारत के लिए प्रयास करने का संकल्प लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। यात्रा की मेरी कहानी, मेरी जुबानी पहल के हिस्से के रूप में, 1.30 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा की, जिसमें देश भर में नागरिकों के विविध अनुभवों और आकांक्षाओं को प्रदर्शित करने वाली कथाएं शामिल हैं।



**यूपी 80 लाख प्रतिभागियों के साथ अग्रणी :** यात्रा सुदूर इलाकों तक भी पहुंच कर सरकारी सेवाएं और सहायता प्रदान करने के लिए सीधे माध्यम के रूप में काम कर रही है। भागीदारी के मामले में लगभग 80 लाख प्रतिभागियों के साथ उत्तरप्रदेश अग्रणी है। इसके बाद 29 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ महाराष्ट्र और 23 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ गुजरात है।

### योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल

विकसित भारत संकल्प यात्रा एक ऐसा राष्ट्रव्यापी प्रयास है, जिसका उद्देश्य सरकार की प्रमुख पहलों की शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल करना है। 34,000 से अधिक ग्राम पंचायतों ने भूमि रिकॉर्ड का पूर्ण डिजिटलीकरण हासिल कर लिया है और स्वच्छ भारत पहल के समर्थन में 9,000 से अधिक ग्राम पंचायतें ओडीएफ प्लस मॉडल के शत-प्रतिशत अनुपालन के मानदंडों को पूरा करती है।

## सांसद ने जल जीवन मिशन की गड़बड़ियों को लोकसभा में उठाया

# दोषियों पर कार्रवाई होः संजय सेठ

राशि के अनुपात में परिणाम नहीं मिले : केंद्रीय मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में झारखंड में जल जीवन मिशन को लेकर हो रही गड़बड़ियों पर की तरफ केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करने, दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। सांसद श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह प्रयास है कि देश के हर घर को, हर परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध जल मिल सके। इसके लिए सरकार अपने स्तर पर बहुत व्यापक काम कर रही है। झारखंड को भी मोदी सरकार ने लगभग 10000 करोड रुपये की राशि उपलब्ध करायी, परंतु दुर्भाग्य है कि झारखंड सरकार इस मिशन के क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखा रही है। सांसद ने सदन में यह आरोप लगाया कि राज्य की सरकार जानबूझकर इस योजना को फ्लॉप करने पर तुली हुई है। कहीं ठेकेदार 100-200 फीट बोरिंग कर रहे हैं। कहीं पुरानी बोरिंग में ही जल जीवन मिशन चालू कर दे रहे हैं। ऐसी कई तरह की शिकायतें आने लगी हैं। सांसद ने इस मामले में सरकार को यह सुझाव दिया कि इसकी समीक्षा के लिए कमेटी बनायी जाये, ताकि योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से हो सके। साथ ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग भी सांसद ने सरकार से की। श्री सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रिकॉर्ड समय में भारत के 72 प्रतिशत घरों तक नल के माध्यम से जल पहुंच गया है। कई राज्यों ने तो 100 प्रतिशत का आंकड़ा पूर्ण कर लिया गया, परंतु कुछ राज्य हैं, जहां योजना का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सदन में यह स्वीकार किया कि झारखंड को जितनी बड़ी मात्रा में राशि दी गयी, उस अनुपात में परिणाम नहीं मिल रहे हैं। कहा कि शिकायत मिलने पर दोषियों पर कार्रवाई करते हैं, हालांकि झारखंड सरकार के साथ हमारा समन्वय जारी है, ताकि इस मिशन को यहां बेहतर तरीके से पूरा किया जा सके।



सांसद श्री सेठ ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र से ही बहुत शिकायतें आती रहती हैं। राज्य सरकार ने इस पर संज्ञान नहीं लिया, तो भारत सरकार के स्तर से वह इस योजना को सफल नहीं बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करवायेंगे।


# इलाज करने में लापरवाही, महावीर मेडिका को नोटिस

रांची (आजाद सिपाही)। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार साहू ने 14 वर्षीय पुत्र के इलाज में चिकित्सीय लापरवाही का आरोप महावीर मेडिका हॉस्पिटल रांची पर लगाया है। अरविंद गुप्ता के द्वारा जारी नोटिस के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि उनके पुत्र को अस्पताल और डॉक्टर की लापरवाही, गलत दवा देने के कारण तीन-तीन सर्जरी से गुजरना पड़ा, जिसके कारण मरीज को अत्यधिक शारीरिक पीड़ा और परिवार को मानसिक-आर्थिक क्षति हुई है।

## सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिरसा सांस्कृतिक भवन में गुरुवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा द्वारा कोडरमा, डोमचांच और मरकच्चो प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों और बीएलओ को पीएसई (फोटो सिमिलर इंट्रीज), डीएसई (डेमोग्राफिकल सिमिलर इंट्रीज) से संबंधित एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया कि आयोग के सभी निर्देशों का अनुपालन करते हुए विहित प्रक्रिया के तहत पीएसई, डीएसई शीघ्र हटाने की कार्रवाई की जाय। साथ ही मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 में अबतक प्राप्त दावा और आपत्ति लक्ष्य के अनुरूप नहीं है और बचे हुए शेष दिनों में पूर्ण करा लिया जाये। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, सभी बीएलओ और आदि उपस्थित थे।

## जयनगर में मोतियाबिंद शिविर का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम कोडरमा ताप विद्युत केंद्र निगम सामाजिक दायित्व द्वारा आयोजित नि:शुल्क प्रशिक्षण सह मोतियाबिंद शिविर का आयोजन 16 दिसंबर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय डुमरडीहा में किया जायेगा। डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि शिविर के दिन सभी नामांकित रोगी सुबह 8 से 12 दिन के बीच उपस्थित होकर अपना-अपना टिकट संग्रह कर चिकित्सक से परीक्षण करायें। दोपहर 12 के पश्चात किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया जायेगा। वैसे मरीज जो मोतियाबिंद से ग्रसित पाये जायेंगे, उन्हें उसी दिन लोकनायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल बहेरा (चौपारण) गाड़ी से ले जाया जायेगा और ऑपरेशन के उपरांत पुनः शिविर में पहुंचा दिया जायेगा। वहां से घर वाले रोगी को घर ले जायेंगे। प्रत्येक रोगी को एक गिलास और चादर सहित जरूरी कपड़ों को साथ लाना होगा। साथ ही आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ में लायें। उन्होंने कहा कि रोगी के साथ किसी भी रिश्तेदार को अस्पताल की गाड़ी से जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## पकड़ी जा रही गाड़ियों से बन रही जाम की स्थिति: बसंत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने लगातार पकड़ी जा रही गाड़ियों से अनुमंडल दंडाधिकारी कार्यालय से लेकर उपभोक्ता फोरम के पूरे रास्ते को जाम कर देने पर सवाल खड़ा किया है। इस रास्ते में सेल्स टैक्स, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से लेकर जेजेबी कार्यालय है जहां पूरे स्थान को गाड़ियों से भर दिया गया है। इन गाड़ियों पर छर्री के साथ ही फ्लाई ऐश लोड है जो जमीन पर भी गिरा है और हवा चलने पर इसका डस्ट उड़ता रहता है। जो प्रदूषण फैलाने से लेकर आने जाने वालों के लिए खतरा बन रहा है और इससे आंखों में जलन हो रही है। दुर्भाग्य है कि इसी रास्ते होकर अनुमंडल पदाधिकारी से लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भी गुजरते हैं पर इस समस्या से मुंह मोड़े हैं। इन गाड़ियों को बागीटांड़ स्टेडियम में खड़ा करने के बदले भीड़भाड़ वाले रास्ते पर खड़ा कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। सूत्रों से पता चला है कि जेजेबी निकट खड़े ट्रक पर कुछ गलत गतिविधियां भी हो रही है, क्योंकि एक जंगल से सटा है। बसंत ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि पूरे रास्ते से इन ट्रैकों को हटाकर अन्यत्र जगह शिफ्ट किया जाये और पूरे रास्ते को प्रदूषण मुक्त किया जाये।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल की मां का निधन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक की मां का निधन बुधवार को हो गया। वे 103 वर्ष की थी उन्होंने अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गयी है उनकी निधन की सूचना पर बरकट्ठा बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, बेलकपी पूर्व मुखिया गुड्डी देवी, अर्जुन राणा, नाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, रीतलाल मंडल, बिंदु सोनी, महेश कुमार गुप्ता, संजय नायक, दामोदर साव, राजकुमार यादव, गणेश नायक, प्रदीप साव वार्ड सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर नायक, द्वारिका नायक, अर्जुन नायक, मुकेश साव, सतीश कुमार, कैलाश नायक, नागेश्वर नायक, टहल साव और गांव के कई जनप्रतिनिधि लोग मौके पर पहुंचकर मृत आत्मा को शांति के लिए भगवान से कामना की।

# ट्रक से 30 किलो गांजा हुआ बरामद, ड्राइवर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** जिले के इचाक थाना क्षेत्र स्थित एनएच 33 सिझूवा मौर्या होटल के करीब से उड़ीसा नंबर की ट्रक से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। गुरुवार को मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया की गुप्त सूचना के आधार पर इचाक थाना अंतगर्त सिझुआ मौर्या होटल के निकट खडी एक ट्रक नंबर ओडी 15 एन 9953 में नशीली पदार्थ होने की सूचना है, जिस पर मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार, थाना प्रभारी इचाक धनंजय सिंह, पुअनि मनोज राणा और सशस्त्र बल के साथ बुधवार रात्रि में मौर्या होटल के समीप पहुंचा तो देखा की अशोक लेलैंड कंपनी का ट्रक संख्या ऑडी 15एन 9953 खड़ी मिली जिससे पुछताछ और जांच पड़ताल के क्रम में पच्चीस पैकेट गांजा जिसका प्रत्येक पैकेट में 1.20 किलोग्राम कुल वजन 30 किलोग्राम गांजा ट्रक के केबिन में रखा पाया गया, जिसे जब्त कर और उक्त ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार ड्राइवर की पहचान बंटी कुमार, पिता बिरजू यादव, ग्राम गांवखाप, थाना शेरघाटी जिला गया के रूप में हुई है।

# जिलास्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना डाड़ी प्रखंड

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के तत्वावधान में गुरुवार को जिलास्तरीय तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गया। फाइनल के मौके पर पूरे गर्मजोशी से खेलते हुए डाड़ी प्रखंड के खिलाड़ियों ने सात गोल से केरेडारी प्रखंड टीम को परास्त किया और जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप 2023 अपने नाम कर लिया। इस प्रकार उपविजेता केरेडारी और विजेता डाड़ी प्रखंड बना। फाइनल मैच के रेफरी के रूप में सुरेंद्र राम और शशि कुमार दास थे। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार और कार्यकारी अध्यक्ष फुटबॉल संघ आलोक कुमार ने कप और जर्सी देकर विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया। राजीव कुमार ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि सभी टीमों ने खेल को अनुशासन में रह कर खेला और उम्दा प्रदर्शन किया। जोनल स्तरीय प्रतियोगिता धनबाद में खेली जायेगी, जहां विजयी होने की कामना करता हूं। जिला खेल पदाधिकारी ने भी विजेता टीम को बधाई दिया और अग्रेतर अनुशासन में रह कर जिला को प्रतिनिधित्व करने की सलाह दी।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में संयोजक कौलेश्वर गोप, खेल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, पवन कुमार, किशोर कुमार, प्रमोद दास फुटबॉल कोच सोनी कुमारी, एथलेटिक्स कोच अनुकंपा रुण्डा, हॉकी कोच संदीप खलखो, कुंदन कुजूर, ललित उरांव में महत्वपूर्ण सहभागिता निभायी।

## कार और टेंपो में हुई टक्कर, चार घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग के ग्राम दरदाही मोड़ के समीप गुरुवार को कार और टेंपो के टक्कर में चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बरियारडीह से मरकचो की ओर से आ रही कार और मरकचो से बरियारडीह की ओर जा रही टेंपो के बीच टक्कर हो गई। जिससे टेंपो सवार चार लोग घायल हो गये। घायलों में सारो देवी, देवंती देवी और गीता देवी व टेंपो ड्राइवर विनय सिंह शामिल है। सूचना पाकर मरकच्चो थाना से एसआई एसएस शर्मा दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो ले आये। जहां स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया। वही कार व टेंपो को मरकच्चो पुलिस जब्त कर थाना ले आयी है।

# अस्पताल में मरीजों के लिए कंबल की हुई व्यवस्था

**आजाद सिपाही**
**खबर का असर**

आजाद सिपाही संवाददाता



### बड़कागांव में महिलाओं का हुआ बंध्याकरण ऑपरेशन, कंबल व बिछावन नहीं मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र में आज परिवार नियोजन के तहत 9 महिलाओं का बंधककरण ऑपरेशन किया गया। इसका नेतृत्व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने किया बंध्याकरण ऑपरेशन शिव गौतम द्वारा किया गया ऑपरेशन में सहयोग सिर नस अस्मिता मिश्रा रमा कुमारी मुन्नी कुमारी पूजा कुमारी ने किया। बंध्याकरण ऑपरेशन मीना देवी, नंदिनी देवी पूनम देवी, सोनी देवी, चांदनी देवी, रवीना देवी, संगीता देवी शांति देवी को किया गया।

न चादर मिला है और न हीं कंबल मिल : मीना देवी पति वीरेंद्र मुंडा (पोटंगा) ने बताया कि कंबल नहीं मिला और नहीं बेड में बिछाने वाला चादर मिला है ठंड में कैसे रहेंगे? रवीना रवीना देवी (छोटकी मोंगवार) की माता फुलवा देवी ने बताया कि कंबल नहीं मिला।नंदिनी देवी तलाटांड की रहने वाली है इनकी दीदी ने बताया कि ठंड में काफी दिक्कत होगा कंबल मिलनी चाहिए। महुदी निवासी सोनी कुमारी पति बिरजू राम ने कंबल,बिस्तर, व अलाव की मांग की है।

क्या कहना है प्रभारिक चिकित्सा प्रभारी का: बड़कागांव अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि मरीज के लिए कंबल की व्यवस्था है उन्हें कंबल मिल जाएगा।



**बड़कागांव।** बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र में बंध्याकरण ऑपरेशन करने वाले महिलाओं को कंबल व बिछावन नहीं दिये जाने के मामले को लेकर आजाद सिपाही ने बड़े प्रमुखता के साथ अखबार में प्रकाशित किया था जिसको सिविल सर्जन ने संज्ञान में लिया। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार को कंबल व्यवस्था करने का आदेश दिया। तत्पश्चात 13 दिसंबर को डॉक्टर अविनाश कुमार द्वारा मरीज के लिए कंबल, और बिछावन व्यवस्था किया गया।

ज्ञात हो कि अखबारों में 13 दिसंबर को मरीजो का कंबल नहीं दिये जाने को लेकर समाचार छपी थी। जिस पर चिकित्सा विभाग ने संज्ञान लिया।

चिकित्सा प्रवाहित डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध है।

# झामुमो कार्यकर्ता रांची में आयोजित बैठक में शामिल होने गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी इचाक से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में आयोजित बैठक में शामिल होने रवाना हुए। बैठक में भाग लेने के लिए रांची रवाना होने वालों में मुख्य रूप से बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, रामचंद्र प्रसाद मेहता, दिगम्बर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह, महेंद्र राम, संतोष मेहता, बसंत मेहता, राकेश रंजन, जयनाथ राम, राजेंद्र राम, राजेंद्र मेहता, सुनील मेहता, रामदीप मेहता, सुरेश हसदा, सुरेश टुडू, बसंत कुमार मेहता, अशोक प्रसाद मेहता, मनोहर प्रसाद कुशवाहा, मनोज कुमार अकेला, अशोक मेहता, वीरेंद्र मेहता, अरविंद कुमार मेहता, सिकंदर मेहता, मुकेश कुमार मेहता, दुलारचंद साव, रामफल मेहता, उमेश मेहता, निर्मल गांझू, सुरेश टुडू समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# सदर विधायक ने 25 निर्धन परिवार की बेटियों का कराया सामूहिक विवाह

**शाही शादी की तर्ज पर हुआ समारोह का आयोजन**

**पक्ष और आधुनिक संस्कृति के बीच अग्नि को साक्षी मानकर 25 जोड़ों ने लिया सात फेरे**

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को एक अनोखी परंपरा की शुरूआत की और अपने दो जुड़वे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल के शादी के 25 वें सालगिरह के अवसर पर क्षेत्र के निर्धन परिवार की 25 बहन-बेटियों का सामूहिक विवाह कराकर न सिर्फ इतिहास रचा बल्कि अपने इस नेक सोच और प्रेरक कार्य के बदौलत सबके चहेते बन गये। शादी में शामिल 50 परिवार के हजारों लोगों की दुवायें और समारोह में शामिल हजारों लोगों के बीच उनकी एक अलग पहचान बन गई। इस भव्य सामुहिक विवाह समारोह का स्थल डीपीएस प्रांगण में शाही शादी के तर्ज पर इसे संपन्न कराया गया और विधायक मनीष जायसवाल के साथ उनका पूरा परिवार जुटा रहा। सभी जोड़ों के लिए अलग-अलग 25 आकर्षक और फूलों से सजे मंडप का निर्माण किया गया था जिसमें मंडप संख्या और जोड़ों के नाम के साथ उनके माता- पिता का भी नाम अंकित था।

भाजपा के संगठन महामंत्री, आधा दर्जन विधायक सहित कई गणमान्य हुए शामिल, जोड़ों को दिया आशिर्वाद, विधायक मनीष जायसवाल के इस प्रयास को बताया प्रेरक शादी समारोह स्थल में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, कांके विधायक समरी लाल, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव और देवघर विधायक नारायन दास सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए और नवविवाहिता सभी 25 जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मौके पर भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विधायक मनीष जायसवाल के इस पहल को समाज के प्रेरक बताया।

बीएसएफ के 18 सदस्यीय ब्रास बैण्ड की खूब गूंजी धुन, सामूहिक नृत्य में दिखा लघु भारत की झलक इस सामूहिक विवाह में विवाह स्थल पर सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप से पहुंचे 40 जवानों की ब्रास बैंड की धुन जब बजी तो कर्णप्रीय धुन सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गये। शादी के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल की ओर से सभी 25 जोड़ों को गृहस्थ बसाने हेतु कई सामग्री भेंट किया गया। जिसमें टोटो बाइक एफडी, टीवी, फ्रिज, अलमारी, कंबल, दो अटैची, ट्राली, टेबल फैन, दीवाल घड़ी, बाल्टी सेट, 10 पीस शर्ट और पेंट, दो चादर, केसरोल, फल पैकेट और मिठाई पैकेट सहित अन्य सामग्री शामिल है। शादी के उपरांत सभी जोड़ों का पुष्पवर्षा के साथ पुष्पगुच्छ और भगवान गणेश की प्रतिमा भेंटकर विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवाजनों ने नई जिंदगी शुरूआत करने हेतु ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दिया।

पहली बार की है शुरूआत, कोशिश होगी जारी रहें साल- दर- साल यह सौगात- मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि उन्होंने अपने दो जुड़वा भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जयसवाल के 25 वे शादी सालगिरह को याद बनाने के लिए इस कार्यक्रम को सौगात के रूप में आयोजित किया।

## कृषि उन्नति योजना के तहत प्रशिक्षण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खरकी में एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अंतर्गत जैविक सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने को लेकर जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अध्यक्षता खरकी पंचायत मुखिया मुनिया देवी ने की। शिविर में जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा मिट्टी जांच नमूना संग्रह के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। प्रथम दिन के प्रशिक्षण में विष्णुगढ़ प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार, कृषक मित्र गाल्होबार बसंत नायक, कृषक मित्र खरकी सुरेश महतो, प्रतिनिधिगण और प्रगतिशील कृषक द्वारा भाग लिया गया। शिविर के दौरान रीना देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, देवंती कुमारी, झुना देवी, ममता देवी, चिंता देवी, कलावती देवी, बंधनी देवी, बलदेव सिंह, परमेश्वर महतो, अर्जुन ठाकुर, लालमणि महतो, बिहारी महतो समेत कई कृषकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

## बीडीओ ने बिरहोर परिवार की मदद की



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चट्टी बरियातू पंचायत स्थित बिरहोर टोला में रहने वाले सोना बिरहोर बीते दिनों हो गई थी। उक्त सुचना मिलने पर केरेडारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और मुखिया झरीलाल महतो गुरुवार को मृतक के परिजनों के घर पहुंचे व पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को 50 किलो चावल और एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। बीडीओ अमित कुमार ने कहा की घटना अत्यंत दुखद है व प्रखंड प्रशासन के द्वारा पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा संचालित सभी सुविधाओं का लाभ दिया जायेगा। विदित हो की 60 वर्षीय सोना बिरहोर की मौत बोरसी से जलने के कारण हो गयी थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ रवाना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि यह वाहन 14 दिसंबर को सीकरी पंचायत बड़कागांव पूर्वी पंचायत, पश्चिमी पंचायत और बड़कागांव मध्य पंचायत में भ्रमण करेगी और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देगी। इस दौरान रथ में लगाये गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के समक्ष लोगों ने सेल्फी लिया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, रोजगार सेवक शंभू रविदास, सुबोध सिंह, युगेश्वर राम, बाल विकास केंद्र की प्रवेक्षिका का पूजा राय, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, पूर्व उप मुखिया नरसिंह महतो समेत अन्य शामिल थे।

## ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण बिना ग्रामसभा किये लौटे अधिकारी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** अपर समाहर्ता हजारीबाग के पत्रांक संख्या 279/रा. दिनांक 10/04/23 के आलोक में बड़कागांव प्रखंड के महुगाई कला पंचायत भवन के पास एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना के लिए ग्राम अंबाजीत और मोतरा के गैरमजूरवा आम रास्ता भूमि के लिए प्रस्तावित ग्राम सभा का ग्रामीणों ने भारी विरोध किया। ग्रामीणों के विरोध के कारण कंपनी और सरकारी अधिकारियों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों के विरोध के कारण ग्राम सभा का आयोजन नहीं हो सका। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा के हम लोग किसी भी परिस्थिति में कंपनी को जमीन नहीं देना चाहते हैं। अंचलकर्मी अनोज कुमार से बात करते हुए ग्रामीणों ने कहा के ईस्ट इंडिया कंपनी जब आई थी तो उसका सीधा नीति था फुट डालो राज करो वही नीति यहां पे कंपनी अपना रही है। किसान और मजदूरों के दर्द को आपलोग नहीं समझ रहे हैं इस लिए हम लोग कंपनी के साथ नहीं ग्रामीणों के साथ चलेंगे। इस दौरान कंपनी के अधिकारी ने कहा के बादम की जो जमीन है वह भू अर्जन के प्रक्रिया के तहत जा रहा है। यह आम सभा लगभग 1 एकड़ गैर गैरमजूरवा जमीन रास्ता और नाला वगैरह के लिए हो रहा है। प्राइवेट जमीन नए कानून के तहत लिया जायेगा। पब्लिक हेरिंग के बाद राज्य सरकार और जिला एडमिनिस्ट्रेशन जो फैसला लेगी वह सब के लिए मान्य होगा। यह सारा कार्य भू अर्जन के माध्यम से होगा।

## डीडीसी ने की योजनाओं की समीक्षा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कोडरमा उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में गुरुवार को किया गया। इस दौरान आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के विभिन्न पैमानों पर प्रखंड में स्वास्थ्य व पोषण शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित समावेश व कौशल विकास जैसे इंडिकेटर पर समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य एवम पोषण के इंडिकेटर में सुधार लाने का दिशा निर्देश दिये। बैठक में आकांक्षी प्रखंड फेलो के अंकित कुमार सिंह, राकेश रंजन, धर्मेंद्र कुमार, नन्द किशोर प्रसाद, विवेक कुमार, रामकुमार, इस्तायक अंसारी, आनंद शेखर, माधुरी कुमारी, भीभा कुमारी, डॉक्टर राजेश कुमार, राजेश कुमार, गंगाधर दास समेत आकांक्षी प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

## कुजू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया जय कुमार ओझा व संचालन बीपीओ कामाख्या प्रसाद ने किया। जनता दरबार कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांडू बीडीओ संजय कोनगाडी, सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी, जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी, कृपाल कच्छप मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ व सीओ ने जनता दरबार के उद्देश्य से अवगत कराया। साथ ही, अहर्ता और प्रक्रिया के तहत इसका लाभ उठायें। वही, बिचौलियों से बचने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान चार महिला समूह को 16 लाख रुपये का चेक, 21 विद्यार्थियों को 4500 रुपये डम्मी चेक, 12 किशोरियों के बीच किशोरी समृद्धि योजना के तहत स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के कई स्टाल लगाये गये। जहां अधिकारियों द्वारा आवेदन लिया गया। साथ ही, कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर मधुसूदन ठाकुर, पंचायत सचिव राजकुमार साहू, रोजगार सेवक रीता बेसरा, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, संगीता देवी, रंजीत कुशवाहा, पंसस सुषमा केसरी, पवन करमाली, मनोज करमाली, मेघलाल रविदास, राजेंद्र केसरी, रघुनाथ प्रसाद मेहता, आशीष चौबे, संदीपा केसरी, सरिता देवी, सोनू कुमारी मुंडा, नरेश करमाली, मो शमशाद, तिलोत्मा देवी, सन्नी वर्मा समेत कई लोग शामिल रहे।

## जुबिली कॉलेज की छात्रा ज्योति बाला का विभावि के तीरंदाजी महिला टीम में चयन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जुबिली कॉलेज की छात्रा ज्योति बाला का विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तीरंदाजी महिला टीम में चयन हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो एनके तिवारी ने बताया कि चयनित छात्रा ज्योति बाला का ट्रेनिंग कैंप 15 दिसंबर से जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया में चलेगा। ट्रेनिंग के बाद तीरंदाजी महिला टीम अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगामी 21 दिसंबर को पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला के लिए रवाना होगी। ज्योति की सफलता पर प्रो एनके तिवारी सहित कॉलेज के समस्या शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सीएम के संवाद कार्यक्रम में भाग लेने झामुमो कार्यकर्ता रांची रवाना



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संवाद कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर झामुमो कार्यकर्ता गुरूवार को रांची के लिए रवाना हुए। इस दौरान पतरातू प्रखंड के सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव और प्रमुख कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास रांची के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व बड़कागांव के पूर्व प्रत्याशी और झारखंड प्रदेश के परिवहन पदाधिकार सदस्य सह हजारीबाग जिला के मुख्य संयोजक और पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में झामुमो पतरातू प्रखंड के सैंकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता झंडा और बैनर के साथ मतकमा चौक भुरकुंडा में एकत्रित हुए। जहां दिशोम गुरू शिबू सोरेन जिन्दाबाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन्दाबाद, संजीव बेदिया जिंदाबाद, झामुमो जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए बस के माध्यम से कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए। रवाना होने वालो में हरिलाल बेदिया, लव कुमार महतो, उदय अग्रवाल, उदय मालाकार सहित झामुमो के दर्जनों लोग शामिल थें।

## शहीद जीतराम बेदिया की जयंती 30 को




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बेदिया विकास परिषद् झारखंड प्रधान कार्यालय घुटूवा में परिषद् के सरंक्षक देवकी नंदन बेदिया, महासचिव रामफल बेदिया और अध्यक्ष शंकर बेदिया ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया है कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 221वीं जयंती आगामी 30 दिसंबर को बृहद पैमाने पर मनाये जाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर बेदिया समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सरकार के प्रति तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बेदिया समुदाय का धर्म, संस्कृति व अस्तित्व जल-जंगल-जमीन से है। विभिन्न सरकारों के द्वारा हमेशा से जल-जंगल-जमीन छीना गया है, लेकिन जल-जंगल-जमीन की लड़ाई हमलोग हमेशा से लड़ते रही है। जल-जंगल-जमीन पर सरकार की कोई भी गलत व जनविरोधी नीतियां लायेगी उसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा सीएनटी/एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू करने की मांग करते है। खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड है और झारखंड के आंदिवासियों को ही बृध्दा पेंशन नहीं, शिक्षा स्वास्थ की गारंटी नहीं, आवास, राशन नहीं, रोजगार नहीं, झारखंड के खनिजों की लूट के साथ मनरेगा मजदूरों को काम नहीं, मजदूरी नहीं। यह कैसी विडंबना है कि शहीदों की धरती में शहीदों के परिजनों का विकास नहीं।

## बराती गाड़ी ने अधिवक्ता के गाड़ी को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे लोग

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कोठार ओवर ब्रिज के पास एक बाराती गाड़ी ने अधिवक्ता के गाड़ी को पीछे से जोड़ा टक्कर मार दी। इस घटना में अधिवक्ता सहित अन्य लोग बाल बाल बच गये। जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिवक्ता नितेश कुमार सिन्हा अपनी वाहन संख्या जेएच 01एजी 1726 से जा रहे थे, इसी बीच बराती गाड़ी संख्या जेएच 08एटी 0123 ने कोठार ओवर ब्रिज के पास पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में अधिवक्ता नितेश कुमार सिंह और दूसरे कार में सवार लोग बाल बाल बच गये। बताया जाता है कि दुर्घटना से संबंधित मामले पर अधिवक्ता नितेश कुमार सिन्हा ने रामगढ़ थाना में उक्त वाहन पर मामला दर्ज कराया है।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# विजेताओं को मिलेगा ट्रैकसूट: चंदन कुमार

**बालक वर्ग में मांडू और बालिका वर्ग में पतरातू प्रखंड रहा विजयी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक/बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 के तहत गुरुवार को सिदो कान्हू स्टेडियम रामगढ़ में फाइनल मुकाबले खेले गये। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त चंदन कुमार उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जो भी प्रयास किए जा सकते हैं। वे किये जायें इसी कड़ी में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के सभी पंचायतों में बच्चों के खेलने के लिए खेल का मैदान और उनमे मूलभूत सुविधा हो। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप के विजेताओं को ट्रैकसूट देने की घोषणा की। उपायुक्त ने कहा कि खिलाड़ियों को ट्रैकसूट देने का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने के साथ-साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे अन्य बच्चों को भी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर विभिन्न प्रकार के खेलों में आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित करना है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए आप सभी के पास जो भी सुझाव हैं उसे आप जिला प्रशासन तक जरूर पहुंचायें ताकि हम सभी मिलकर रामगढ़ जिले की पहचान खेल के दिशा में और आगे ले जायें।

**बालक वर्ग में मांडू और बालिका वर्ग में पतरातू प्रखंड रहा विजयी:** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला दुलमी और मांडू प्रखंड के बीच खेला गया जिसमें माण्डू प्रखंड ने 2-1 से जीत हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला पतरातू और मांडू के बीच खेला गया जिसमें पतरातू प्रखंड 3-0 से विजयी रहा।

मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेमरोम, सहित अन्य के द्वारा विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रतियोगिता में भाग लेने और खेल की दिशा में आगे बढ़ने हेतु सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

**विजेता टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग**

**गौरतलब हो कि दोनों विजेता टीमों को 17 दिसंबर 2023 को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रांची भेजा जायेगा। इस दौरान मुस्तफा आजाद, मोहम्मद कमरुद्दीन, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक भोला नाथ महली, प्रकाश महतो, सूरज मुंडा, निर्णायक मंडली से अजय डिसिल्वा, बी ए राय, संतोष कुमार, गागेश्वर महतो, और रामगढ़ डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी और अन्य उपस्थित हुए साथी ही सफल आयोजन में अपना सहयोग दिया।**

# खुशी आजीविका सखी मंडल को दिया 6 लाख का ऋण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे हैं आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान खुशी आजीविका सखी मंडल स्वयं सहायता समूह को 6 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। मौके पर खुशी सखी आजीविका मंडल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि समूह से जुड़ने के उपरांत उन्होंने आपसी समन्वय के साथ मसाला व्यापार शुरू किया था, वर्तमान में हम अपने गांव व आसपास के गांवों में व्यापार कर रहे हैं अब तक किये गये कार्यों के अनुभव से हमें लगता है कि अगर हमें सही पूंजी मिले तो हम अपने व्यापार को और आगे बढ़ा सकते हैं अब जब सरकार द्वारा 6 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है तो यह हम सभी के लिए खुशी की बात है हमें पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में हम मसाला व्यापार में अच्छा कर अपने साथ-साथ अपने गांव व पंचायत की अन्य महिलाओं के जीवन को भी स्वावलंबी और सुदृढ़ बना सकेंगे।

# गोला में लाखों की परिसंपत्ति सहित कई योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र के सुतरी ओर मगनपुर पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्‌घाटन प्रमुख गीता देवी,पार्षद सरस्वती देवी, बीडीओ संजय सांडिल्य, सीओ समरेश कुमार भंडारी और मुखिया सतीश तुरी, नुरुल्लाह अंसारी के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रमुख ने कहा कि सरकार ने रोजगार सृजन के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसका लाभ सभी जनता को उठाना चाहिए। बीडीओ ने बताया कि शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, आवासीय, जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले जैसे मयूटेशन, भूमापी, लगान रसीद, ऑनलाईन रिकार्ड सुधार, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रवासी श्रमिक पंजीकरण, राशन कार्ड, जॉब कार्ड से जुड़े आवेदन लिए गये है। शिविर में अबुआ आवास के 850 छात्रों के लिए साईकिल का 135 सहित 2200 आवेदन जमा किया गया । साथ ही लाखों रुपये के परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ विजय कुमार, पंचायत सचिव राजेंद्र सिन्हा, जीवन प्रसाद, अर्जुन महाली, रोजगार सेवक शंकर बसेरिया, रणधीर बसेरिया आदि मौजूद थे।

# सीमरा में तीन दिवसीय सिदो-कान्हू फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडू।** मांडू डीह पंचायत के सीमरा ग्राम में गुरुवार को तीन दिवसीय सिदो कान्हु फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का प्रारंभ मुख्य अतिथि मुखिया बैजनाथ राम विशिष्ट अतिथि शाहिद सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से वीर स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हु के चित्र पर माल्यार्पण व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। शुभारंभ मैच खेराजरा बनाम फूसरी के बीच खेला गया। जिसमें फूसरी के टीम एक गोल से जीत दर्ज कर विजयी रहा। बताया गया कि फाइनल मैच आगामी 16 दिसंबर को खेला जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दासो हेमब्रम, चेतवा मरांडी, टूर्नामेंट के अध्यक्ष नरेश हेमब्रम, सचिव बबन मुर्मू, कोषाध्यक्ष बृजलाल मुर्मू के आलावा सदस्य राहुल हेमब्रम, तालो मुर्मू, संजय मुर्मू, राजकुमार मुर्मू, राज हेमब्रम, सुरेश हेमब्रम, विजय हेमब्रम, संजू मरांडी, करण मुर्मू, गोविंद मुर्मू, अशोक मरांडी, बबलू किस्कू, समेत कई खेल प्रेमी व दर्शक मौजूद थे।

## विद्यालय में सामुदायिक शौचालय का उद्‌घाटन



**मांडू (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत मध्य विद्यालय मांडू परिसर में टाटा स्टील वेस्ट बोकारो द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालय का उद्धाटन मुखिया अनीता देवी व पंसस विवेक गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद, अजय गुप्ता, अनिल रजक, शिवानी साहू, शकुंतला कुमारी ,अमित कुमार, आशा कुमारी, सुरेंद्र कुमार, मो मिस्टर, योगेश्वर महतो समेत कई लोग मौजूद थे।**

## सफल छात्रों को मुखिया ने किया सम्मानित



**मांडू (आजाद सिपाही)। मध्य विद्यालय मांडू में गुरुवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को पुरस्कार देकर मुखिया अनीता देवी और पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद, शिक्षक अनिल रजक, शकुंतला कुमारी, शिवानी साहू, सुरेंद्र कुमार महतो ,उत्तम गुप्ता ,अमित गुप्ता, छोटे लाल भुइयां, युगेश्वर महतो समेत कई लोग मौजूद थे। अतिथियों ने सफल छात्र साइना फिरदौस, रूपा कुमारी, रिया कुमारी गुप्ता, भावना कुमारी, कशिश प्रवीण, मिताली पटेल, रिया कुमारी, मो सलमान, अबू रेहान को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।**

## लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता रैली

**मांडू( आजाद सिपाही)। लिंग आधारित हिंसा, महिलाओं पर अत्याचार के विरुद्ध बसंतपुर आजीविका महिला समूह के द्वारा मांडू डीह में जागरूकता रैली गुरुवार को निकाली गई। जागरूकता रैली मांडू डीह के अति प्राचीन शिव मंदिर (मनोकामना बाबा) से प्रखंड मुख्यालय तक जागरूकता रैली निकाला गया। इस दौरान रैली में शामिल लोगों लिंग आधारित हिंसा और महिला अत्याचार को लेकर जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया बैजनाथ राम, उपमुखिया सीता देवी, पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, नवरत्न कुमार उर्फ ननकु ,आरती देवी, संध्या देवी, सुषमा देवी, सुनीता देवी, सुलेखा देवी, चिंता देवी, आशुतोष साहू, रूबी देवी, मालती देवी समेत स्कूल की कई छात्राएं शामिल थे ।**

## चतरा की खबरें

### जिला स्वास्थ्य समिति और अस्पताल प्रबंधन की बैठक

# मरीजों का समुचित इलाज करें सुनिश्चित: डीडीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति तथा अस्पताल प्रबंधन समिति और स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में गर्भवती महिला का एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच, एचआइवी जांच, कुपोषण उपचार केंद्र, आदि के संदर्भ में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने पूर्व के बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। जिसमें संस्थागत प्रसव में लक्ष्य के विरूद्ध जहां कमी आई है उसका सूची तैयार कर दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्र के कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्रों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को भेजने का निर्देश दिया गया। जिससे उन बच्चों को समय पर इलाज किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि शिकायतें मिल रही है कि सदर अस्पताल चतरा में संचालित जन औषधि केन्द्र जो अपराहन में 3 बजे बंद हो जाती हैं। इस संदर्भ में सिविल सर्जन को सदर अस्पताल में संचालित जन औषधि केंद्र को 24 घंटे संचालित कराने का निर्देश दिया गया। हंटरगंज प्रखंड की उपलब्धियों पर नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को हंटरगंज प्रखंड का निरीक्षण करने समेत स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने व मरीजों के समुचित इलाज हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन चतरा डा जगदीश प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल चतरा उपाधीक्षक मनीष लाल, जिला प्रबंधन इकाई चतरा समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति की बैठक




**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा युवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति और मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर एक बैठक प्रतापपुर मोड़ जय मां कौलेश्वरी लाइन होटल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गुंजीत कुमार सिंह के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री नागेन्द्र यादव द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू प्रमंडल प्रभारी श्रीनिवास जी, कोडरमा प्रभारी बिरेंद्र सिंह मुन्ना जी और जिला उपाध्यक्ष सह हंटरगंज मंडल प्रभारी जितेन्द्र यादव जी उपस्थित हुए। बैठक में मंडल सशक्तिकरण और मेरा बूथ सबसे मजबूत के विषय पर चर्चा हुई और आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रमोद सिंह, टुनटुन विश्वकर्मा, रिषि राज, रौशन सिंह, विशाल कुमार, अनुज सिंह, प्रमोद कुमार, पंकज यादव, मुकेश यादव, आशीष कुमार, बिरेंद्र ठाकुर, दिनेश कुमार, चंदन सिंह, अर्जुन दांगी और दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## बुजुर्ग महिला की मौत के बाद पति ने भी तोड़ा दम

**कुजू (आजाद सिपाही)।** दिगवार में एक बुजुर्ग महिला की मौत के पश्चात 12 घंटे में ही उसके पति की भी मृत्यु हो गई। इसके बाद महिला और उसके पति की बैंड बाजे के साथ अंतिम संस्कार किया गया। साथ ही, एक ही चिता पर दोनों को मुखाग्नि दी गयी। जानकारी के अनुसार, दिगवार निवासी 96 वर्षीय रधवा देवी की मौत बुधवार की रात्रि लगभग 10 बजे हो गई। सुबह महिला की अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। इस दौरान महिला के 107 वर्षीय पति जोधा महतो का भी निधन हो गया। इसके बाद परिजन और जुटे ग्रामीणों ने दोनों की मौत को विधि का विधान बताते हुए खुशियों के साथ बैंड बजे और आतिशबाजी के बीच शव यात्रा निकाली गयी। सांडी स्थित श्मशान घाट पर दोनों का एक ही चिता पर लिटाकर अंतिम संस्कार किया गया। जहां मृतक के पुत्र सुरेश कुशवाहा द्वारा दोनों को एक साथ मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया।

# कास्ट सेंसस पर उलझन

हाल ही में पांच राज्यों में चुनाव हुए। इनमें से तीन में चुनाव प्रचार के दौरान कास्ट सेंसस के मुद्दे को आक्रामक ढंग से उठाने का कांग्रेस को खास फायदा नहीं मिला। चुनाव नतीजे बताते हैं कि यह मुद्दा वोटरों के फैसले को निर्णायक ढंग से प्रभावित नहीं कर सका। इसके बाद से माना जा रहा है कि अब शायद इस मुद्दे को पहले जितनी अहमियत न मिले। लेकिन यह देखना दिलचस्प है कि परोक्ष रूप में ही सही, यह मुद्दा दोनों खेमों में अपनी अहमियत बनाये हुए है। कांग्रेस में खास कर कर्नाटक के अंदर इस पर उलझन बरकरार है। यही सवाल पिछले दिनों राज्यसभा में बहस के दौरान बीजेपी की ओर से उठाया गया कि कर्नाटक सरकार आखिर कास्ट सर्वे की रिपोर्ट को सार्वजनिक क्यों नहीं कर पा रही। यह कोई छुपी हुई बात नहीं है कि वहां मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार इस मसले पर अलग-अलग राय रखते हैं। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने यह कह कर परोक्ष रूप से शिवकुमार पर भी आक्षेप किया कि जब भी ऐसा मुद्दा सामने आता है, तो सवर्ण जातियों के नेता एकजुट हो जाते हैं और सब मिल कर इसका विरोध करते हैं। इसके बाद हालांकि डीके शिवकमुार ने यह स्पष्टीकरण दिया कि वह कास्ट सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक किये जाने का विरोध नहीं कर रहे, मगर चाहते हैं कि यह काम व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से हो। दिलचस्प है कि इस स्टीकरण से एक बार फिर इस बात की पुष्टि हुई कि उनका रुख कास्ट सर्वे की रिपोर्ट को अटकाने वाला ही है। इसकी वजह भी है। वहां राजनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा ताकतवर मानी जाने वाली दो प्रमुख जातियां - वोक्कालिगा और लिंगायत - इसके विरोध में हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी यह कहते रहे हैं कि उनकी पार्टी देशभर में कास्ट सेंसस करवायेगी। ऐसे में इस मसले पर पीछे हटने की ज्यादा गुंजाइश कांग्रेस के सामने नहीं रह गयी है। लेकिन देखना होगा कि कर्नाटक में वह इस रिपोर्ट को लटकाये रखने के अलावा भी कोई हल निकाल पाती है या नहीं। अगर वह कर्नाटक के अंतर्विरोध को दूर करने का कोई प्रभावी रास्ता ढूंढ़ लेती है, तो अगले चुनाव में इसे ज्यादा कारगर और विश्वसनीय ढंग से उठा सकती है। वरना इसकी चुनावी प्रासंगिकता और कम होती जायेगी। जहां तक बीजेपी की बात है, तो इस मुद्दे से दूरी बनाये रखते हुए भी वह ओबीसी वोट को साधने की समानांतर कोशिशें जारी रखे हुए है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने जो मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री बनाये हैं, उसका मकसद लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण को साधना ही है।

**राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने यह कह कर परोक्ष रूप से शिवकुमार पर भी आक्षेप किया कि जब भी ऐसा मुद्दा सामने आता है, तो सवर्ण जातियों के नेता एकजुट हो जाते हैं और सब मिल कर इसका विरोध करते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने फैसले में स्पष्ट लिखा है कि भारत में विलय के साथ जम्मू-कश्मीर की किसी तरह की संप्रभुता नहीं थी। जरा सोचिए, किस तरह आज तक जम्मू-कश्मीर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करने वाले नेताओं ने न केवल देश, बल्कि वहां के उन सभी लोगों के साथ अन्याय किया, जो प्रदेश में स्वाभाविक नागरिक बन कर भारतीय संविधान के तहत दिये गये अधिकारों एवं सुविधाओं के भागीदार थे, लेकिन वंचित रहे।**

# उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 पर फैलाये झूठ को किया ध्वस्त

**अवधेश कुमार**




**मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसा कहना सही नहीं है कि अनुच्छेद 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा ही कानून बना सकता है। फैसले के अनुसार अनुच्छेद 356 में राष्ट्रपति को राज्य में बदलाव करने का अधिकार है। 370 (1) डी के तहत राष्ट्रपति को विधानसभा से सहमति लेकर राज्य के मामले में फैसला देने की बाध्यता नहीं है।**

अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का तात्कालिक महत्व भले इतना ही लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा इसे निष्प्रभावी बनाने का कदम संवैधानिक रूप से सही था, पर यह यहीं तक सीमित नहीं है। इससे भारत सहित विश्व भर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के विरुद्ध किये गये दुष्प्रचारों का न केवल अंत हुआ है बल्कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टियों सहित जम्मू-कश्मीर की परंपरागत पार्टियों एवं नेताओं द्वारा अब अपनाया गया रुख और दिये गये वक्तव्य भी झूठ साबित हुए हैं।

वास्तव में इस फैसले का महत्व इस मायने में बड़ा है कि इसने स्वतंत्रता के बाद से अब तक जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में फैलाये गये झूठ की कलई भी खोल दी है। झूठ यह फैलाया गया था कि जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के साथ उस राज्य के लिए विशेष सम्प्रभुता का वचन दिया गया था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने फैसले में स्पष्ट लिखा है कि भारत में विलय के साथ जम्मू-कश्मीर की किसी तरह की संप्रभुता नहीं थी। जरा सोचिए, किस तरह आज तक जम्मू-कश्मीर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करने वाले नेताओं ने न केवल देश, बल्कि वहां के उन सभी लोगों के साथ अन्याय किया, जो प्रदेश में स्वाभाविक नागरिक बन कर भारतीय संविधान के तहत दिये गये अधिकारों एवं सुविधाओं के भागीदार थे, लेकिन वंचित रहे। इसका अर्थ यह हुआ कि पूर्व की सरकारें भी गहराई से विचार करतीं, तो 370 समाप्त कर न केवल पाकिस्तान से आये शरणार्थियों बल्कि भारत से वहां जाकर बसे लोगों के साथ न्याय होता और जम्मू-कश्मीर आज तक अन्य राज्यों की तरह एक सामान्य राज्य के रूप में परिणत हो चुका होता।

**उच्चतम न्यायालय में 23 याचिकाओं में अनुच्छेद 356 से लेकर राष्ट्रपति के अधिकार, केंद्र शासित प्रदेश बनाने आदि कई पहलू निहित थे।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने साहस दिखाया तो ऐतिहासिक काम का श्रेय इतिहास के अध्याय में उसे मिलेगा। न्यायालय ने सितम्बर, 2024 तक चुनाव कराने एवं जम्मू-कश्मीर को राज्य बनाने का जो निर्देश दिया है, उसमें कठिनाई नहीं है और सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यों की संविधान पीठ में से 3 न्यायाधीशों ने ही फैसला लिखा और सभी एक-दूसरे से सहमत थे। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने वही कहा है, जो विवेकशील निष्पक्ष लोग मान रहे थे। यानी अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान था। उच्चतम न्यायालय में 23 याचिकाओं में अनुच्छेद 356 से लेकर राष्ट्रपति के अधिकार, केंद्र शासित प्रदेश बनाने आदि कई पहलू निहित थे। सब पर न्यायालय ने टिप्पणियां की हैं, किंतु मूल विषय अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाना ही था। 5 अगस्त, 2019 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में पेश विधेयक बहुमत से पारित हुआ तथा अगले दिन लोकसभा से भी स्वीकृत हो गया था। संविधान पीठ ने राष्ट्रपति के आदेश सहित पारित करने की पूरी प्रक्रिया को सही माना है।

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है। न्यायालय ने यह भी कह दिया है कि अनुच्छेद 370 (3) के तहत राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी करने की शक्ति से अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त हो जाता है।

जम्मू-कश्मीर के संविधान के तहत वहां की संविधान सभा द्वारा ही इसे निरस्त करने की बात थी, जिसके बारे में पीठ ने लिखा है कि जम्मू-कश्मीर संविधान सभा के विघटन के बाद भी राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी रखने की शक्ति कायम रहती है। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि जम्मू-कश्मीर संविधान सभा की सिफारिश से ही राष्ट्रपति उसे निरस्त कर सकते थे। संविधान सभा 1951 से 1957 तक फैसला ले सकती थी, लेकिन उसके बाद इसे निरस्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने स्पष्ट लिखा है कि राष्ट्रपति की शक्तियों का उपयोग दुर्भावनापूर्ण नहीं था।

अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर की संवैधानिक, कानूनी एवं प्रशासनिक आदि व्यवस्थाओं में भारी बदलाव किये हैं। विरोधियों का तर्क था कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसा कहना सही नहीं है कि अनुच्छेद 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा ही कानून बना सकता है। फैसले के अनुसार अनुच्छेद 356 में राष्ट्रपति को राज्य में बदलाव करने का अधिकार है। 370 (1) डी के तहत राष्ट्रपति को विधानसभा से सहमति लेकर राज्य के मामले में फैसला देने की बाध्यता नहीं है।

केंद्र ने आतंकवादी घटनाओं, पत्थरबाजी आदि में कमी सहित वह सारे आंकड़े प्रस्तुत किये, जिनसे साबित होता है कि 370 के बाद जम्मू-कश्मीर सामान्य माहौल की ओर लौटा है। कुछ लोगों को यह असाधारण फैसला लग सकता है क्योंकि कल्पना नहीं थी कि जम्मू-कश्मीर में इतने व्यापक, संवैधानिक, कानूनी, प्रशासनिक परिवर्तन लाये जा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर आमूल रूप से बदल चुका है। सामान्य व्यक्ति के लिए यह समझना कठिन था कि किसी राज्य, जिसने स्वतंत्रता के बाद उसी विलय पत्र पर हस्ताक्षर किये, जिस पर अन्य राज्यों ने, उसे संप्रभुता सहित अन्य अधिकार कैसे मिल गये कि भारत का संविधान विधानसभा की स्वीकृति के बिना लागू ही नहीं हो सकता। समाज के वंचित तबकों तथा कश्मीरी हिंदुओं के साथ हुए अन्याय का परिमार्जन करने की कोशिशें तभी सफल हुईं जब '370 राक्षस' का अंत हुआ। यह स्वाभाविक है कि न्यायालय अगर नागरिकों के अधिकारों का संरक्षक है तो वह इसके विपरीत फैसला दे ही नहीं सकता था।

## जमशेदपुर की खबरें

# एसपी और एसएसपी ने अपराध पर नियंत्रण को लेकर चलाया अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिले एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। बुधवार को देर रात्र शहर के अलग अलग थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। देर रात्रि अभियान की जायजा लेने के लिए एसएसपी किशोर कौशल ने कई चेकिंग पॉइंट का दौरा किया। जहां पुलिस पदाधिकारी के कार्य का जायजा लिया। वही साकची स्थित कंट्रोल रूम पहुंच कर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सभी चेकिंग पॉइंट की जांच की। इस अवसर पर पत्रकारों के वार्ता के दौरान एसएसपी ने कहा लगातार जमशेदपुर पुलिस अपराधिक गतिविधियों में रोक लगाने के लिए अभियान चला रही है। इस कड़ी में बुधवार देर रात शहर के सभी थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। कंट्रोल रूम के आदेश पर शहर के कई प्रमुख्य जगह में चेकिंग लगाया गया। ताकि अपराध पर नियंत्रण किया जा सके। इसके लिए सभी थाना प्रभारी को शहर के निर्धारित चेकिंग पॉइंट में अभियान के तहत कई निर्देश भी दी गयी है। देर रात सड़क से गुजरने वाले वाहनों की जांच की गयी। ताकि अपराध पर नियंत्रन किया जा सके। साथ ही शहर के आम लोग सुरक्षित रह सके। उन्होंने बताया सभी थाना क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग कर रही है। ताकि आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से पूर्व अपराधियों का गिरफ्तारी हो सके। मौके पर सिटी एसपी मुकेश लुणायत, डीएसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।

# अपराध बेकाबू, लोग रहें जागरूक : विकास सिंह

## साफ करने के बहाने लाखों का गहना लेकर भागे अपराधी, जांच में जुटी पुलिस

**घटना के दौरान घर में अखिलेश सिंह की पत्नी और उनकी नव विवाहित बेटी ब्यूटी सिंह अकेले थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर कर मानगो रिपीट कॉलोनी के रहने वाले अखिलेश कुमार सिंह के घर में दो शातिर अपराधी ने गहना साफ करने के बहाने लाखो का गहना लेकर फरार होने का एक मामला प्रकास में आया है। मामला गुरुवार लगभग 12:00 बजे की है। जहां अपराधियों ने अखिलेश सिंह की बेटी ब्यूटी सिंह के लगभग दस लाख रुपए की सोने के गहने लेकर चंपत हो गये। घटना के दौरान घर में अखिलेश सिंह की पत्नी और उनकी नव विवाहित बेटी ब्यूटी सिंह अकेले थी। दो व्यक्ति आकर दरवाजा खटखटाया। घर में मौजूद ब्यूटी सिंह के दरवाजा खोलने पर अपराधियों ने कहा वह पूजा के बर्तन साफ करने का काम करते हैं। कोई बर्तन लाकर देने से साफ करके दिखला सकते। ब्यूटी सिंह पूजा करने वाला लोटा ला कर दी। जिसे अपराधियों ने अच्छी तरह साफ कर दिया। इतने में छत में आराम कर रही बेटी की मां नीचे आ गयी जो पायल पहनी हुई थी। अपराधियों ने कहा हम पायल भी साफ करते हैं, जिद करने पर ब्यूटी सिंह की मां ने उसे पायल दे दिया। अंत में अपराधियों ने कहा हम सोने के गहने भी साफ करते हैं जिसे केवल पाउडर में डाला जाता है। ब्रश का उपयोग वें नहीं करते हैं। ब्यूटी सिंह उनके झांसे में फंस गयी और घर में रखा हुआ सारा गहना अपराधियों को दे दिया। अपराधियों ने पाउडर भरे एक पैकेट में सारा गाना डालकर फ्रिज में दस मिनट के लिए रखने को कहा, दस मिनट बाद जब ब्यूटी फ्रिज खोली तो पैकेट बदला हुआ था। पाउडर में कुछ पत्थर के अलावा कुछ नहीं था। गहना चोरी होता देख पूरा परिवार हतव्रत हो गया। लोग समझ चुके थे वह भारी ठगी के शिकार हो गये।

मामले की जानकारी स्थानीय एमजीएम थाने में दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उधर जानकारी मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह ब्यूटी के आवास पहुच कर मामले की जानकारी ली। विकास सिंह ने कहा अपराध बेकाबु हो गया है। लोगों को खुद जागरूक रहने की आवश्यकता है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरा कंगाल कर आगे की कार्रवाई में जुड़ गयी है।

# अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये डाककर्मी




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। गत 12 दिसंबर से देश भर के डेढ़ लाख ग्रामीण डाकघर के सभी ग्रामीण डाक सेवक अपनी लंबीत 9 सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। ग्रामीण डाक सेवकों के हड़ताल पर जाने के कारण डाकघर के सभी कार्य बाधित है। इस मौके पर विश्वनाथ प्रसाद केतार, संजीव कुमार परसोडीह, दीपक कुमार केतार, प्रसांत चौबे बुका, पुनीत कमलापुरी सिंदुरिया, कमलेश्वर ठाकुर, अखिलेश सिंह राजी, आनंद सिंह मकरी, दीपनारायण सिंह, जाहिर अंसारी, अरसली सहित लोग शामिल है।**

# हेमंत सरकार की सोच, हर व्यक्ति को मिले उनका हक और अधिकार : मंगल कालिंदी

**हेमंत सरकार में ग्रामीणों की समस्या का गांव में ही हो रहा समाधान, शिविर में सैकड़ो ग्रामीण उठा रहे सरकारी योजनाओ का लाभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित हलुदवणी पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल होकर परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं सभी विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का विधायक ने निरीक्षण किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा पूर्व में भी यह योजना चलायी गयी थी। जिसका सीधा लाभ लाखों जरूरतमंद लोगों को मिला था। इस सफल योजना की सराहना देश भर में की जा रही है। विधायक ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की हमेशा से सोच रही है झारखंड के सभी लोगों को उनका अधिकार व उनका हक मिले। उन्हें राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ मिले। इसे लेकर फिर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जारहा है। ताकि इसका लाभ गांव में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुच सके। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मलिक, बीडीओ सच्चिदानंद महतो, सीओ मनोज कुमार, मुखिया पानू मुर्मू, सुमन सिरका, तरुण पाल, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, माझी बाबा, वार्ड समिति सदस्य, झामुमो कार्यकर्ता और सैकड़ो स्थानीय झामुमो समर्थक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 21वां श्याम महोत्सव पूजा पंडाल के लिए हुआ भूमि पूजन

**जमशेदपुर।** 21 दिसंबर को श्री श्याम सेवा संघ सोनारी द्वारा आयोजित होने वाले 21वां महोत्सव हेतु पंडाल निर्माण के लिए गुरुवार को विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया. सोनारी जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान में भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अध्यक्ष अशोक दीवान ने बताया कि इस भव्य महोत्सव मे भजनो की अमृत वर्षा के लिए राजस्थानी धमालो के लिए प्रसिद्ध विवेक शर्मा जीतू एवं रोमा निषाद से बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने आ रहे हैं। बंगाल के कुशल कारीगरो द्वारा भव्य दरबार सजााया जायेगा। अखंड ज्योत, सामूहिक आरती, माखन मिश्री का भोग, विद्युत सज्जा इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा।

# विधायक ने विमेंस फिजिक में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली श्रेया अधरजी को दिया आशीर्वाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** रांची के लाइफ लाइन फिटनेस जीम के डायरेक्टर प्रियंका सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित स्टेट लेवल विमेंस फिजिक में लौहनगरी जमशेदपुर के सोनारी आदर्शनगर की रहने वाली श्रेया ने दूसरे स्थान में जीत हासिल की। गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरजू राय ने अपने आवासीय कार्यालय में श्रेया अधरजी को सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिया। विधायक सरजू राय ने कहा शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के माध्यम से भी युवा युवती मंजिल तक पहुंच सकती है। वैसे स्वास्थ्य के लिए खेलकूद जरूरी है।

विधायक श्री राय ने कहा जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र मैं कई तरह के खेलकूद के लिए व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा सूर्य मंदिर परिसर में स्विमिंग पूल, बास्केटबाल, वालीबाल का सुविधा उपलब्ध कराया गया है। साथ ही विलयर्ड के लिए अनुशंसा की जारी है। ताकि क्षेत्र के युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का साधन मिल सके। जहां जीएनएससी के देखरेख में सुविधा उपलब्ध कराया जारहा है।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में झारखंड सरकार के सचिव हुए शामिल



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज गढ़वा जिले के महुलिया पंचायत में आयोजित शिविर में सचिव, महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार-सह-नोडल पदाधिकारी कृपानंद झा शामिल हुए। सचिव ने पंचायत में आयोजित शिविर के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपकी समस्याओं को पंचायत स्तर पर हीं समाधान करना है। कार्यक्रम का यह तीसरा चरण है, पिछले दिनों प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर हुआ है और सरकार के निर्देश पर इस वर्ष भी आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस वर्ष राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना के लिए काफी संख्या में लाभुकों के आवेदन प्राप्त हो रहे है। इस योजना के स्वीकृति के पश्चात लाभुकों को जनवरी माह से प्रथम किस्त की राशि का भुगतान किया जाना है। इस योजना के तहत 3 कमरे का पक्का मकान एवं रसोई घर के लिए 2 लाख रुपये का भुगतान लाभुकों को किया जायेगा। कार्यक्रम में उपयुक्त, उपविकस आयुक्त सहित कई पदाधिकारी, कर्मचारी और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जागरूकता रथ चलाकर दी गयी योजनाओं की जानकारी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं के लाभ लाभुकों को देते हुए शत-प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। इसके निमित्त गुरुवार को गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड के बाना और अरंगी पंचायत और नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर के विभिन्न वार्डों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से किया गया। प्रचार-प्रसार कार्य के दौरान उक्त क्षेत्रों में भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से चल रहे योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। देश के नागरिकों के लिए माननीय प्रधानमंत्री के भाषण का भी प्रसारण ग्रमीणों के बीच किया गया। एलईडी वैन से प्रचार-प्रसार किये जाने के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित रहे और भारत सरकार तथा राज्य सरकार के सहयोग से चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भली-भांति जानकारी प्राप्त किया। इस संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से फ्लैगशिप स्कीम्स फॉर रूरल अवेयरनेस और स्कीम्स फॉर अर्बन अवेयरनेस तथा जनजातीय जिलों और प्रखंडों के अंतर्गत भी विशेष स्कीमों को फोकस किया गया। उक्त मौके पर अपने-अपने क्षेत्रों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थें।

## तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण दीपक तिवारी, दुर्गेश कुमार द्वारा दिया गया। प्रखंड नगर उंटारी में कुल140 वार्ड सदस्य है, जिन्हें तीन फेज में प्रशिक्षण दिया जाना है। पंचायत चुनाव 2022 के पश्चात सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। प्रथम फेज में ग्राम पंचायत कुंबा खुर्द, बिलासपुर, हलिवंता कला और पिपरडीह के वार्ड सदस्य का प्रशिक्षण निर्धारित है। पशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि संविधान के 74वें संशोधन अधिनियम के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की शुरूआत की गयी थी। जिसमें ग्राम सभा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। ग्राम सभा मे मुखिया की अध्यक्षता में वार्ड सदस्यों की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण होती है। वार्ड सदस्य ग्राम सभा की रीढ़ होते है। वार्ड सदस्य की उपस्थिति में ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण अनिवार्य किया गया है। वार्ड सदस्यों को पंचायती राज विभाग द्वारा जारी किये गये विभिन्न योनजाओं और जारी निर्देशो की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। मौके पर प्रखंड समंवयक पंचायती राज कौशल कुमार, वार्ड सदस्य रीना देवी, पूर्णिमा देवी, रीता देवी, गरिमा, धेवंत देवी, फूलवंती देवी, शिला देवी, राकेश कुमार, सुमित्रा देवी, तारा देवी, रंजू देवी अनिता देवी सहित बड़ी संख्या में वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# आगामी चुनाव में बूथ एजेंट भी नहीं मिलेंगे विपक्ष को : मंत्री

**बीडीसी, बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष सहित 200 से अधिक लोग शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** रंका प्रखंड के विश्रामपुर सहित विभिन्न पंचायतों के 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, खरडीहा की बीडीसी नीरू देवी सहित दो सौ से अधिक लोग गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी में शामिल हुए। मंत्री ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहनकर पार्टी में शामिल किया। साथ ही सभी को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज जनता का रुझान जिस तेजी से झामुमो की ओर बढ़ रहा है, इससे साबित होता है कि सभी लोग इस बात को भली-भांति समझ गये हैं कि विपक्ष के लोग जनता की चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर जनता के हित में किये जा रहे कार्यों और राज्य के विकास को बाधित करना चाहते हैं। जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। अपने हक और अधिकार को अच्छी तरह से समझ रही है। आगामी चुनाव में विपक्षियों को अपनी हरकत के कारण उन्हें बूथ एजेंट तक भी नहीं मिलेगा। सबका एक तरफा रुझान झामुमो की ओर है। मंत्री ने कहा कि कहीं भी किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि उसके कार्यों की कद्र होती। उन्होंने कहा कि राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं, परंतु आज तक जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित का कोई कार्य नहीं किया और न ही क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य किया। परंतु हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में जिस गति से चौतरफा विकास हो रहा है ऐसा अब तक न तो किसी ने किया है और नहीं भविष्य में किसी और को करने की संभावना है।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित खरडिहा से बसंती पन्ना, देवनारायण यादव, शंकर यादव, बचन पांडेय, बिश्रामपुर से प्रवीण तिर्की, प्रदीप तिर्की, प्रकाश तिर्की, विकास तिर्की, सुशील एक्का, नितेश आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रमुख ने ग्रामीणों के खाता से फर्जी निकासी की: केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** सगमा प्रमुख के द्वारा दर्जनों ग्रामीणों के खाता से अपने यहां संचालित सीएसपी से अपना अंगूठा लगाकर फर्जी निकासी किया गया है। उक्त बातें पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने गुरुवार को चेचरिया स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वृद्ध ग्रामीणों का पेंशन की राशि उनके खाते में सरकार द्वारा भेजी जाती है। उक्त खाता से सगमा प्रमुख के सीएसपी से फर्जी तरीके से अंगूठा लगाकर उनके पेंशन की राशि की निकासी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सगमा प्रमुख के द्वारा प्रखंड के चैनपुर गांव के 18 ग्रामीणों से पशु शेड कराने के नाम पर 13000-13000 रुपये की अवैध वसूली किया गया था, जिसमें से 7 ग्रामीणों का पैसा चैनपुर ग्राम स्थित चौपाल में सैकड़ो ग्रामीणों के सामने प्रमुख द्वारा वापस किया गया। जिससे यह साबित हो गया है की प्रमुख अजय साव द्वारा अन्य ग्रामीणों से भी पैसों की अवैध वसूली किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के पूर्व बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा प्रखंड प्रमुख की मिली भगत से पैसे की वसूली किया गया था। उन्होंने कहा कि नगर ऊंटरी के पूर्व बीडीओ श्रवण राम के द्वारा भी मनचाहा वेंडर को मिलाकर मनरेगा राशि की लूट किया गया है। उनके द्वारा मनरेगा योजनाओं में जैसे तैसे करके योजना को पूरा कराने की कोशिश किया गया, उसके पश्चात मन चाहे वेंडर के खाते में पैसा डलवा कर राशि की लूट की गयी है। उन्होंने कहा कि बीडीओ श्रवण राम का नगर ऊंटरी से स्थानांतरण भी हो गया है, लेकिन वह जो भ्रष्टाचार प्रखंड में करके गये हैं, उसकी जांच कर उन पर कार्रवाई होना ही चाहिये। उन्होंने कहा की बीडीओ श्रवण राम पहले भी जहां रहे हमेशा विवादों में रहे। वहां के जिला अधिकारियों द्वारा भी उन पर कई बार कार्रवाई किया गया है। प्रेसवार्ता में अनुसूचित आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, दिनेश ठाकुर, सोबराती खां सहित अन्य उपस्थित थे।

## संयोजिका ने बीइइओ को 15 दिसंबर से एमडीम बंद होने की जानकारी दी

**15 दिसंबर शुक्रवार से सैकड़ो बच्चों को दोपहर में मिलने वाला भोजन बंद हो जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जमा दो उच्च विद्यालय के मिडिल सेक्शन में 15 दिसंबर से मध्यान्ह भोजन बंद कर दिए जाने की संयोजिका ने बीआरसी में लिखित सूचना दी है। इस कारण शुक्रवार से सैकड़ो बच्चों को दोपहर में मिलने वाला भोजन बंद हो जायेगा। इसका कारण विद्यालय के प्रधानाध्यापिका के द्वारा यथोचित सहयोग नहीं दिया जाना बताया गया है। प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय के मिडिल खंड में वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों को 15 दिसंबर शुक्रवार से दोपहर का भोजन और अंडा फल नहीं मिलेगा। विद्यालय की संयोजिका ममता देवी ने प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को इस आशय का संबोधित पत्र प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को समर्पित किया है। इस पत्र में संयोजिका ने कहा है कि उनके द्वारा विद्यालय में मध्यान्ह भोजन का विधिवत संचालन किया जाता है। बावजूद इसके खर्च के हिसाब से समय पर राशि का भुगतान प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला द्वारा चेक के माध्यम से कभी भी समय पर नहीं किया जाता। इतना ही नहीं बच्चों की उपस्थिति के अनुसार काफी संख्या घटाकर रोज खाना बनाने का आदेश दिया जाता है। उसमें यदि बच्चे बढ़ गये तो काफी परेशानी हो जाती है। इसका तिथि और वर्गवार हिसाब भी दिया गया है। ऐसी स्थिति में लगातार तंग आकर मध्यान्ह भोजन को बंद किये जाने की संयोजका द्वारा लिखित सूचना दी गयी है।

## नशीले पदार्थ के खिलाफ चलाया गया अभियान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। युवा समाजसेवी आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र नाथ ठाकुर के नेतृत्व में युवाओं की एक टीम ने नवादा पंचायत के जोबरईया, उंचरी गांव में जाकर नशे के चंगुल में फंस रहे बच्चे जो सनफिक्स जैसे जानलेवा नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे हैं उन्हें रोकने के लिए गांव के अभिभावक, बच्चों के माता-पिता को समझाया गया। श्री रविंद्र नाथ ठाकुर ने बताया कि सनफिक्स का नशा इतना घातक होता है कि लोग पागल तक हो जाते हैं। आजकल के बच्चे गलत संगत में पड़कर सनफिक्स का नाश कर रहे हैं। जो समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए काफी घातक है। इस अभियान में ब्रजेश कुमार पाल रंजीत कमलापुरी, जितेन्द्र पाल, जायनंद कुमार रवि, प्रदीप पाल, असरफ हुसैन, युनुस अंसारी जैसे युवा शामिल थे।

## राज्य स्तरीय बालक और बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। गढवा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में गुरुवार को अधौरा ग्राम स्थित टीडीएम कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय बालक और बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के 10 प्रखंड के खिलाड़ी शामिल हुये। आगामी 19 दिसंबर से 21 दिसंबर 2023 तक जामताड़ा में आयोजित होने वाले 18वीं जूनियर बालक और बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु रेफरी की भूमिका में हरेंद्र पासवान, विशाल सिंह ने जिम्मेदारी निभाया। मैच का शुभारंभ गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने नारियल फोड़कर किया। बालक वर्ग मेंनगर उंटारी ने भवनाथपुर को 5 प्वाइंट से हराया तथा बालिका वर्ग में नगर उंटारी ने मझिआंव को 25 पॉइंट्स से हराकर चैंपियन हुई। विकास स्वदेशी ने सभी खिलाड़ियों को मैडल देकर समानित किया। उन्होंने कहा कि 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिनके लिये 4 दिनों का कैंप लगेगा, उसके बाद खिलाड़ियों का अंतिम रूप में चयन होगा। चयनित खिलाड़ी जामताड़ा के लिए 18 दिसंबर को शक्तिपुंज से रवाना होंगे। चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग में अनंजय सिंह, आलोक, प्रतीक, अनिकेत, शुभम शर्मा, रंजन, नितेश, भानु सिंह, प्रियंजली दुबे, रानी तिग्गा, नेहा, अंजलि, सोनी, काजल, अमृता, जूही के नाम शामिल है।

## गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है सरकार आपके द्वार कार्यक्रम: शंभू चंद्रवंशी



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। पिपरीकला पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ जीप सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, अंचल अधिकारी बासुदेव राय, प्रमुख दीपा कुमारी, बीडीओ हीरक मन्ना केरकटा, उपप्रमुख कविता देवी, मुखिया सुसीला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जेएसलपीएस के द्वारा 6 महिला समूह के बीच 9 लाख रु का चेक दिया गया। मौके पर जीप सदस्य सह झामुमो केंद्रीय सदस्य शंभूराम चन्द्रवंशी ने कहा की सरकार के द्वारा पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जारहा है। इस मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सीआरपी महेंद्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधी अशोक पासवान, संजय चंद्रवंशी, पंचायत सेवक रामप्रवेश सिंह, जगदीस राम, मुकुल कुमार, अजय पाल, एजाज आलम, पंकज कुमार, जयप्रकाश कुमार सहित काफी ग्रामीण उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वि-लिफाफा पद्धति)**

अल्पकालीन ई– निविदा प्रसंग सं0– WRD/IMD/RANCHI/11/2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लतरातु जलाशय योजना के दॉंयी मुख्य नहर के दॉंया एवं बॉंया बैंक के विभिन्न चेन संख्या पर H/R, एवं C/R गेटों के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य । |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 55,33,000.00 (पचपन लाख तैंतीस हजार) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 1,11,000.00 (एक लाख ग्यारह हजार) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.12.2023 (05:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 28.12.2023 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.12.2023 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651–2912296 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :–
1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।


कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची

PR 313445 Irrigation (23-24)_D


# ग्रामीणों का आरोप: एक ही सड़क को दो योजना में दिखाकर सरकारी राशी की लूट

**अधिकारियों ने बगैर सड़क का निरीक्षण किये कार्यालय में बैठे-बैठे डीपीआर तैयार कर दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता





**भवनाथपुर।** भवनाथपुर के ग्रामीणों ने प्रखंड के पंडरिया पंचायत तथा चपरी पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से एक ही सड़क को दो दो योजना में दिखाकर सरकारी राशी की लूट करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं अधिकारियों ने बगैर सड़क का निरीक्षण किये कार्यालय में बैठे-बैठे डीपीआर तैयार कर दिया, जिसका नतीजा एक ही सड़क को दो दो योजना में दिखाकर कार्य कराया जा रहा है। जिसमें मुस्कैनी से बेलपहाड़ी साह टोला तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से 2.3 किमी सड़क का निर्माण करीब 2.30 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। जिसका शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने मई 2023 में किया था। बेल पहाड़ी गांव में पहुंचने के लिए पुल क्षतिग्रस्त है किंतु विभाग ने सड़क निर्माण में पुल का निर्माण नहीं दिया है।

वहीं पटनीदामर से बेलपहाड़ी परसाडीह अधौरा, चेपली होते घाघरा से रेलवे साइडिंग दुल्हर तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 10 किलोमीटर सड़क का निर्माण 8.70 करोड़ की लागत से स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन को मिला है। जिसका शिलान्यास नवंबर 2023 में विधायक भानु व सांसद ने संयुक्त रूप से किया था। लेकिन मजेदार बात यह है कि विभागीय लापरवाही या जानबूझकर एक ही सड़क को दो-दो योजना में दिखाया गया है। बीते दो वर्ष पूर्व बने सड़क को भी नया सड़क निर्माण में दिखाया गया है। बेलपहाड़ी स्कूल से लेकर तीनकोनिया होटल तक पीसीसी की ढलाई हो चुकी है, इसकी ढलाई मुस्कैनी से बेलपहाड़ी साह टोला तक योजना के माध्यम से हुआ है। जबकि तिनकोनिया बेलपहाड़ी होटल से पंडरिया स्कूल तक कालिकरण का कार्य 2022 में पैकेज योजना के तहत हुआ है। करीब चार वर्ष पूर्व कोणमंडरा सिवान से घाघरा होते रेलवे साइडिंग दूल्हर तक ग्रामीण विकास विभाग से कालिकरण हो चुका है। इसके बाद भी उक्त बने सड़कों को पटनीदामार, से होते बेलपहाड़ी, परसाडीह, अधौरा, चेपली, घाघरा, रेलवे साइडिंग दूल्हर तक योजना में नवनिर्माण के लिए शामिल किया गया है। इससे साफ प्रतीत होता है कि विभाग के अधिकारी बने हुए सड़क को तथा बन रहे सड़क को इसी योजना में शामिल कर सरकारी राशि की बंदर बांट करने के फिराक में हैं। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता धर्मेन्द्र कुमार से संपर्क करने पर कहा गया अभी बैठक में है,बाद में बात करते हैं जबकि कनिय अभियंता संजीव कुमार ने कहा हमारा कुछ दिन पहले स्थानांतरण हुआ है, विशेष जानकारी नहीं है, फिर भी जिस सड़क का कार्य हुआ है उसे यदि दुसरी योजना में लिया गया है तो उसे नो वर्क नो पेंमेट किया गया है।

## डीआइजी बिरथरे ने लोहरदगा कोर्ट का निरीक्षण किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। डीआईजी अनूप बिरथरे ने गुरुवार को लोहरदगा व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी ने कोर्ट की सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कोर्ट की सुरक्षा से संबंधित कई निर्देश दिए। डीआइजी ने आदेश दिया है कि कोर्ट के गेट पर पुलिसकर्मी मेटल डिटेक्टर लेकर तैनात रहेंगे। कोई भी प्रवेश करेगा तो उसकी चेकिंग होगी। जो व्यक्ति गाड़ी से आएगा तो पुलिसकर्मी उसपर भी नजर रखेंगे। इसके अलावा कोर्ट परिसर में पुलिसकर्मियों को सादे लिबास में तैनात किया जायेगा ताकि कोर्ट में आए व्यक्तियों पर वह नजर रख सके। रेंज डीआईजी को अपने-अपने रेंज के सभी जिलों के न्यायालय और न्यायाधीशों के आवासों की सुरक्षा की अघतन रिपोर्ट बनाकर डीजीपी को समर्पित करना है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सूचना/बुलावा पत्र**

हजारीबाग जिला में नियुक्त निम्नांकित पुलिसकर्मी काफी लम्बी अवधि से बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित/फिरार है :–

| क्र | पद एवं नाम | गृह पता | कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने का कारण तिथि सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | आ0 358 रितेश कुमार यादव | पिता– किशुन यादव, ग्राम+पोस्ट–देवकुली थाना–ईचाक, जिला–हजारीबाग | दिनांक 05.03.22 के पूर्वा0 07:00 बजे गिनती से बिना किसी सूचना या अनुमति के फिरार। |
| 2 | म0आ0 244 सोनी कुमारी | पिता– मदुनन्द प्रसाद, ग्राम+पोस्ट– बभनवे, थाना–मुफसिल, जिला–हजारीबाग | दिनांक 29.06.21 को चार(04) दिनों के अवकाश में प्रस्थान की थी, इन्हें 04.07.21 को कर्तव्य पर योगदान देना था, अबतक अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए है। |

उपरोक्त पुलिसकर्मियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचना/बुलावा पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है। यदि इसके पश्चात् भी आप दस(10) दिनों के अंदर अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध बर्खास्तगी से संबंधित अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 313449 Police(23-24)#D

# धड़ल्ले से चल रहा अवैध कोयले का काला धंधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सीसीएल से इन दोनों कोयला का अवैध धंधा जोरो पर है। कोयला का अवैध धंधा दो स्थानो बारिखाप स्थित मुख्य सड़क के किनारे केसीपी ब्लु पानी के समिप व बनवार पकरुवा मुख्य सड़क स्थित हनुमान चौकी से लगभग 100 मिटर की दूरी जंगल से किया जाता है। इन दोनों स्थानो पर कोयला भंडारण किया जाता है और रात्रि में लॉडर मशीन से 14 चक्का ट्रक मे लॉड कर एन एच 22 से बाहर भेजा जाता है। यह धंधा पिछले कई दिनों से चल रहा है। कोयला माफीयाओ द्वारा भंडारन को लेकर दोनों जंगल मे जेसीबी द्वारा साफ सफाई कर भंडारण के लिए स्थल बनाया गया और कोयले की तस्करी बेखौफ किया जा रहा है। बारिखाप स्थित केसीपी ब्लु पानी के पास बीते रात कोयला भंडारण कर लॉडर के सहारे ट्रक में लॉडिंग कर बाहर भेजा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल, व पिकप वैन से रात मे कोयला डंप होता है, और अर्धरात्रि उन सभी कोयला को माफीयाओं द्वारा सुबह होने से पहले पहले प्रत्येक दिन चार से पांच वाहन में मशीन से लॉड कर बाहर भेज दिया जाता है। इतनी भारी मात्रा में कोयला कहाँ से लाया जाता है। तस्कर करने वाले माफिया कौन हैं कोई पता नहीं हालांकि यह एक गहन जाँच का विषय है। बनवार पंकुरवा के बीच मुख्य मार्ग से सटे जंगल में भंडारण कर उठाव किए गए स्थल को देखने से यह प्रतीत होता है की पिछले कई दिनों से कोयला भंडारण कर अवैध धंधा चल रहा है। इधर लोगों की बात माने तो अवैध कोयला के लिए इंट्री मिलते ही सैंकड़ो बाईक से रैला की तरह गोनिया के रास्ते चतरा, होते बिहार राज्य तक कोयले लेकर जाते हैं जिससे प्रत्येक दिन लाखों रुपए सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है। इंट्री मिलने की बात अखबार पुस्टि नहीं करता है यह एक निष्पक्ष जाँच का विषय है। साइडिंग से कोयले की अवैध तस्करी न हो सके इसके लिए बारियातू थाना के अलावे अमरवाडीह पिकेट, मनातू पिकेट बना हुआ है। फिर भी लगातार धड़ले से कोयले की काले खेल से कई तरह के सवाल खड़ा होता है।





# सरकार से धान का क्रय मूल्य बढ़ाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार से धान का क्रय मूल्य 3100रु/ क्विंटल दर से क्रय करने की मांग की। उन्होंने कहा झारखंड से सटे छतिसगढ़ राज्य में वहां की भाजपा सरकार बनते ही 3100 रु / क्विंटल धान की खरीददारी करने घोषणा की और झारखंड की सरकार धान अधिप्राप्ति बढ़े दर पर करने की इस दिशा में अभी तक किसान हित में कोई बदलाव नहीं किया। इस ओर बताते चले की लोहरदगा जिले में समय पर बारिश नहीं होने से 40% खेत पर बिचड़े छीटे के छींटे रह गए। खेती हुआ ही नहीं। बची 60% जमीन पर खून पसीना लगाकर किसान दूर दूर से पानी का वयवस्था बनाकर किसी तरह सिंचाई करके धान का फसल लगाया जिसका पैदावार काफी कम हुआ है। और जो थोड़ा बहुत उपज हुआ भी तो यहां के किसान औने पौने दाम पर धान बिचौलियों के हाथ बेच रहें हैं। जिससे किसानों को लागत मूल्य का भी पैसा नहीं मिल रहा है। किसान अपने जिवीकोपार्जन को लेकर चिंतित है। अभी तक सरकार और से आकाल एवं कम पैदावार का सर्वे कर किसानों को मुआवजा देने पर अभी तक किसी तरह की पहल नहीं कि गई है। किसान सरकार से आस लगाए बाट जोह रहें हैं। किसान मरे या जिए सरकार को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। किसान के हित में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह शिथिल पड़ गई है। इस कारण किसान किस्मत का मारा बेरोजगारी के प्रकोप से दूसरे प्रदेश के ईट भट्ठों में जाकर काम करने को विवश है।

# आजसू में कार्यकर्ता लगातार हो रहे शामिल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में शहरी क्षेत्र के सदस्यों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। जिसमें मुख्य रूप से रोहित महतो, मोहित शर्मा, राजकुमार साहू, सनी साहू, विक्की विश्वकर्मा, प्रशांत साहू अपने समर्थको के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए। इनका स्वागत माला पहनाकर एवं आजसू का अंग वस्त्र देकर किया गया। मौके पर लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा की आम जनता का रुझान आजसू पार्टी की ओर है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि लगातार आजसू पार्टी में कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। आजसू पार्टी ही जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह केंद्रीय सचिव अरविंद यादव केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल केंद्रीय महिला मोर्चा महासचिव अंजू देवी लोहरदगा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता साहू, नेता इकरामुल अंसारी, ब्रज सिंह, रँथु उराँव विनोद सिंह मनोज गुप्ता सागर वर्मा राजेश शर्मा जतरू मुंडा, राजन मेहता विश्वनाथ उरांव मोहम्मद इम्तियाज बबलू,एन कुजूर आयुष मेहता विजय महतो विजय उरांव संदीप भगत मालती टोप्पो सुनीता साहू हेमंती देवी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसजीआरएस ने सेविकाओं को किया सम्मानित



**बरवाडीह (आजाद सिपाही) ।** गुरुवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय में मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर प्रखंड की सेविकाओं के साथ बैठक किया गया।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सारथी योजना के लिए बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं सुनीता देवी विजय लक्ष्मी देवी अनिता देवी आदि को एसजीआरएस संस्था के राज्य समन्वयक अब्दुल जब्बार जी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बरवाडीह अनिता देवी महिला प्रवेक्षिका नीला रानी कुजूर संस्था के जिला समन्वयक मनोज दत्त देव उपस्थित थे। वही योजना का लाभ पलायन करने वाले ग्रामीण युवक एवम युवती को देने की बात एसजीआरएस संस्था के राज्य मनवायक अब्दुल जब्बार के द्वारा कहा गया। साथ ही साथ बरवाडीह के सभी पंचायत में एक एक पंचायत समन्वयक के लिए चयन करने का जिम्मा प्रखंड की सेविकाओं को दिया गया। ताकि मानव तस्करी पर रोक लगा कर बेरोजगार युवक एवम युवती को सरकारी तरीके से बेहतर प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा में उन्मुख किया जाए। जिससे युवक एवम युवती सुरक्षित एवम सही जगह पर रोजगार पा सके । झारखंड सरकार के द्वारा विगत दिनों झारखड़ राज्य के हर जिले में मुख्यमंत्री सारथी योजना का संचालन श्रम नियोजन कौशल एवम प्रशिक्षण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमे एसजीआरएस संस्था अपना योगदान दे रही है ।

# 20 दिसंबर तक हर हाल में राशन वितरण करने का दिया सख्त निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**महुआडांड ।** लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा गुरुवार को महुआडांड का दौरा कर महुआडांड प्रखण्ड सभागार में डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में गोदाम मैनेजर संजय मिंज, डीएसओ कार्यालय के आशिष यादव, डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, मंगल सोनी, बद्रीनाथ प्रसाद, अशोक प्रसाद, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, शेरू खान, अनुप कुमार पांडेय, सत्येंद्र प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता आदि समेत लगभग सभी राशन दूकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद थे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा कि दबे कुचले एवं आर्थिक से कमजोर लोगों के लिए सरकार के द्वारा राशन वितरण की व्यवस्था कि गई है। सो इसमे बहानेबाजी या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने डीलरों को 20 दिसंबर तक सौ प्रतिशत हर हाल में राशन वितरण करने का सख्त निर्देश दिया।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने राशन वितरण नही करने वाले डीलरों से बारी बारी से अब तक राशन वितरण नही करने का कारण पुछा व ससमय राशन वितरण करने का निर्देश दिया अन्यथा कारवाई करने की बात कही। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने छह माह से अधिक समय से राशन नही लेने वाले कार्डधारियों की सुची उचित कारण लिखकर तत्काल सौंपने का निर्देश दिया ताकि इन कार्डधारियों का कार्ड डिलेट किया जा सके।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मी लकड़ा ने राशन वितरण करने के समय डीलरों को आ रही परेशानी एवं समस्याओ से भी अवगत हुए एवं उनके निराकरण की बात कही।

# अपराध रोकने के लिए चलाया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना के समीप अपराध रोकने के लिए सघन वाहन जांच अभियान प्रभारी थाना प्रभारी गणेश कुमार यादव ने सेन्हा पुलिस जवानों के सहयोग से चलाया। वाहन जांच के दौरान दो पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक को रोककर हेलमेट तथा वाहन सम्बन्धित कागजातों का जांच किया गया। जिन मोटरसाइकिल चालक बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए पाए जाने पर वैसे लोगो को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और गाड़ी का कागज साथ में लेकर चलने का कड़ी चेतावनी दिया गया। वाहन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर सशस्त्र बल के सहयोग से चलाया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किये मॉडल




आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा ।** गुरुकुल एकेडमी में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5 से दस तक के दो दर्जन ग्रुप में बंटे विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक अपने मॉडल प्रदर्शित किए। स्कूल की प्रबंधक अनुराधा आनंद ने विज्ञान प्रदर्शन का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे केवल किताबी शिक्षा प्राप्त नही करें बल्कि हर क्षेत्र में आगे आएं। बीच-बीच में बच्चों के बीच इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से उनका बौद्धिक, मानसिक के साथ व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा भी सामने आती हैं और छात्रों के बीच टीमवर्क और सहयोग की क्षमता भी बनती है। कार्यक्रम के अंत मे बेहतर प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक साहिल खान,अरविंद एक्का, अरमान अमीर, जेनेट कुजूर ने अहम भूमिका निभाई।

# बरवाडीह में फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू



**बरवाडीह (आजाद सिपाही) ।** बरवाडीह रेलवे स्पोट्र्स क्लब के मैदान में गुरुवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू हुई। पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार राजू, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू , मुखिया कालो देवी, पूनम देवी समेत अन्य अतिथियों ने सयुंक्त रूप सें फीता काट कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया । पहला मैच उक्कामाड़ और खुरा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमे एक तरफा मुकाबले में उक्कामाड़ की टीम ने खुरा को 4 - 0 सें हरा कर अगले राउंड में प्रवेश की। वहीं दूसरा मैच चुगरू और छेचा के बीच खेला जाना था,लेकिन निर्धारित समय पर चुगरू की टीम के नहीं पहुंचने के कारण छेचा की टीम को विजय घोषित कर दिया गया। प्रतियोगिता का समापन 17 दिसंबर को होगा। मौके पर वरीय अनुभव अभियंता आशिफ इकबाल, प्रखंड समन्वयक मनजीत कुमार सिंह, अभियंता मंटू लाल उराव आयोजन के निर्णायक मंडल के रूप में अशफाक अहमद मुन्ना , काजमी अनवर, प्रेम कुमार अधूरा, रेलवे क्लब सचिव रणजीत सिंह राणा, सुबोध कुमार पाल,सोमू वर्मा, रुपेश कुमार, आर एन चौधरी, गोपाल राजवंशी संजय यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# पीसीसी निर्माण में डस्ट और मिट्टी युक्त बालू का किया जा रहा प्रयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हेरहंज/ लातेहार ।** सेरनदाग पंचायत के खपिया गांव से सेरनदाग गांव तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी दौरान खपिया बस्ती में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमे ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया है की उक्त पीसीसी निर्माण में डस्ट और मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग कर सबसे निम्न स्तर का सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसकी गुणवता कुछ भी नही। ग्रामीणों ने यह भी कहा की विभाग के कनीय अभियंता और सहायक अभियंता के मौजूदगी में यह सब कार्य हो रहा है। जबकी विरोध भी किया गया। ग्रामीण घनश्याम सिंह,उपमुखिया विनोद सिंह समेत कई लोगो ने बताया की शुरूवाती समय से हीं यह विरोध होता गया और मौखिक शिकायत भी विभाग के लोगो के पास की गई पर कोई सुनने वाला नही आज भी वही हुवा कनीय अभियंता के मौजूदगी में भी यह कार्य हुवा। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग के पदाधिकारी और सवेंदक के मिलीभगत के कारण सड़क का निर्माण सबसे निम्न स्तर का कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा की इतना हीं नही मात्रा के अनुसार कोई सामग्री का उपयोग नही हो रहा है। ग्रामीण यह भी बताते है की ठीकेदार द्वारा यह कह दिया जाता है की जहाँ शिकायत करना है करो सबको पैसा मिलता है। गौरतलब हो की उक्त सड़क का निर्माण 5.50 कि0 मी0 किया जाना है । जानकारी के मुताबिक उक्त सड़क का प्राक्कलन राशि तीन करोड़ सन्तानवे लाख बताई जा रही है।

# गवाही समय पर न होने से मामला लंबे समय तक कोर्ट लटका रहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी, पीड़ित प्रतिकर कमेटी एवं पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की बैठक बुलाई गई। जिसमें जिले के उपायुक्त सह डालसा के उपाध्यक्ष डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पोक्सो जज अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा हारिस बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार, निबंधक राज कल्याण, सिविल सर्जन, डीएफओ, जेलर, सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे । 10 वादों में पीड़ित प्रतिकर राशि देने को लेकर चर्चा की गई जिसमें 8 पीड़िताओं को अंतरिम मुआवजा प्रदान करने की राशि तय की गई एवं दो केस में फाइनल मुआवजा की राशि तय की गई। पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की भी बैठक बुलाई गई जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त डीसी लोहरदगा, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा, स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट अरविंद कुमार, लोक अभियोजक मिनी लकडा, पुलिस निरीक्षक एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मीटिंग में यह पाया गया कि गवाहों के गवाही समय पर न होने कारण पोक्सो के मामले लंबे समय तक न्यायालय में चलते रहते हैं। जिसके कारण पोक्सो के पीड़िता या पीड़ित को समय पर न्याय नहीं मिल पाता है । जबकि पोक्सो केस को छह माह में निष्पादन करने का निर्देश है। चिकित्सकीय जांच परीक्षण एवं उम्र निर्धारण के संबंध मे कई दिशा निर्देश भी जारी किए गए।

# कराटे (अंडर-14) खेल में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा कुडू का मोहन



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जिंगी संकुल स्थित उ. मध्य विद्यालय तान में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत मोहन टाना भगत दिल्ली के लिए रवाना हुआ। वह झारखंड सरकार शिक्षा विभाग द्वारा 'खेलो झारखंड' प्रतियोगिता के तहत झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व दिल्ली में करेगा। ध्यातव्य है कि 'टाना भगत इंडोर स्टेडियम रांची' में विगत 27-28 सितंबर 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में गोल्ड मेडल जीतकर मोहन टामा भगत ने अपनी दावेदारी सुनिश्चित की थी। उक्त चयन शिविर में जिंगी संकुल प्रधान सह राउ उच्च विद्यालय जिंगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी स्वंय संकुल के कराटे खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को लेकर गए हुए थे। मौके पर प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि अपनी मेहनत और कोच देवंती मैम के बेहतरीन निर्देशन में मोहन ने दिल्ली तक का सफर तय कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। क्षेत्र के बच्चों में असीमित प्रतिभा है जिसे निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मौके पर तान स्कूल के प्रभारी अनिरूद्ध साहू, जिंगी स्कूल के शिक्षक -शिक्षिकाएं ज्याउल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हमारा संकल्प देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्यः हरे कृष्ण

डिम्पल राजा



**मनिका/ लातेहार।** प्रखंड परिसर मे गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा लातेहार जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू राजा, कांग्रेस विश्व सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया। वही भाजपा के जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण ने बताया कि हमारा विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य है। ग्रामीण भी अपनी छोटी-छोटी योगदान कर केंद्र की इस महत्वपूर्ण योजना में अपनी योगदान कर भारत के विकसित में अपना सहभागिता कर सकते हैं भारत तभी विकसित होगा। इस दौरान लोगों को जागरूकता किया। केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। श्री सिंह ने कहा कि आपको शौचालय दिया जाना देश की महिलाओं को सम्मान की रक्षा है। मोदी विकास और समृद्धि के पर्याप्त हो गए हैं। उनका लक्ष्य 2047 तक भारत को सबसे अधिक विकसित बनाना है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य राजधानी यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# नेशनल योगासन स्पोर्ट्स में प्रवेक्षक बने प्रशांत कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** कोलकाता में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 18 दिसम्बर से आयोजित 67 वां नेशनल योगासना स्पोर्ट्स में प्रवेक्षक के रूप में डाढ़ा ग्राम निवासी सह निर्मल सिंह मेमोरियल स्कुल के डायरेक्टर प्रशांत कुमार सिंह को चयन किये जाने पर डाढ़ा ग्राम सहित पुरे प्रखंड व जिला में खुशी। प्रवेक्षक सह निर्मल सिंह मेमोरियल स्कुल के डायरेक्टर सिंह ने बताया कि एसजीएफआई द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष कोलकाता में 67वां नेशनल योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 18 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक कलकत्ता के हेरिटेज स्कूल में आयोजित किया गया है। प्रशांत कुमार सिंह को नेशनल योगासन स्पोर्ट्स में प्रवेक्षक नियुक्त किये जाने पर उमेश सिंह, हाजि मो खोबैब, देवनंदन प्रसाद, लव कुमार सिंह, आनंद राज, उमेश प्रसाद, उपेन्द्र नाथ सिंह, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु सहित कई लोग शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना के क्षेत्र के सरेंगहातु पूल के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गया है। घायल में देर रात्रि गश्ती पुलिस ने उठाकर सदर अस्पताल लोहरदगा इलाज के लिऐ पहुंचाया। स्कूटी संख्या जेएच 08ए 5381 और जेएच 01सीसी 0739 आपस में टकरा गया। जिससे दो युवक घायल हो गए व अचेत अवस्था में सड़क पर पड़े थे। पुअनि गणेश कुमार यादव ने कहा कि एक युवक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के पल्मी गांव के बिरिया उरांव के पूत्र सुजीत उरांव के रुप में हुआ है।

## नाबालिग ने यूरिया का किया सेवन स्थिति गंभीर




गुमला (आजाद सिपाही) । सुरसांग थाना अंतर्गत कसीरा बाघ कोना निवासी 16 वर्षीय नाबालिक किशोर ने बुधवार की रात यूरिया का सेवन कर लिया। स्थिति खराब होने के बाद परिजनों द्वारा उसे अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया बुधवार की शाम खेत से धान काटकर घर आया। इसके बाद सभी कोई साथ में खाना खाए। खाना खाने के 1 घंटे बाद रात लगभग 9:00 बजे किशोर ने अपनी मां को बताया कि उसने यूरिया का सेवन कर लिया है। स्थिति खराब होते देख परिजन उसे अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है वही घटना के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### पालकोट के सेमरा जंगल में घटी दर्दनाक घटना

# पेड़ से टकरायी तेज रफ्तार बाइक, तीन लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



पालकोट। सेमरा जंगल के समीप एक तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से तीन लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान समर्पण एक्का, जार्ज कोंगाड़ी और मिखाईल बाखला के रुप में हुई है। घटना गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे की है।मरने वाले तीनो लोग सेमरा गांव के रहने वाले है।साथ ही तीनो की आपस मे रिश्तेदारी भी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँचे तीनो के परिवार के सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल है। तीनो मृतकों में दो के छोटे छोटे बच्चे भी है।सूचना के बाद पहुँची पालकोट पुलिस तीनो शवो को उठाकर पहले पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस तीनो शवो को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के बावत बताया जाता है कि तीनों गुरुवार को दोपहर में एक ही बाइक में सवार होकर अंबेराडीह बाजार आये हुए थे। जहां से देर शाम तीनो नशे की हालत में अपने गांव लौट रहे थे। तभी घर पहुँचने से कुछ दूर पूर्व सेमरा जंगल के पास बाइक चला रहा 20 वर्षीय समर्पण एक्का अपना नियंत्रण खो बैठा।और बाइक तेज रफ्तार से एक विशाल पेड़ से जा टकराई।टक्कर लगते ही बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं तीनो लोग जंगल में दूर जा गिरे। आसपास के राहगीर घटना को देख उनकी मदद के लिए आगे आए लेकिन तीनो की मौके पर ही मौत हो गई थी। तीनों के सिर व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। तीनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुँच कर पहले घायलों की स्थिति को देखा। पुलिस ने भी पाया कि तीनों की मौत हो चुकी है।

## जंगल बचाओ समिति ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध किया प्रदर्शन

गुमला (आजाद सिपाही)। जंगल बचाओ अभियान समिति गुमला इकाई के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुमला कचहरी से सैकड़ो की संख्या में जुलूस निकालकर वन प्रमंडल गुमला के समक्ष समिति के प्रभारी रोपना उरांव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। पहाड़ी क्षेत्र से आए जुलूस में शामिल ग्रामीणों द्वारा गुमला रेंजर का भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराओ, वन विभाग की योजनाओं को अपने पॉकेट की योजना के माफिक संचालित करना बंद करो, गुमला रेंजर मुदार्बाद, इंकलाब जिंदाबाद, हाथी से जानमाल की रक्षा करना होगा, प्राक्कलन को छुपा कर लाखों रुपए की घपला नहीं चलेगा, जैसे जोशपूर्ण नारे लगाए जा रहे थे। मौके पर उपस्थित माले के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि वन विभाग की योजनाओं में भ्रष्टाचार आम हो गई है।

## थाना में बाइक मलिक को सौंपा गया वाहन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला । सदर थाना क्षेत्र के झारखंड डीपा स्थित लेचा टोंगरी के आम बगीचा से विगत सोमवार को पुलिस द्वारा लावारिस हालात में बरामद किये गए बाइक के मालिक को ढूंढ निकाला है। बाइक मालिक की पहचान शहरी क्षेत्र के दुंदुरिया करंज टोली बस्ती निवासी अमित भूषण टोप्पो के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने अमित को थाना बुलाकर बाइक उसके जिम्मे सौप दिया है।साथ ही अमित के आवेदन के आधार पर बाइक से चोरी गए दोनो चक्का, बैटरी, मीटर,पेट्रोल आदि को लेकर एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। पुलिस को अमित ने बताया की वह मिर्गी बीमारी का मरीज है।और रविवार को वह बाजार करने झारखंड डीपा गया हुआ था।तभी उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया।और वह जमीन में अचेत गिर गया।मगर इस दौरान किसी की भी उस पर नजर नही पड़ी।कुछ लोगो की नजर पड़ी भी तो वह शराब पीकर गिरे होने की बात समझ कर उसे देखने नही पहुँचे।इसके बाद वे घंटो मौके पर पड़े रहे।फिर देर रात को बाजार से लौटने वाले कुछ परिचितो की उनपर नजर पड़ी।इसके बाद वे उन्हें उठाकर घर पहुँचा दिए।जिसके बाद दूसरे दिन उन्हें सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।जहां इलाज के बाद वे बेहोशी से बाहर आये।बेहोशी से बाहर आने के बाद उन्हें सब बात याद आई।उन्हें यह भी याद आया कि उनका बाइक बाजार में ही छूट गया। इसके बाद सोशल मीडिया में चली खबर देखकर पता चला। जिसके बाद वे थाना पहुँच कर खुद के बाइक होने की बात कहते हुए आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस ने कागजातों का मिलान कर बरामद बाइक उसे सौप दिया।

## नेतरहाट घाटी में 6 इंच की नींव पर बनाये जा रहे हैं गढ़वाल

आजाद सिपाही संवाददाता



बिशुनपुर। प्रखंड का संकीर्ण घुमावदार एवं गढ़वाल बिहीन नेतरहाट घाटी पर्यटक एवं आम लोगों के लिए मौत का बड़ा कारण बन गया है। घाटी में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए इन दोनों पथ निर्माण विभाग गुमला के द्वारा में गढ़वाल का निर्माण कार्य चल रहा है। परंतु गढ़वाल सड़क से मात्र 6 इंच की गहराई पर नीव बनाया जा रहा है। जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम लोगों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक खरवार ने बुधवार को नेतरहाट घाटी में हो रहे कार्यों का अवलोकन किया और प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कहा कि यह नेतरहाट के पर्यटकों का मुख्य मार्ग है जहां पर मात्र 6 इंच की की गहराई के नीव पर गढ़वाल का निर्माण कराया जा रहा है जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो बॉक्साइट ट्रक एवं पर्यटक वाहनों का परिचालन होता है और जिस प्रकार से मात्र 6 इंच के नीव पर गढ़वाल का निर्माण कराया जा रहा है इसे कोई भी गाड़ी हल्का सा धक्का मार देगी तो टूट जाएगा। और गाड़ी सैकड़ो फीट नीचे खाई में जा गिरेगी। तो फिर इस तरह के निर्माण कार्य करने का क्या अचित है। वही घाटी में कार्य कर रहे रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि यह नया गढ़वाल का निर्माण नहीं हो रहा है पथ निर्माण विभाग के द्वारा मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है जिस कारण सड़क से मात्र 6 इंच की गहराई पर इसका निव देना है और उसी के अनुपात पर कार्य चल रहा है उन्होंने कहा कि विभाग जिस प्रकार से एस्टीमेट बनाकर हम लोगों को देगी हम लोग उसी प्रकार से काम करेंगे अब सवाल यह उठता है कि विभाग को यह पता नहीं इस सड़क पर कितनी भारी वाहन चलती है और गढ़वाल नहीं होने कारण अब तक कई बॉक्साइट ट्रक एवं पर्यटक वाहन सैकड़ो फीट नीचे खाई में जा गिरे है। जहां से घायल को निकालने में पुलिस को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।

## फैलोशिप रिद्धि कपूर ने किया दो गांवों में निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



घाघरा। प्रखंड के दो गांवों में नीति आयोग की फैलोशिप रिद्धि कपूर ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस क्रम भारत सरकार के नीति आयोग की फैलोशिप प्रखंड क्षेत्र के सरांगो गांव पहुंचे, जहां तुरी समाज के द्वारा बास से बनाए जा रहे हैं सामग्री को देखा। इस क्रम में कई चीजों की जानकारी संबंधित ग्रामीणों से ली। बनाने में खर्च बनाने की विधि विभाग द्वारा मिले सहयोग के बाबत जानकारी ली। इसके बाद चूल्हामाटी गांव में महिलाओं द्वारा सखुआ पत्ता से बनाए जा रहे दोना एवं पतल को देखा और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं से बात कर जानकारी ली, साथ ही मार्केट में पत्तल और दोनों की बिक्री, बनाए जाने वाले खर्च के बाबत पूछा। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने नीति आयोग के फैलोशिप के लोगों को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई गांव में ग्रामीणों द्वारा बॉस के सूप, दउरा सहित कई अन्य चीजों को बनाकर उसकी बिक्री बाजारों में की जाती है। इसके साथ ही कई गांव के लोग जो जंगल क्षेत्र में निवास करते हैं। शकुवा पत्ते से दोना पत्तल बनाकर भी अपने आय को बढ़ाते है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करते हैं । नीति आयोग के फैलोशिप रिद्धि कपूर ने एक-एक ग्रामीणों के द्वारा बनाए जा रहे हैं बॉस की सामग्रियों का फोटो भी लिया। साथ ही कहा कि आप सभी किसी भी तरह का अन्य सहयोग चाहे तो विभाग से समन्यवय बनाकर प्राप्त कर सकते है ।

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



घाघरा। घाघरा पुलिस ने नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में गुमला भेजा। इस संबंध में घाघरा थाना में एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने बताया कि घाघरा प्रखंड के एक गांव की नाबालिक बच्ची को गांव के ही अन्य बच्चों के साथ उसके परिवार वाले खेलने के लिए छोड़कर घर के अंदर चले गए और सभी दशकर्म में लगे हुए थे। लौटने के बाद बच्ची को वहां नहीं पाया गया, इस संबंध में काफी पूछताछ परिजनों द्वारा की गई तो गांव के हैं बबलू उरांव को बच्ची के आसपास देखा गया था। बबलू उरांव स्त्रियों के प्रति अपने बुरे आचरण में बदनाम था इसलिए परिजनों द्वारा पूरा विश्वास हुआ और बच्ची को बबलू उराव ले गया होगा। जिसके बाद परिजन बच्ची को अन्य ग्रामीणों के सहयोग से ढूंढने लगे। काफी ढूंढने के बाद गांव से कुछ दूरी एक सुनसान जगह पर बच्ची को बबलू उरांव के साथ पाया गया जैसे ही गांव वालों के टोर्च की रोशनी बबलू पर पड़ी वह अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। बच्ची को घर ले जाने के बाद जब बच्ची की मां ने घटना के संबंध में पूछा तो बताया वह बाहर खेल रही थी और बबलू उरांव ने बोला चलो तुम्हारी मां बुला रही है। बच्ची उस पर विश्वास कर चली गई लेकिन जब वह घर से सुनसान जगह की तरफ ले जाने लगा तो बच्ची डर गई और घर वापस जाने की जिद करने लगी। जिस पर बबलू उराव बच्ची का मुंह दबाकर जबरदस्ती खींचते हुए सुनसान जगह की तरफ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वही पुलिस अधीक्षक को घटना की सूचना देने के बाद तत्वरित कार्रवाई करते हुए बबलू उराव को गिरफ्तार कर दिया गया। वही छापेमारी करने में थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, एसआई जयश्री मिंज, निर्मल महतो, जयनंदन राय, जैप के दो जवान शामिल थे।

## जेसिवाइ गुमला का क्रिसमस गेदरिंग 16 को



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन की जिला कमेटी के द्वारा 16 दिसंबर को क्रिसमस गैदरिंग का अयोजन बख्तर साय मुंडन साय स्मृति भवन (ऑडिटोरियम) में किया जाएगा। क्रिसमस शोभा यात्रा सह क्रिसमस गैदरिंग को लेकर कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए टीम के पदाधिकारियों ने गुरूवार को बैठक की। कमेटी के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्रिसमस की शोभा यात्रा होगी। इस शोभा यात्रा में मसीही समुदाय के हजारो लोग जुलूस के रूप में लूथरन मिशन से निकलकर प्रभु येशु के संदेश को प्रचारित करते, क्रिसमस गाना बजाते व नाचते गाते हुए ऑडिटोरियम पहुंचेंगे। तत्पश्चात पूरा जुलूस सभा के रूप में तब्दील हो जाएगा।

## फेयर प्राइस डीलर एशोसिएशन की बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



सिसई। प्रखंड के माघी बगीचा में गुरुवार को फेयर प्राइस डीलर एशोसिएशन की बैठक हुई। अध्यक्षता एशोसिएशन के सिसई प्रखंड अध्यक्ष मकीन अंसारी ने किया। बैठक में डीलरों की वर्षो से लंबित तीन सूत्री मांगों को लेकर ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन झारखंड इकाई के आह्वान पर आयोजित 1 जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा करते हुए हड़ताल का समर्थन में निर्धारित तिथि से राशन उठाव,वितरण और ई पोस मशीन का काम ठप रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी डीलर काला बिला लगारे हुए थे।

मकीन अंसारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की दमनकारी नीति के कारण प्रदेश के ही नहीं पूरे भारतवर्ष के डीलरों का शोषण हो रहा है। पूरे देश के गरीबो के बीच अन्न वितरण करने वाला डीलरो की स्थिति दयनीय है। चोरी कालाबाजारी सहित कई तरह के आरोप को झेलते हुए डीलर नाम मात्र के कमीशन पर कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद सरकार के द्वारा अनुकम्पा का प्रावधान को हटाना डीलरों के साथ अन्याय है, अनुकम्पा को जारी रखने,कमीशन वृद्धि या 50 हजार मानदेय देने और लॉक डाउन के दौरान पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत राशन वितरण किये गए 21 माह का कमीशन भुगतान करने की मांग को लेकर अनेकों बार धरना प्रदर्शन किया गया। किन्तु केंद्र और राज्य सरकार ने डीलरो की मांग पर कोई रुचि नहीं दिखाई।जिससे मजबूर होकर पूरे देश के डीलर 1 जनवरी 2024 से अनिश्चिकालीन राष्टव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

मौके पर अनिल साहु,रहमान अंसारी, संदीप ओहदार, शिवदयाल पहान, हरिहर जायसवाल, पूनम देवी, नीलम देवी, बेरनादित लकड़ा, मालती देवी, ज्योतिष नाथ शाहदेव, मंजू देवी, शांता कुजूर, सुगंती देवी, पुनी देवी, पुष्पा देवी सहित सभी डीलर उपस्थित थे।

## छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य पदक जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



बसिया। एकलव्य विद्यालयों के चतुर्थ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, भोगनाडीह, साहिबगंज में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्रों ने खेल के प्रथम दिन शानदार प्रदर्शन किया। 14 और 15 दिसंबर को आयोजित इस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रायियोगिता में भाग लेने हेतु एकलव्य बसिया से 64 खिलाड़ी छात्रों का दल 2 संरक्षक शिक्षकों के साथ भोगनाडीह, साहिबगंज गया हुआ है। खेल के प्रथम दिन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण,6 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में सुमंत सिंह मुंडा गोला व चक्का फेंक में, समीर उराँव गोला व चक्का फेंक में,आकाश उराँव भाला फेंक में,चुडू मुंडा योगा में, अर्जुन उराँव 400 मी. दौड़ में तथा आलोक उराँव 800 मी. दौड़ में रहे।वहीं खो-खो और कबड्डी की स्पर्धा में विद्यालय की टीम ने स्वर्ण जीता। इसी तरह आलोक उराँव को 1500मी. में, सुमित उराँव को 400 मी.तथा 800मी. में तथा दशरथ टाना भगत ने 200 मी. में रजत पदक जीता।वॉली बॉल तथा फुटबॉल की टीम स्पर्धा में एकलव्य, बसिया को रजत पदक प्राप्त हुआ। दशरथ टाना भगत को 100मी. दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन एकलव्य विद्यालय, बसिया के छात्रों को मिली इस सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी तथा गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## मनिहारी बेचने वाले की पुत्री ने कर दिखाया कमाल

### मिस गुजरात का खिताब हासिल कर लौटी गुमला की बेटी प्रज्ञा राज

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। नाम प्रज्ञा राज, पिता का नाम मिथिलेश कुमार राय, माता : सीमा रानी राय निवासी गोकुल नगर गुमला शिक्षा वर्ग आठवीं की छात्रा केन्द्रीय विद्यालय , गुमला की विद्यार्थी और सबसे खास बात कि उसके पिता का पेशा ठेले में मनिहारी के सामानों के विक्रेता । अब घर की आर्थिक स्थिति ऐसी कि मुश्किल से जीवन यापन हो रहा है और बेटी का हौसला ऐसा कि पूरे आकाश की सैर करने को आतुर। अब हौसलों को तो पंख चहिए न। प्रज्ञा चुपचाप बैठने वालों में से नहीं है। आखिर उसने जीत ही लिया नेशनल लेवल का मिस गुजरात अवार्ड। क्या बोलती है प्रज्ञा। प्रज्ञा ने कहा कि उसे बचपन से ही फैशन शो देखने का शौक था` फैशन शो देखकर उसके मन में इच्छा जागृत होती थी कि वो भी एक माडल बने, और इस क्षेत्र में अपना , अपने परिवार , अपने देश और आपने जिले का नाम रौशन करे।

वह आगे कहती हैं कि शुरू में तो कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि इस क्षेत्र में स्थापित होने के लिए शुरूआत कहाँ से की जाए । लेकिन कुछ छोटी - छोटी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के बाद उसे पहला बड़ा ब्रेक दिया बॉबी इन्टरटेंमेंट ने । यहाँ आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में उसने भाग लिया । उसका फोकस टारगेट पर था । शायद इसी का नतीजा था कि इस प्रतियोगिता में उसे चैम्पियन घोषित किया गया। इसी वर्ष यानी 2023 में ही पहली बार मिस झारखंड बनी। इस माह में मिस झारखंड के अवार्ड ने उसे हौसला दिया । और इसी वर्ष 2023 में गुजरात में नेशनल लेवल की प्रतियोगिता आयोजित हुई ।इस प्रतियोगिता का नाम सीएलएम मिस्टर, मिस, मिसेज, एंड किड्स यूनिवर्स 2023 था। इस प्रतियोगिता में उसे फर्स्ट रनर अप का अवार्ड दिया गया । इसी गुजरात के अहमदाबाद में 3 दिसम्बर 2013 को एक और नेशनल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका नाम मिस टाइट ऑफ गुजरात 2023 था। अहमदाबाद जैसे महानगर में इस खरखंड की बेटी ने इस प्रतियोगिता में बाजी मारी और उसने मिस गुजरात का अवॉर्ड जीत लिया। प्रज्ञा नेशनल - इन्टरनेशनल फैशन प्रतियोगिताओं में झारखंड व भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहती है।

प्रज्ञा राज को नगर परिषद के प्रशासक ने क्राउन पहना कर और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होने अपने कार्यालय कक्ष में अपने सहकर्मियों के समक्ष उसके हौसलों की सराहना की।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




गुमला। पर्यटन,कला, संस्कृति, खेलएवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय एवं जिला प्रशासन यानी जिला खेल कार्यालय गुमला के तत्वाधान में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में किया गया। तीन दिवसीय चलने वाले प्रतियोगिता का विधिवत उद्धघाटन मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित उप विकास आयुक्त,गुमला द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और फुटबॉल किक से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप विकास आयुक्त,गुमला ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढाया और इसी प्रकार खेल भावना के साथ खेलने एवं जीवन मे आगे बढने के लिये प्रेरित किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत जिला खेल पदाधिकारी ने पौधा देकर किया।

गुरूवार को पुरुष वर्ग में सिसई बनाम भरनो मैच खेला गया जिसमें 0-1से भरनो विजयी हुआ। रायडीह बनाम घाघरा के मैच में 0-2 से घाघरा विजयी रहा। डुमरी बनाम बसिया 0-2 से बसिया ने डुमरी को हराया।

### सड़क से दुकान हटाने के बाद फुटपाथी दुकानदारों ने कार्यपालक अधिकारी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

# बाजार समिति प्रांगण में दुकानदार जल्द होंगे शिफ्ट : विश्वजीत महतो

**समाजसेवी अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में नगर कार्यालय में कार्यपालक अधिकारी से मिले फुटपाथ दुकानदार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर।** नगर पंचायत मुख्यालय में लग रहे सड़क जाम के मद्देनजर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाय, जिसमें जपला मोड़ चौक को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित फुटपाथ दुकानदारों के सामने दुकानें हटने से भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। फुटपाथ दुकानदारों की पीड़ा को देख मद्देनजर समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने पहल करते हुए एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार और कार्यपालक अधिकारी विश्वजीत महतो से मुलाकात की और दुकानदारों की पीड़ा से उन्हें अवगत कराया और उनसे रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया। वहीं कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार ने नगर पंचायत में आयोजित बैठक में सहानुभूतिपूर्वक दुकानदारों की बातों को सुनते हुए कहा कि जल्द ही बाजार परिसर में वेंडर मार्केट बनवा कर सभी दुकानदारों को रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही स्पष्ट कहा कि बढ़ते सड़क जाम की समस्या के मद्देनजर नगर में अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वहीं समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने अधिकारियों से आग्रह किया कि फुटपाथ दुकानदारों के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए प्रशासन उन्हें रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराया ताकि दुकानदार सम्मान से जी पाएं। फुटपाथ दुकानदारों के साथ बैठक में सिटी मैनेजर मुर्तजा अंसारी, समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून,पूर्व वार्ड पार्षद रजनीश कुमार, विकास कुमार,उपेंद्र कुमार, जीतू कुमार, संतोष कुमार, मनोज साव, लव पासवान,बिगन साव, प्रवेश साव, मुकेश कुमार, राजन बर्रई, बिगन गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अजय गुप्ता,अर्जुन साव, विनोद ठाकुर ,शिवपूजन साव, प्रमोद चन्द्रवंशी, नरेश बर्रई, गुड्डू कुमार, देवलाल प्रसाद, शिवपूजन साव, हरनाथ पासवान, प्रदीप प्रसाद सहित दर्जनों की संख्या में फुटपाथ दुकानदार उपस्थित थे।



कार्यपालक अधिकारी के साथ बैठक करते समाजसेवी अरविंद गुप्ता।

# राजा मेदिनी राय और शहीदों का अपमान बर्दाश्त नहीं : विधायक

**कहा : हेमंत सरकार शहीदों के स्मारक के लिए तीन फीट भूमि तक नहीं देना चाहती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** जिनके नाम पर डाल्टनगंज का नाम बदलकर मेदिनीनगर किया गया है। आज उसी मेदिनीनगर में आदिवासी के गौरव राजा मेदिनी राय के लिए झारखंड में आदिवासी के हितैषी की बात करने वाली हेमंत सरकार ने मेदिनी राय की शहर में तीन फीट भूमि शहीद के स्मारक के लिए देना मुनासिब नहीं समझा जो निंदनीय है। उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। वे गुरुवार को नीलांबर पीतांबरपुर स्थित अपने मौर्या फार्म हाउस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन द्वारा 15 नवंबर स्थापना दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर के कचहरी परिसर में शहिद नीलांबर पीतांबर और राजा मेदिनी राय की प्रतिमा लगाई गई थी लेकिन सरकार के फरमान के बाद सदर एसडीओ ने प्रतिमा को एक सप्ताह के अंदर ही हटा दिया जो की निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कई सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार संग्रहालय में प्रदर्शन किया जा रहा है जिसका मैं समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात को विधानसभा सत्र में जोरदार तरीके से आवाज को उठाऊंगा। सरकार तथा प्रशासन जल्द इस स्थान पर शहीद नीलांबर पीतांबर और राजा मेदनी राय का प्रतिमा को यथाशीघ्र स्थापित करें। आदिवासियों की अपमान कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर बच्चन ठाकुर, कामेश यादव, बाबूलाल सिंह, दिलीप मेहता, देवराज साव, शैलेश सिंह, विनोद सिंह और सीताराम दुबे आदि उपस्थित थे।

## पथरा मुखिया ने किया शिवपुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान इन दिनों क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को उन्होंने शिवपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का जायजा लिया। मौके पर प्रधानाध्यापिका ज्योति कुमारी सिंह भी उपस्थित थी। इस दौरान मुखिया ने एमडीएम संचालन, रसोईघर, बैठक एवं कक्षा संचालन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 98 छात्र नामांकित है, जिसमें मात्र 8 छात्र-छात्राएं ही उपस्थित थे। उन बच्चों से भोजन, कक्षा संचालन, शौचालय का उपयोग, स्वच्छता आदि के बारे में पूछताछ की। मुखिया ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित स्कूल आने की नसीहत दी। मुखिया ने बताया कि विद्यालय में विगत 20 दिनों से बच्चों को मिलने वाला मध्याह्न भोजन भी बंद है। उन्होंने शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी से यथाशीघ्र एमडीएम को चालू करवाने की मांग की है ।

## निगम तुरंत करें अलाव की व्यवस्था : अरुणा शंकर

**प्रथम महापौर ने निजी खर्च से अलाव जलवाना किया प्रारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर टैक्सी स्टैंड, चैनपुर बाजार, शाहपुर विवेकानंद चौक, डाल्टनगंज स्टेशन के सामने एवं छह मुहान के स(मीप अपने निजी खर्चे से अलाव की व्यवस्था करते हुए कड़ाके की ठंड में रात 10 बजे बढ़ु भ्रमण करने निकली। प्रथम महापौर ने कहा कि हर वर्ष प्रशासन एवं निगम के तरफ से इस समय तक अलाव की व्यवस्था कर दी जाती थी पर इस वर्ष विलंब हो रहा और ठंड बढ़ते जा रही है इसी को देखते हुए मैंने अपनी ओर से अलाव की व्यवस्था कराई ताकि गांव से आए राहगीरों, भीख मांगने वाले गरीब गुरबा तथा घर के अभाव में झोपड़ी एवं स्टेशन पर सोने वाले लोग अलाव की अलाव से अपनी कड़ाके की ठंड भरी रात काट सके। प्रथम महापौर ने कहा कल कुछ जगह और भी अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी और यह व्यवस्था तब तक करूंगी जब तक प्रशासन या निगम अलाव की व्यवस्था नहीं कर देता। प्रथम महापौर ने सभी सामाजिक संस्थानो से और खासकर माननीय पूर्व पार्षदों से अनुरोध की है अपने-अपने वार्ड में जब तक निगम अलाव की व्यवस्था नहीं करता तब तक अपने निजी खर्चे से अलाव की व्यवस्था करें क्योंकि गरीबों का इस कड़ाके की ठंड से बचाव का अलाव एकमात्र उपाय है। प्रथम महापौर ने प्रशासन से भी अनुरोध किया है यथाशीघ्र हर चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कराई जाए।

# शिविर के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा सरकारी योजनाओं का लाभ: पूर्णिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलाम्बर पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड पिपरा खुर्द में हाई स्कूल के मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, जिला परिषद सदस्य पूर्वी विजय राम,पंचायत की मुखिया पूर्णिमा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला परिषद सदस्य पूर्वी विजय राम ने कहा कि ग्रामीण जनता अपना हक और अधिकार समझे और सरकार द्वारा संचालित हो रहे योजनाओं का लाभ लें। शिविर का उद्देश्य यह है कि जो ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय नहीं पहुंच पा रहे थे या उनकी पहुंच से दूर था वे लोग इस पंचायत के शिविर में आकर अपना इसका लाभ लें। उन्होंने सरकारी साहबों के ऊपर नाराजगी जहर करते हुए कहा कि यह शिविर मौके पर ही सभी काम का निपटारा करने के लिए है लेकिन शिविर के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है। बीडीओ द्वारा




शिविर में आए ग्रामीणों को सरकार के द्वारा शिविर में संचालित हो रहे सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। वहीं, मुखिया ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से पंचायत के ग्रामीण लोगों की समस्या को ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। ग्रामीण जनता सरकार द्वारा प्रायोजित महत्वपूर्ण एवं उपयोगी योजनाओं का लाभ उठाए। उन्होंने बताया कि इस शिविर का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। शिविर में अबुवा आवास,सावित्री बाई फुले, कृषि विभाग , स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य कई कल्याण कारी योजना के स्टॉल लगाए गए थे। प्रखण्ड आपूर्ति विभाग से सोना सोबरन योजना अंतर्गत धोती साड़ी का वितरण किया गया। कल्याण विभाग द्वारा पंचायत के 10 छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया है। साथ में मौके पर 10 मजदूरों को जॉब कार्ड , 22 महिला समूह को आईडी कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में 130 गरीब वृद्ध एवं विधवाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। इस शिविर मे बीपीआरओ विनय शर्मा सक्रिय रहे और कार्यक्रम का संचालन करते रहे। इस मौके पर अंचल निरीक्षक महेंद्र राम,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी , बीपीओ मनरेगा रविकांत सिंह,पंचायत सेवक,रोजगार सेवक सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में दशरथ चंद्र दास ग्रहण किया पदभार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** दशरथ चंद्र दास ने गुरुवार को पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पलामू जोन के आइजी राजकुमार लकड़ा ने पलामू के आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किये जाने को लेकर बधाई दी और पलामू प्रमंडल की भौगोलिक एवं वर्तमान वस्तुस्थिति से अवगत कराया। आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, डीएसपी एडमिन राहुल देव बड़ाईक, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, आयुक्त के पीए अमित रंजन,नाजिर प्रेम धीरज कुमार आदि ने गुलदस्ता भेंट कर आयुक्त का स्वागत किया। इसके पूर्व आयुक्त कार्यालय पहुंचने पर आयुक्त को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर किया गया। इस मौके पर आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया एवं विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

# भाषाई सद्भाव को मजबूत करता है भारतीय भाषा उत्सव : डॉ आलोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती विद्या मंदिर में महाकवि सुब्रमण्यम भारती जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जपला हिंदी विभाग डिग्री कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ आलोक रंजन, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, सत्येन्द्र चंदेल, राजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया । उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हमें सुब्रमण्यम भारती के गुणों, प्रतिभाओं एवं उनके द्वारा किए गए कार्य को याद कर उन्हें आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए। जिससे बच्चों में राष्ट्रधर्म और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने झारखंड के विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें गीत, नृत्य, नाटक, भाषण आदि शामिल था। मुख्य अतिथि ने कहा कि उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बचपन से ही ये कुशाग्र बुद्धि के थे। सुब्रमण्यम भारती महाकवि भारतियार के नाम से भी जाने जाते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय भाषाओं और टेक्नोलॉजी के उपयोग के माध्यम से भाषा सीखने को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। भारतीय भाषा उत्सव भाषाई सद्भाव को मजबूत करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह, रंजीत मिश्र, अभिषेक पाठक, दीपक पाण्डेय, संजय सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, उषा कुमारी आदि मौजूद थे।

## क्षत्रिय समाज को एक अलग दिशा देने का करूंगा प्रयास : प्रिंस सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के बैठक में सर्वसम्मति से नीमचक पांकी निवासी कुमार अविनाश उर्फ प्रिंस सिंह को जिला महासचिव बनाया गया है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने प्रिंस सिंह को क्षत्रिय समाज के उत्थान में सराहनीय कार्य को देखते हुए पलामू जिला महासचिव के पद के लिए सर्वसम्मति से चुने गए है। जिला महासचिव चुने जाने पर प्रिंस सिंह ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह को आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रिंस सिंह ने कहा कि संगठन ने जो मुझे दायित्व समाज हित और संगठन हित में कार्य करने के लिए दिया है मैं उसको ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने का भरपूर प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज को किसी भी तरह का समस्या हो मैं हमेशा उपलब्ध रहने का कोशिश करूंगा।



## स्पोर्ट्स



विजय हजारे ट्रॉफी में बुधवार को खेले गए पहले सेमिफाइनल में हरियाणा ने तमिलनाडु को 65 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी कर 293 बनाया उसके बाद तनिलनाडु को 230 पर ऑल आउट कर दिया

### तमिलनाडू को 63 रन से हराया : चोटिल इंद्रजीत मुंह पर टेप लगाकर बल्लेबाजी करने आए

# पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा हरियाणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हरियाणा विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहली बार पहुंचा। बुधवार को टूर्नामेंट के खेले गए पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु को 65 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की टीम ने सात विकेट पर 293 रन बनाए। 294 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु 47.1 ओवर में 230 रन बनाकर आउट हो गई। वहीं चोट की वजह से बाबा इंद्रजीत को मुंह पर टेप लगाकर बल्लेबाजी करने के लिए आना पड़ा।




### हरियाणा के जीत के हीरो रहे हिमांशु राणा

हरियाणा के जीत के हीरो हिमांशु राणा रहे। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा को पहला झटका 6.1 ओवर में 14 रन पर लगा। ओपनर अंकित कुमार 12 रन बनाकर आउट हो गए। उनका कैच बाबा इंद्रजीत ने टी नटराजन की गेंद पर पकड़ी। पहले पावर प्ले यानी 10 वें ओवर तक हरियाणा ने 1 विकेट खोकर 27 रन ही बना पाई। उसके बाद हिमांशु राणा और दूसरे ओपनर युवराज सिंह ने हरियाणा की पारी को संभाला। दोनों के बीच 134 गेंदों पर 132 रन की साझेदारी हुई। युवराज सिंह 79 गेंदों पर 65 रन बनाकर 28.3 ओवर में आउट हो गए। उस समय टीम का स्कोर 146 रन था। उसके बाद राणा ने सातवें विकेट के लिए सुमित कुमार के साथ 42 गेंदों पर 75 रन की पार्टनरशिप की। हिमांशु राणा ने 118 गेंदों पर 116 रन बनाए। जबकि सुमित कुमार ने 30 गेंदों पर 48 रन बनाए। वहीं, तमिलनाडु की ओर से वरूण चक्रवर्ती और साईं किशोर ने 2-2 विकेट लिए।

### 9 रन के अंदर तमिलनाडु के गिरे दो विकेट

294 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी तमिलनाडु की शुरुआत भी बेहद खराब रही। उसके दो विकेट 9 रन पर ही गिर गए। वहीं तमिलनाडु ने पहले पावर प्ले में 2 विकेट के नुकसान पर 33 रन बनाए। उधर, तमिलनाडु की ओर से बाबा इंद्रजीत टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 71 गेंदों पर 64 रन बनाए। बाबा इंद्रजीत मुंह पर टेप लगाकर बल्लेबाजी करने आए थे। फील्डिंग के दौरान वह चोटिल हो गए थे। उनके होंठ पर चोट लगी थी। इस वजह से वह मुंह पर टेप लगाकर बल्लेबाजी करने उतरे। बाबा इंद्रजीत के अलावा कप्तान दिनेश कार्तिक ने 35 गेंदों पर 31 रन बनाए। नारायण जगदीशन ने 55 गेंदों पर 33 रन बनाए। वहीं विजय शंकर ने 35 गेंदों पर 23 रन बनाए।

### अंशुल कंबोज ने लिए चार विकेट

हरियाणा के लिए अंशुल कंबोज ने 9 ओवर में 30 रन देकर सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। राहुल तेवतिया ने 8.1ओवर में 50 रन देकर 2 विकेट लिए।

## डीएसओ ने रामगढ़ के सरौआ टोला में पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन बांटा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर डीएसओ प्रिति किस्कू ने रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के सरौआ टोला पहुंचकर वहां रह रहे पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन का पैकेट वितरण कराया। इस दौरान मौजूद 40 से अधिक बच्चों के बीच बिस्किट के पैकेट का भी वितरण किया गया। कई वृद्धजनों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। उन्होंने सभी पीवीटीजी परिवारों से कहा कि अगर कोई राशन डीलर समय पर उन्हें राशन उपलब्ध नहीं कराता है तो वे सीधे डीएसओ से शिकायत कर सकते हैं। डीएसओ ने सभी से कहा कि आपको समय से राशन मिले, इसे लेकर जिले के डीसी गंभीर हैं। इसके पूर्व रामगढ़ के ही पीड़हे गांव में अवस्थित पीवीटीजी परिवारों के बीच में डाकिया योजना के तहत प्रखंड कल्याण पर्यवेक्षक,सहायक गोदाम प्रबंधक,उप प्रमुख एवं संबंधित वार्ड के सदस्य की उपस्थिति में खाद्यान्न का वितरण किया गया। दरअसल, सोशल मीडिया के एक प्लेटफॉर्म से उपरोक्त दोनों स्थानों पर पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन वितरण नहीं किए जाने से संबंधित मामला प्रकाश में आया था जिसके सत्यापन के बाद यह कार्रवाई की गयी। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रिति किस्कू ने बताया कि अधिकांश परिवार जनों के बीच राशन वितरण हो रहा था,बैकलॉग की कुछ समस्या थी जिसका समाधान कर दिया गया है एवं सभी पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन का वितरण कर दिया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## प्रदूषण के खिलाफ रन फॉर क्लीन कार्यक्रम में शामिल हुए समाजसेवी सहित छात्र-छात्राएं


# शुद्ध हवा की मांग, झरियावासियों ने लगायी दो किलोमीटर लंबी दौड़

शब्बीर हुसैन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मेरी सांसे मेरा हक, हमें हमारे अधिकारों से वंचित मत करो, शुद्ध हवा अधिकार है हमारा, अंकल हमे गंभीर बीमारियों से मुक्ति दो जैसे नारों के साथ गुरुवार को झरिया की सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट और ग्रीन लाइफ के नेतृत्व में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत रन फॉर क्लीन एयर में शहर वासियों के साथ स्कूली बच्चे भी दौडे। इन्हीं में से एक 14 वर्षीय संगीता मिश्रा का कहना है कि इतनी ठंड के बावजूद हम अहले सुबह इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं, क्योंकि हमें प्रदूषण से मुक्ति चाहिए। कहा कि प्रदूषण अब जानलेवा हो गया है। अगर यही हाल रहा तो, हो सकता है कि हमारी अगली पीढ़ी दिव्यांग या गर्भ से ही किसी बीमारी को साथ लेकर पैदा हो। संभवतः हम 40 वर्ष तक की आयु भी न देख पाएं। कुछ ऐसे ही विचार लिए सैकड़ों बच्चे उत्साह के साथ दौड़ में शामिल हुए। हर किसी की जुबान पर



बस एक बात थी कि इस प्रदूषण से हमे मुक्ति चाहिए। दौड़ चिल्ड्रन पार्क से शुरू होकर चार नंबर, बाटा मोड़, लक्ष्मनिया मोड़ होते हुए लगभग दो किलोमीटर का सफर तय कर कतरास मोड़ पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान रन फॉर क्लीन एयर के दौड़ में निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, डॉ ओपी अग्रवाल, डॉ नरेश प्रसाद, डॉ एसके भगानिया, पार्षद शैलेंद्र सिंह, अरुण साव, बलदेव पाण्डे, पिंकू चंद्रवंशी, दिलीप आडवाणी, ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, सनोज साव, चन्दन शास्त्री, डॉ दिलीप कुमार, अनिल जैन, डॉ यस हैदर, अभिषेक सिंह, रूदल पासवान, दिलीप भारती, शाहनवाज खान, आशिफ इकबाल, के अलावा लायंस क्लब ऑफ धनबाद, आईएसएल झरिया, महिला महाविद्यालय, यशोमति विद्यालय, विद्या निकेतन, मारवाड़ी विद्यालयल के छात्र-छात्राएं आदि



यह जन-जन की आवाज है। जिस तरह से बीसीसीएल सारे नियमो को ताख पर रख माइनिंग कर रही है। कंपनियां एनवायर्नमेंटल क्लियरेंस की एक भी शर्त नहीं मान रही है जिसका खामियाजा यहां की जनता झेल रही है। अब जनता जागरूक हो रही है।
**चंद्रशेखर अग्रवाल**
निवर्तमान मेयर, धनबाद



दौड़ के रूप में यह विरोध बता रहा कि झरिया की जनता प्रदूषण से कितनी त्रस्त है। यहां की जनता के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। यह आवाज ऊपर तक उठाएंगे। अगर इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बीसीसीएल की मनमानी नहीं चलने देंगे।
**रागिनी सिंह, भाजपा नेत्री**

प्रदूषण की यही स्तिथि रही तो चंद वर्षों में झरिया कोयला के साथ ही बीमारियों के मामले में भी देश में नंबर एक पर होगा। अब सिर्फ योजना बनाने स काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें धरातल पर भी उतारना होगा। सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके अलावा झरिया के लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा तभी स्थिति बदलेगी।
**डॉ एस हैदर, चिकित्सक**



झरिया के लोग आज यह सोचने को मजबूर हैं कि उनकी सांसें कैसे सुरक्षित रहे। यह दुर्भाग्य है कि लोगों के आग्रह के बाद भी खनन कंपनियां कोयला उत्खनन में मानकों का पालन नहीं कर रही हैं। अगर इस दौड़ से खनन कंपनियां नहीं चेती तो उग्र आंदोलन करते हुए सभी कंपनियों का चक्का जाम कर खनन नियमों का पालन करने को मजबूर किया जाएगा।
**- राजकुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट झरिया**

## धीरज की मौत की जांच सीबीआइ से कराने को लेकर झरिया विधायक से मिले परिजन



झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मिलकर मांगपत्र सौंपते परिजन।

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** धीरज नोनियां की पत्नी पूजा देवी और आजसू समर्थक जलाल अंसारी गुरुवार को धीरज की मौत के मामले को विधानसभा में आवाज उठाने और सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले आजसू के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने गोमिया विधायक लंबोदर महतो को ज्ञापन सौंप चुके हैं। दोनों विधायकों ने इस मामले को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया है। वहीं, ज्ञापन में कहा गया है कि दो मई 2022 को उसके पति की मौत बांसजोडा कोलियरी उत्खनन परियोजना के साकार मास ज्वाइंट वेंचर आउटसोर्सिंग कंपनी पैच में हुई थी। थाना में मामला दर्ज हुआ है, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी जांच कर पुरक चार्जशीट न्यायालय में न तो जमा किया गया है और न ही किसी पर कार्रवाई की गई है। सीबीआइ इस मामले को जांच करेगी तो घटना की सच्चाई सामने आ जाएगी। कंपनी बांसजोडा गोलाई में घटनास्थल दिखा कर मामला रफा-दफा करना चाहती है। बताते चलें कि लोयाबाद पुलिस ने धीरज नोनियां की पत्नी पूजा देवी की लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया था, जिसमें उसकी पत्नी ने बांसजोडा गोलाई के पास सड़क दुर्घटना में पति की मौत हो जाने की बात लिखी है।

## गोमिया में रेल ओवरब्रिज का काम रोका जाना दुर्भाग्यपूर्णः राकेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**आइइएल।** गोमिया विस्थापित संघर्ष समिति की बैठक गुरुवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विनय महतो ने की। बैठक में उपस्थित विस्थापित संघर्ष समिति के सचिव राकेश कुमार ने कहा कि गोमिया में रेल ओवरब्रिज यहां की जनता की वर्षों पुरानी मांग थी। ओवरब्रिज का काम शुरू होने के बाद निर्माण कार्य को रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैसे ही इस रेल ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ था, गोमिया के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी, क्योंकि रेल ओवरब्रिज गोमिया की वर्षों पुरानी मांग व जरूरत थी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के पहले ही रेल ओवरब्रिज राजनीति की भेंट चढ़ गया। कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां के जनप्रतिनिधि के दबाव में रेल ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को रोका गया है। जनप्रतिनिधि का काम विकास के काम को नेतृत्व देना, विकास के काम को धरातल पर उतरना होता है ना कि काम में बाधा व अवरोध उत्पन्न करना। उन्होंने कहा कि जिन जनप्रतिनिधियों ने भी गोमिया में रेल ओवरब्रिज के काम को रोका है जनता उनके भविष्य का फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर रेल ओवरब्रिज का काम रुकने नहीं देंगे। ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को शुरू करवाने की मांग को लेकर जल्द ही उप- मुख्य अभियंता, पूर्व मध्य रेलवे से हमारा एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेंगा। बैठक में मुकेश कुमार, चमन प्रजापति, सूरज कुमार, गौतम पासवान, रोहित पासवान, भुनेश्वर प्रजापति, आनंद नायक आदि थे।

## मुआवजा-नियोजन की मांग को लेकर 26 को क्षेत्रीय कार्यालय में तालाबंदी

**कतरास (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के तेतुलमारी कोलियरी में संचालित चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग में रैयतों के जमीन का मुआवजा और नियोजन के लिए हुए विवाद को लेकर रंगलीटांड़ हरी मंदिर में जिला परिषद सदस्य इसराफिल उर्फ लाला ने रैयतों के साथ प्रेसवार्ता की। कहा कि बंदूक का भय दिखा कर रैयतों को डराया जा रहा है। धारा 144 लगा कर रैयतों का हकमारी का षड्यंत्र रचा गया है। स्थानीय रैयतों की जमीन से कोयला निकाल कर प्रबंधक जमीन का मुआवजा और नियोजन नहीं देना चाहती है। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में तालाबंदी की जायेगी। ताला बंदी में क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य मिलकर रैयतों को उनका हक दिलाने का काम करेंगे। इसके बाद भी रैयतों का हक नहीं मिला तो डीसी कार्यालय पर धरना देंगें।

## रोजगार सह कौशल मेले में 452 अभ्यर्थियों का चयन, 184 अभ्यर्थी हुए शार्टलिस्टेड

# ऐसे आयोजनों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें छात्र-छात्राएं : डीसी

**मेले का डीसी, एसपी, डीडीसी चास अनुमंडल पदाधिकारी आदि ने किया शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आइटीआइ चास परिसर में गुरुवार को रोजगार सह कौशल मेला 2023 का आयोजन हुआ। जिसनें सभी नौ प्रखंडों से सैकड़ों युवक-युवतियां शामिल हुईं। मेले का शुभारंभ डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तीश्री जी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि ने किया। मेले का आयोजन श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा किया गया। डीसी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार-प्रशासन का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण के माध्यम से उनका कौशल विकास करना और उनकी योग्यता/क्षमता के अनुसार



रोजगार/आजीविका के श्रोतों से जोड़ना है। रोजगार मेले का आयोजन इसमें महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है। इस तरह के आयोजन का ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राएं लाभ उठाएं। डीसी ने जिला कौशल पदाधिकारी को स्थानीय बाजार की मांग एवं मैन पावर की आवश्यकता को ध्यान में रख प्रशिक्षण ट्रेड का निर्धारण एवं प्रशिक्षण देने की बात कहीं। कहा कि बोकारो औद्योगिक नगरी है, यहां पब्लिक सेक्टर यूनिट के साथ कई निजी कंपनियों एवं औद्योगिक विकास प्राधिकरण का क्षेत्रीय मुख्यालय भी स्थित है। इनसे समन्वय स्थापित कर इसका लाभ उठाएं। कहा कि आज आयोजित रोजगार मेले में पहुंचें छात्र-छात्राओं को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। मेले में कुल 28 कंपनियों ने हिस्सा लिया है, जो आहर्ता अनुरूप जिले के सभी नौ प्रखंडों से पहुंचे अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैया करा रही है। रोजागार के साथ रोजगार सृजन के लिए भी छात्रों को आगे आने की बात कहीं। स्वयं को रोजगार देने के साथ दूसरों को भी रोजगार देने के लिए किसी परियोजना को लेकर आगे आएं,जिला प्रशासन आपके साथ हैं। डीसी ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना दी। कहा कि आप इस मेले से अपने चेहरे पर मुस्कुराहाट लेकर जाएं। भविष्य में भी ऐसा आयोजन किया जाएगा। वहीं, एसपी श्री प्रियदर्शी आलोक ने कहा कि छात्र-छात्राओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का काम सरकार-प्रशासन कर रही है। वहीं, डीडीसी ने मेले में पहुंचे सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कहा कि यह रोजगार मेला सभी प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को रोजगार का अवसर प्रदान करता है। अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सरकार/प्रशासन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने को लेकर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री सारथी योजना के माध्यम से छात्र झ छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ उन्हें अपने राज्य/जिले एवं देश के नामचीन कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराना उद्देश्य है।

### सांकेतिक रूप से युवक-युवतियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

रोजगार सह कौशल मेला 2023 में डीसी कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्तीश्री जी, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि ने सांकेतिक रूप से ऑन स्पॉट डेढ़ दर्जन चयनित युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र सौंपा। मेले में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 452 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा ऑन स्पॉट दर्जनों युवक झ युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जबकि, 184 अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा शार्टलिस्टेड किया गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या– WRD/MID/GUMLA/ F$_2$-32/2023-24 (2nd Call)
दिनांक – 14.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुरकुरा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– कामडारा, जिला–गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 91.306 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 26.12.2023 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.01.2024 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 03.01.2024 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 05.01.2024 2:00 बजे अपराह्न |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला। |
| (क) | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का Email ID एवं फोन नं० | eemidgum@gmail.com 8986890345 |
| (ख) | ई० प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
PR 313421 Minor Irrigation (23-24)_D लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला



**Annexure 1**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA**
**e-Procurement Tender Notice**
**e-Tender Reference No.MID/GUMLA-F2-31/2023-24(2nd Call) Date :- 14.12.2023**

| 1. | Name of the work | Estimated Cost (Rs.) | Cost of Tender Paper. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Class Room at Adwasi Boys High School Nawdiha Block- Ghaghra Dist.- Gumla | 14.87.700.00 | 2500.00 | 03 Month |
| 2. | Time of Completion | 3 Month | | |
| 3. | Date of Publication of E-Tender on website | 26.12.2023 (2:00 PM) | | |
| 4. | Last date/Time for Submission of E- Tender BID's | 03.01.2024(up to 5:00 PM) | | |
| 5. | Last date for Online Submission of tender fee and EMD | **e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 03.01.2024 up to 5:00 PM** | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 05.01.2024 at 2:00 PM | | |
| 7. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. | | |
| 8. (a) | Contact No. of e-Procurement officer | 8986890345 eemidgum@gmail.com | | |
| (b) | Helpline Number of e-Procurement Cell | | | |

**Note:- (1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost May be Increase or Decrease**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
PR 313420 Minor Irrigation(23-24)D

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Gumla.**



## कायलिय जिला शिक्षा पदाधिकारी,हजारीबाग
### जिला समाहरणालय, हजारीबाग – 825301
**Email Id - deo_hazaribagh@rediffmail.com**

**विज्ञप्ति संख्या–13 / 2023–24**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1621 दिनांक– 05.10.2023, पत्रांक–1655 दिनांक–10.10.2023 एवं पत्रांक–2214 दिनांक–22.11.2023 के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु हजारीबाग जिले के लिए निम्नांकित विषयवार अभ्यर्थियों की अनुशंसा प्राप्त हुई है :–

| क्र0 | अनुशंसा करने वाला कार्यालय | विषय | अनुशंसित शिक्षकों की संख्या | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | झा0क0च0आयोग, रांची | भूगोल | 01 | 16.12.2023 |
| 02 | झा0क0च0आयोग, रांची | अंग्रेजी | 01 | |
| कुल :– | | | 02 | |

उक्त अभ्यर्थी के सभी शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति, आवासीय आदि प्रमाण पत्रों की वैधानिक स्थिति एवं मान्यता आदि के संबंध में जांच हेतु उपायुक्त, हजारीबाग के निदेशानुसार दिनांक–16.12.2023 को छान–बीन / भौतिक जाँच (Counselling) की तिथि निर्धारित की गयी है। अभ्यर्थी की सूची एवं काउंसलिंग में सभी विवरण उपलब्ध कराने हेतु प्रपत्र (Format) हजारीबाग के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर उपलब्ध है।

अभ्यर्थी को निदेश दिया जाता है कि **दिनांक–16.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, हजारीबाग** में आयोजित छान–बीन / भौतिक जाँच (Counselling) में निम्नलिखित अभिलेख (मूल अभिलेख एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति दो फोल्डर में) के साथ सम्मिलित होंगे :–

1. प्रवेश–पत्र।
2. शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्चतर योग्यता तक)।
3. प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र। (बी0एड0) NCTE से संस्था एवं सत्र की मान्यता से संबंधित अभिलेख।
4. आवासीय प्रमाण पत्र।
5. जाति प्रमाण पत्र।
6. आधार / पैन / वोटर आई0डी0 एवं चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
7. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (विकलांगता कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।
8. अनापत्ति एवं अनुभव प्रमाण पत्र (प्राथमिक शिक्षक कोटा से चयनित अभ्यर्थियों के लिए)।

निर्धारित तिथि को आयोजित छान–बीन / भौतिक जाँच (Counselling) में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
हजारीबाग

**PR 313379 School Education and Literacy(23-24).D**



## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।

**अति अल्पकालीन नीलामी पुनर्सूचना संख्या – 01 / 2023–24**

जिला परिषद कोडरमा अंतर्गत पुराने एवं निष्प्रायोजित वाहन (निम्न सूची क्रमांक 01) की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक 22.12.2023 को 03:00 बजे अपराह्न जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। वाहन की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | वाहन का प्रकार | चेसिस नम्बर | इंजन नंबर | वाहन का स्थान जहां रखा गया है | न्युनतम संधारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BOLERO SLX B53 | MA1PS2GPKD2A50126 | GPC4M83814 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | 245000.00 |

**नीलामी प्रक्रिया की शर्ते निम्नवत् है:–**

1. उपर्युक्त वाहन की बोली लगाने के इच्छुक डाकवक्ता को वाहन हेतु निर्धारित न्युनतम मूल्य के अधिकतम बोली राशि (Financial) एक बंद लिफाफा में लिखकर दिनांक 22.12.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा में जमा करेंगे। उक्त जमा किये गए सभी लिफाफा को निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिस निविदादाता द्वारा उपर्युक्त क्रमांक 01 में अंकित वाहन का डाक राशि अधिकतम होगा, उस राशि पर बोली लगाई जायेगी, एवं उस डाकवक्ता को बोली लगाने हेतु पहला मौका दिया जायेगा।
2. डाक वक्ता एक बन्द (Technical) लिफाफा में निम्न कागजात जमा करेंगे।
   A. वाहन के लिए नीलामी में भाग लेने हेतु मो0 10000.00 (दस हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम से कोडरमा में भुगतेय हो, संलग्न करना होगा।
   B. डाकवक्ता का आधार कार्ड, पुलिस अधीक्षक स्तर का छः माह के अन्दर का निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, अद्यतन तीन वर्ष का आयकर रिटर्न, डाक वक्ता का फर्म का जी0एस0टी0 सं0 एवं Non-blacklisting शपथपत्र (सभी कागजात का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति दिनांक 22.12.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक जमा करना होगा, तभी वे डाक में भाग ले सकेंगे।
3. असफल डाकवक्ता को जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी एवं सफल डाकवक्ता के जमानत की राशि उनके डाक राशि में समायोजित कर ली जायेगी।
4. जो भी अभिकर्ता वाहन लेने के इच्छुक हैं वे वाहन की स्थिति का अवलोकन उप विकास आयुक्त कार्यालय में जाकर कर लेंगे। नीलामी हो जाने के बाद किसी भी प्रकार से उपर्युक्त क्रमांकित 01 में अंकित वाहन की स्थिति से संबंधित दावा मान्य नहीं होगा।
5. सफल डाकवक्ता को जमानत की राशि को छोडकर शेष राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम सें कोडरमा में भुगतेय को नीलामी की तिथि से **एक सप्ताह** के अन्दर जिला परिषद कार्यालय में जमा करके वाहन को प्राप्त करन लेना है।
6. निर्धारित न्युनतम मूल्य से कम राशि पर वाहन की नीलामी नहीं की जायेगी।
7. नीलामी रद्द करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने का सर्वाधिकार उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पास सुरक्षित रहेगा।

नोटः नीलामी के संबंध में जानकारी हेतु www.koderma.nic.in एवं जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट का अवलोकन किया जा सकता है

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 313467 (Panchayati Raj) 23-24 (D)

# कोरापुट जिला में सरकार की लक्ष्मी बस योजना शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कोरापुट जिले में लक्ष्मी बस योजना का शुभारंभ किया। यह योजना सबसे पहले मालकानगिरी में शुरू की गयी थी। पंचायत से ब्लॉक तक बस सेवाएं सुरु किया है। राज्य भर में 1000 से अधिक बसें चलेंगी। 5टी योजनाओं के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति मातायों को बस चलाने की जिम्मेदारी दी गयी है। इस योजना के तहत महिलाएं, छात्राएं और दिव्यांग लोग महज 5 रुपये में गांव से ब्लॉक तक का सफर कर सकते हैं। कोरापुट में 63 बसें जिले की 234 पंचायतों को जोड़ेंगी।

मुख्यमंत्री ने कोरापुट जिले के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्मी बस सेवा का पहला चरण मालकानगिरी से शुरू होकर आज कोरापुट पहुंचा. पहले चरण में मालकानगिरी, नबरंगपुर, रायगडा, कलाहांडी, गजपति और कोरापुट जिलों के निवासियों को लक्ष्मी बस सेवा मिली। इन 6 जिलों की 1131 पंचायतों को लक्ष्मी बस की सुविधा मिल गयी है। इन सभी जिलों में 63 लाख लोगों की पहुंच उनके घरों तक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवागमन में होने वाली रोजमर्रा की परेशानी दूर होगी और लोगों को कम लागत पर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय के जिला गश्ती के बाद लोगों की यातायात समस्याओं को जानने के बाद यह योजना शुरू की गयी है। लक्ष्मी बस सभी को जोड़ने का काम करेगी। बच्चों को स्कूल और कॉलेज ले जाएं। मरीज को अस्पताल ले जाओ। किसानों को बाजारों से जोड़ें। माताओं को विभिन्न गतिविधियों तक पहुंच प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मी बस को सबके लिए वरदान बताते हुए कहा कि लक्ष्मी बस ने विकास की उज्वल जगायी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारे राज्य में गांवों का विकास हो रहा है। 'आम ओड़िशा नवीन ओड़िशा' चरण से पंचायतों में नयी जागृति आई है। जगन्नाथ संस्कृति के प्रसार के साथ-साथ डिजिटल बुनियादी ढांचा विकसित हुआ है। विकास आज एक जन आंदोलन बन गया है और पंचायतें विकास कार्यक्रमों का प्राणकेंद्र बन गयी हैं। गांव के बदलाव ने ओड़िशा के बदलाव का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। ओडिशा हम सबका है। यह कहते हुए कि यह विकास हम सभी का है, मुख्यमंत्री ने प्रबल आशा व्यक्त की कि सभी के सहयोग से नए ओड़िशा का निर्माण साकार होगा। 5टी एवं नवीन ओडिशा के चेयरमैन वीके पांडियान ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी योजना की बसें प्रदेश की जनता के पैसे से खरीदी गयीं। इसलिए पांडियन ने सभी से अनुरोध किया कि वे इसे अपनी संपत्ति समझें और इसकी उचित देखभाल करें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कोरापुट में नये बस स्टैंड के लिए जमीन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री टुकुनी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री के सशक्त नेतृत्व और निर्देशन में आज राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास का सिलसिला जारी है। गांव से लेकर शहर तक हर जगह आज विकास की झलक दिख रही है। लक्ष्मी योजना परिवहन की सुविधा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि लायेगी। उन्होंने ओड़िशा को भारत के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक बनाने के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों में सभी का सहयोग मांगा।

कोटपाड़ की विधायिका पद्मिनी दियान, पटांगी विधायक पीतम पाढ़ी, जयपुर विधायक तारा प्रसाद बाहिनपति, लक्ष्मीपुर विधायक प्रभु जानी, कोरापुट विधायक रघुराम पडाल, विशेष विकास परिषद के अध्यक्ष चन्द्रशेखर माझी, जिला परिषद अध्यक्ष सम्मिता मेलेका प्रमुख ने अपने भाषण में मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लक्ष्मी योजना जिले की परिवहन व्यवस्था में बड़े बदलाव के साथ-साथ लोगों के आर्थिक विकास में भी काफी मददगार होगी।

## मुख्यमंत्री ने योजना का शुभारंभ किया



## लक्ष्मी बस में यूपीआइ क्यूआर कोड का शुभारंभ




**भुवनेश्वर। लक्ष्मी बस में यूपीआइ क्यूआर कोड लांच किया गया। वाणिज्य और परिवहन विभाग का प्रमुख सचिव उषा पाढ़ी ने शुभारंभ किया है। यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था की गयी है। यात्री सुविधा केंद्र पर क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। लक्ष्मी बस में यात्रा करते समय कैशलेस भुगतान को प्रोत्साहित किया जाता है। ओड़िशा राज्य सड़क परिवहन निगम और एचडीएफसी के बीच साझेदारी है।**

## हादसे में 17 गाड़ियां जलीं, 16 लोगों की मौत

वेनेजुएला (आजाद सिपाही)। वेनेजुएला की राजधानी कराकास के पास एक हाइवे पर 17 गाड़ियां जलकर खाक हो गयीं। गाड़ियों में फंसे अब तक 16 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। मौतों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। एक तेज रफ्तार ट्रक ने आकर वहां खड़ी गाड़ियों को टक्कर मार दी। ट्रक में केमिकल रखा हुआ था।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: एम-41-एएमसी-एलएम-बी-आरएनसी-34, दिनांक: 14.12.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** यांत्रिक विभाग, रांची के हटिया एवं रांची स्थित यांत्रिक लॉन्ड्री में प्रत्येक पाली में 2 टन क्षमता की लॉन्ड्री मशीनों का तीन वर्षों की अवधि के लिए एएमसी। **कार्य की अनुमानित लागत** (जीएसटी सहित): रु. 1,14,23,551.76; **बयाना राशिः** रु. 2,07,100; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 04.01.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौराः** www.ireps.gov.in. (PR-920)


# एनटीपीसी ने कोयला खनन में शानदार वृद्धि का प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी लिमिटेड, अपने कोयला खनन के माध्यम से भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता पहल ने रिकॉर्ड समय में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर पार करके, एक और उपलब्धि जोड़ दी है। चालू वित्त वर्ष में 23.223 एमएमटी का उत्पादन के साथ, एनटीपीसी ने 13 दिसंबर 2023 को पिछले वित्त वर्ष के कोयला उत्पादन को पार कर लिया है। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल उत्पादन 23.203 एमएमटी था। यह उपलब्धि हासिल की गयी है 257 दिनों के रिकॉर्ड समय में हासिल किया गया जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 108 दिन कम है। कोयला उत्पादन में 77% और प्रेषण में 88% की वृद्धि दर्ज किया। एनटीपीसी ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के साथ 100% सहायक कंपनी बनाने में कदम रखा है। खनन व्यवसाय की ओर ध्यान केंद्रित करने का इरादा से कोयला मंत्रालय (MoC) ने NML को मान्यता दी है, 27 सितंबर 2023 को एमओसी, एनटीपीसी लिमिटेड और एनएमएल के बीच डीड ऑफ पालन पर हस्ताक्षर हुआ था। यह उत्कृष्ट निष्पादन एनटीपीसी खनन क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनटीपीसी की ईंधन सुरक्षा में योगदान और कुशल सुनिश्चित करने के लिए अपनी कैप्टिव खानों से कोयला उत्पादन आपूर्ति देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए है। अब तक, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने अपने से 91 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन किया है। झारखंड में चार चालू कैप्टिव कोयला खदानें अर्थात पकरी बरवाडीह और चट्टी-बरियातू कोयला खदानें, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान है। कोयला उत्पादन में सतत वृद्धि प्राप्त करने के लिए, एनटीपीसी ने अनेक कार्यनीतियां और प्रौद्योगिकियों कार्यान्वित की हैं। इनमें कठोर सुरक्षा उपायों को अपनाना, बेहतर खान योजना, उपकरण स्वचालन, कार्यबल प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी का कार्यान्वयन और विश्लेषण प्रणाली शामिल है।

# अश्विनी वैष्णव 15 को भारत मंडपम में 68वें राष्ट्रीय रेल पुरस्कार प्रदान करेंगे

## उत्कृष्ट सेवाओं, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए रेल कर्मियों, क्षेत्रीय रेल और सार्वजनिक उपक्रमों को पुरस्कार-शील्ड प्रदान करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 दिसंबर, 2023 को मंडपम, प्रगति मैदान, नयी दिल्ली में 68वें रेल सप्ताह केंद्रीय समारोह-अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2023 में रेलवे कर्मचारियों के बीच श्रेष्ठ व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेल कर्मियों को पुरस्कार/शील्ड प्रदान करेंगे। विशेष क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जोनल रेल/पीएसयू को शील्ड भी प्रदान किए जायेंगे। रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे और रेल और वस्त्र राज्य मंत्री दर्शना जरदोश सम्मानित अतिथि होंगी। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सदस्य, सभी क्षेत्रीय रेल के महाप्रबंधक और रेल की उत्पादन इकाइयों तथा रेल के सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे। कुल मिलाकर, देश भर के विभिन्न क्षेत्रीय रेल, उत्पादन इकाइयों और रेल पीएसयू के 100 रेल कर्मियों को 21 शील्ड्स के साथ उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जायेगा। प्रत्येक वर्ष 10 से 16 अप्रैल तक रेलवे सप्ताह मनाया जाता है। भारत में 16.04.1853 को पहली ट्रेन के चलने के उपलक्ष्य में यह वर्ष मनाया जाता है। रेलवे सप्ताह के दौरान, पूरे भारतीय रेल में समारोह आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे को दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त होंगे। वाणिज्यिक और सुरक्षा विभागों में दक्षता शील्ड। इसके अलावा, पूर्व तट रेलवे को एक व्यक्तिगत पुरस्कार भी मिलेगा। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार। रंदी मनोज बाबू, मंडल प्रबंधक (संचालन), खोरधा रोड रेलवे मंडल को माल परिवहन और राजस्व सृजन में सेवा के प्रति समर्पण और नये माल परिवहन के लिए नये लाभार्थियों को आकर्षित करने के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए चुना गया है।

# राज्य में बढ़ रही ऑनलाइन ड्रग्स की चहिदा, फूड डिलीवरी संस्था के खिलाफ संगीन अभियोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में अब ऑनलाइन ड्रग्स डीलिंग चल रही है। ड्रग्स का ऑर्डर देने के लिए स्विगी, जोमैटो जैसी फूड डिलीवरी कंपनियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। 'निशा मुक्त भारत अभियान' समिति की पहली राज्य स्तरीय बैठक में समिति के सदस्य और ट्विन सिटी के पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी ने चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने युवाओं के नशे का शिकार होने पर भी चिंता व्यक्त की।

प्रियदर्शी ने कहा, स्विगी को यह पूछने का कोई अधिकार नहीं है कि इन संगठनों के डिलीवरी बॉय द्वारा उपलब्ध कराये गये पैकेट में क्या है। पहले ड्रग्स सिर्फ शहर में ही मिलती थीं। ड्रग्स अब उपनगरों तक फैल गया है। नये तरीकों की खोज की जा रही है। एक बार सुराग मिल जाने पर प्रवर्तन दल कार्रवाई करेगा। पहले ज्यादातर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र ड्रग्स लेते थे। अब यह सभी कॉलेजों में फैल गया है। उन्होंने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को नशे से मुक्त बनाने के लिए पहला कदम युवाओं सहित स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को सचेतन करना पड़ेगा। राज्य समिति की बैठक सामाजिक सुरक्षा और भिन्नक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में हो रही थी। बैठक की अध्यक्षता विभागीय प्रमुख शासन सचिव विष्णुपद सेठी ने की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नशा विरोधी जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सेठी ने कहा कि इस अभियान में सरकार ही नहीं बल्कि स्वयंसेवी संगठनों, छात्रों, युवा समूहों, युवा नेतृत्व, खिलाड़ियों और नागरिक समाज के सहयोग की आवश्यकता है। बैठक में उच्च शिक्षा, स्कूल एवं गणशिक्षा, महिला और बाल विकास, अवाकारी, पुलिस, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा विभाग, रामकृष्ण मिशन के कर्मचारी, वकील शामिल हुए। पूर्व प्रशासक उद्धव कर, डॉ. हासान इमाम खान, मनोवैज्ञानिक जशोबंत महापात्र, प्रमुख ने नशा मुक्ति पर अपने विचार दिये।

गौरतलब है कि प्रदेश में पहले चरण में 15 जिलों में नशा मुक्ति अभियान चल रहा है। इस वर्ष यह अभियान सभी जिलों तक पहुंच गया है। जागरूकता के लिए 10 जिलों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। 500 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया है। बैठक का संचालन अपर प्रशासनिक सचिव संतोष कुमार प्रधान, निदेशक नियति पटनायक ने किया।

# वेदांता एल्युमीनियम ने पेटेंट पोटलाइनिंग तकनीक के माध्यम से ऊर्जा दक्षता में सफलता की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर, भारत में सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपने एल्युमीनियम स्मेल्टरों में 'बर्तन' के अस्तर डिजाइन में एक महत्वपूर्ण नयी सफलता की घोषणा की। इन स्मेल्टरों में कई पॉटलाइन हैं, जो भीतर लंबी इमारतें हैं स्मेल्टर जिसमें 'बर्तन' या बड़ी इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं की एक श्रृंखला होती है, जिसके भीतर गलाने के माध्यम से एल्यूमीनियम का उत्पादन किया जाता है। 'वेदांता लाइनिंग डिजाइन' एक पेटेंट, ऊर्जा-कुशल तकनीक है जो बढ़ी हुई ऊर्जा दक्षता और गलाने वाले बर्तनों के जीवनकाल में वृद्धि के दोहरे लाभ प्रदान करती है, जिससे उत्पादित एल्यूमीनियम के प्रति टन ऊर्जा की खपत 200 से 250KWh तक कम हो जाती है। इस नवाचार को भारत के माननीय राष्ट्रपति, की उपस्थिति में, अपने राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार (एनईईआईए) 2023 के हिस्से के रूप में विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा भी मान्यता दी गयी है। द्रौपदी मुर्मू। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर, यह प्रतिष्ठित सम्मान वैश्विक एल्यूमीनियम उद्योग के भीतर परिवर्तनकारी नवाचारों के माध्यम से ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता की एक मजबूत पुष्टि के रूप में आता है। उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा (एसडीजी9) जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन (एसडीजी12) और जलवायु कार्रवाई (एसडीजी13)। नयी लाइनिंग तकनीक संख्यात्मक कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग तकनीकों का उपयोग करके डिजाइन की गयी थी जो गलाने वाले बर्तनों के भीतर विद्युत और थर्मल व्यवहार का अनुकरण करती है। साल भर के सफल परीक्षण के बाद, डिजाइन अब ओड़िशा के वेदांता झारसुगुड़ा सहित इसके स्मेल्टरों में तैनात होने के लिए तैयार है। दुनिया का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम स्मेल्टर, और बाल्को, भारत का प्रतिष्ठित एल्यूमीनियम स्मेल्टर, कोरबा, छत्तीसगढ़ में स्थित है। अकेले झारसुगुड़ा में इसके सबसे बड़े स्मेल्टर पर पूर्ण तैनाती से प्रति वर्ष उत्पन्न 3.86 लाख $tCO_2e$ (कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष टन) तक जीएचजी उत्सर्जन को कम करने का अनुमान है। के ऊर्जा संरक्षण प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ, जॉन स्लेवेन ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम में, जलवायु कार्रवाई एक प्रमुख रणनीतिक स्तंभ और व्यावसायिक अनिवार्यता है, जो हमारे कार्बन पदचिह्न के शमन और ऑफसेटिंग की दो-आयामी रणनीति के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है।


आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबहः 07.00–10.00 से दोपहरः 03.00–8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors : bathsense ESSESS Flowkem Glocera m-seal ASTRAL Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

MSME JAS-ANZ IAF
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**